# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 02 सितंबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –296 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ कदम चांद पर लेकिन... ■ गुटनिरपेक्षता से लेकर... 04
■ अब भारत दुनिया के लिए सबसे ज्यादा... ■ ब्रिटेन ने गैबॉन में असंवैधानिक सैन्य... 09
■ शेयर बाजार गुलजार, सेंसेक्स 556 अंक उछला ■ हवाई सफर होगा महंगा, एविएशन फ्यूल... 11
■ 4 साल बाद होगा भारत-पाक.. ■ गोल्ड से चूके नीरज... 10

## भारत अब सूर्य की ओर..



# 'आदित्य एल-1' की लॉन्चिंग आज

### रिहर्सल भी हुई पूरी

**श्रीहरिकोटा।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब इसरो अपने पहले सूर्य मिशन को लॉन्च करने वाला है। इसरो 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से आदित्य एल-1 मिशन को लॉन्च करेगा । इसरो ने बताया कि रॉकेट लॉन्च का रिहर्सल और मिशन से जुड़े सभी यंत्रों का सफल परीक्षण कर लिया गया है। बता दें कि आदित्य एल-1 को पीएसएलवी-एक्सएल सी-57 रॉकेट की मदद से अंतरिक्ष में पहुंचाया जाएगा।

मिशन के लॉन्च से पहले इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा कि-आदित्य एल-1 मिशन को लॉन्च करने की तैयारी जारी है। मिशन 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस स्टेशन से लॉन्च किया जाएगा। इसरो आदित्य एल-1 की मदद से सूरज से निकलने वाली किरणों का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 को सूरज और पृथ्वी के बीच में लैरेंज प्वाइंट-1 में रखा जाएगा। पृथ्वी से एल-1 प्वाइंट की दूरी करीब 15 लाख किमी है।

इसरो प्रमुख ने कहा कि आदित्य एल-1 मिशन सूर्य के बारे में और जानकारी हासिल करने के लिए इसरो का पहला डेडिकेटेड अंतरिक्ष मिशन है। लॉन्च के लिए तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। रॉकेट और सैटेलाइट तैयार हैं। लॉन्च के लिए रिहर्सल भी पूरी हो चुकी है।

इसरो अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के तहत सूरज से निकलने वाली किरणों का जांच करेगा। आदित्य एल-1 को सूरज और पृथ्वी के बीच में लैरेंज प्वाइंट-1 पर रखा जाएगा। आदित्य एल-1 में लगे 7 पेलोड्स सूरज से निकलने वाली विभिन्न किरणों का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 सूरज के कोरोना से निकलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं की स्टडी भी करेगा। इसरो इस मिशन की मदद से सौर वायुमंडल को समझने का प्रयास कर रहा हैं ।

# 'एक देश एक चुनाव' पर विचार करने मोदी सरकार ने बनाई समिति, कोविंद होंगे अध्यक्ष

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** 'एक देश, एक चुनाव' के मामले पर मोदी सरकार गंभीरता के साथ विचार कर रही है। इसकी संभावनाओं पर विचार के लिए सरकार ने एक समिति का गठन कर दिया है, जिसके अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बनाए गए हैं। इस संबंध में जल्दी ही नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है। दरअसल केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र भी बुलाया है, जिसका एजेंडा अभी तक नहीं बताया है। लेकिन कयास लग रहे हैं कि शायद विशेष सत्र एक देश एक चुनाव को लेकर ही बुलाया गया है। हालांकि सरकार की ओर से अब तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।



संसदीय कार्य मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि जी-20 देशों की मीटिंग के बाद ही विशेष सत्र का एजेंडा तय किया जाएगा। लेकिन अब समिति के गठन के बाद यह कयास और तेज हो गए हैं कि विशेष सत्र 'एक देश एक चुनाव' पर चर्चा के लिए ही बुलाया गया है। लेकिन एक सवाल यह भी है कि क्या 'एक देश एक चुनाव' पर बनाई गई समिति 15 दिनों में ही अपनी रिपोर्ट सौंप देगी, जिस पर संसद में चर्चा हो पाए।

बीते कुछ सालों में श्री मोदी कई बार लोकसभा चुनाव और राज्यों के विधानसभा चुनावों को साथ कराए जाने का सुझाव दे चुके हैं। उधर इसी साल नवंबर और दिसंबर तक 5 राज्यों में चुनाव होने हैं। कयास यह भी लग रहे हैं कि यदि वन नेशन, वन इलेक्शन पर मुहर लगती है तो फिर ये चुनाव भी टाले जा सकते हैं। इस संबंध में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात कर चर्चा की है।

# सीधी में शिवराज के जनदर्शन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



### लाड़ली बहना सेना, लाड़ली लक्ष्मी बेटियों और आमजन ने किया जगह-जगह स्वागत

**सीधी/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सीधी आगमन पर सीधी वासियों ने उत्साहवर्धक नारों, ढोलढमाकों और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रसन्नता और उल्लास प्रकट करते हुए उनका स्वागत किया। जनदर्शन में भारत माता की जय तथा वंदेमातरम की घोष के साथ मुख्यमंत्री श्री चौहान पर निरंतर पुष्पवर्षा होती रही और मुख्यमंत्री श्री चौहान का विकास पर्व रथ अपार जन समुदाय के साथ आगे बढ़ता रहा। जनदर्शन के दौरान लाड़ली लक्ष्मी बेटियों, लाड़ली बहना सेना, युवाओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संगठनों एवं विभिन्न समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का पुष्प-वर्षा तथा माला से स्वागत किया।

# 'इंडिया' गठबंधन की समन्वय समिति में 14 सदस्य

## तीसरी बैठक में 'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया' थीम पर चुनाव लड़ेंगे का किया ऐलान

- अगली बैठक में गठबंधन के लोगो व संयोजक का ऐलान किया जाएगा
- तीस सितम्बर तक लिया जाना है सीट बंटवारे पर फैसला

**मुंबई,( एजेंसियां )।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के मकसद से बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक मुंबई में हुई। 31 अगस्त और 1 सितम्बर को हुई इस बैठक में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस के चुनाव लड़ने के लिए जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम तय की गई है। शुक्रवार की बैठक में को-ऑर्डिनेशन कमेटी का ऐलान हुआ है, जिसमें 14 सदस्य होंगे। गठबंधन के लोगों और संयोजक का ऐलान अगली मीटिंग में किया




जाएगा। जबकि सीट शेयरिंग पर फैसला 30 सितंबर तक लिया जाना है। **14 सदस्यीय कमेटी में 1 सीएम, एक डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री**-विपक्ष की कमेटी में 1 सीएम, 1 डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री, 5 राज्यसभा और 2 लोकसभा सांसदों को जगह दी गई है। इसके अलावा लेफ्ट से दो नेताओं को कमेटी में शामिल किया गया है। कमेटी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव। जम्मू-कश्मीर से दो पूर्व मुख्यमंत्री- उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती हैं। पांच राज्यसभा सांसद हैं केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), संजय राउत (शिवसेना यूबीटी), शरद पवार (एनसीपी), राघव चड्ढा (आप) और जावेद अली खान (सपा)। लोकसभा के दो सांसद, ललन सिंह, अभिषेक बनर्जी, डी राजा और एक सदस्य सीपीआई (एम) से शामिल किया गया है। सीपीआई (एम) के सदस्य के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

**सितम्बर के दूसरे हफ्ते से कार्यक्रम हो जाएंगे शुरू**-सूत्रों ने बताया कि, विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक में तय हुआ है कि सीट आबंटन का फॉर्मूला राज्य स्तरीय स्थानीय ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर



### मुख्यमंत्री आज करेंगे दीनदयाल रसोई के तीसरे चरण का शुभारंभ और आवासीय भूमि के पट्टों का वितरण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 2 सितम्बर को सुबह 10 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र के आवासीय भूमि के पट्टों का वितरण भी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि योजना के तीसरे चरण में 66 नगर पालिकाओं में स्थाई रसोई केन्द्रों का शुभारंभ होगा। इन्हें मिलाकर अब प्रदेश में 166 दीनदयाल स्थायी रसोई केन्द्रों से पांच रूपये में पौष्टिक भोजन मिलेगा, साथ ही 38 हजार से अधिक आवासहीनों को आवास के लिए भूमि के पट्टे वितरित किये जायेंगे।

**नौसेना** | सागर में और बढ़ी ताकत

# भारत ने समुद्र में उतारा 'बाहुबली, युद्धपोत महेंद्रगिरी



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का नवीनतम युद्धपोत 'महेंद्रगिरी' शुक्रवार को लांच किया गया। यह लांचिंग उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ ने मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में की। यह प्रोजेक्ट 17ए का सातवां युद्धपोत है।

प्रोजेक्ट 17 ए पोत परियोजना, प्रोजेक्ट 17 (शिवालिक क्लास) को आगे बढ़ाने वाली परियोजना है। इस परियोजना में शामिल युद्धपोतों में कई तरह की विशेषताएं शामिल हैं। इसमें उन्नत श्रेणी के हथियारों के अलावा, सेंसर्स और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम है। साथ ही इसमें बेहतर गोपनीयता से जुड़े अन्य फीचर्स पर भी ध्यान दिया गया है। प्रोजेक्ट 17 ए के तहत पिछले पांच युद्धपोतों को 2019 और 22 के बीच लॉन्च किया गया था। महेंद्रगिरी युद्धपोत की खासियतों की बात करें तो यह बेहद विशाल और शक्तिशाली है। अधिकारियों के मुताबिक इसकी लंबाई 149 मीटर, चौड़ाई 17.8 मीटर और इसकी टॉप स्पीड 28 नॉट्स होगी। महेंद्रगिरि प्रोजेक्ट 17 ए का अंतिम युद्धपोत है।

परियोजना के तहत चार युद्धपोत मझगांव डॉक पर बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कोलकाता में बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट 17 ए युद्धपोत के सभी प्रोजेक्ट्स फिलहाल निर्माण की अलग-अलग अवस्था में हैं। उम्मीद है कि इन्हें 2024 से 2026 के बीच नेवी को सौंप दिया जाएगा।

इस युद्धपोत की लांचिंग मील का पत्थर है। नेवी ने एक बयान में कहा कि नया बना महेंद्रगिरि तकनीकी रूप से उन्नत युद्धपोत है। स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के भविष्य की ओर खुद को आगे बढ़ाते हुए अपनी समृद्ध नौसैनिक विरासत को गले लगाने के भारत के दृढ़ संकल्प के प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह लांचिंग ऐसे समय में हुई है जब डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

34 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
A NAAC

M.Sc. ADMISSION NOTICE 2023-24
Master of Science - 2 Years

We are a Research-intensive, Multi-disciplinary University that values high-quality teaching in a milieu of globally competitive, high-end research. The University is proud to announce industry oriented M.Sc. programs for the academic session 2023-24.

Our M.Sc. programs offer a unique blend of theoretical knowledge and practical skills, preparing students to excel in their chosen fields and contribute meaningfully to the scientific community.

PROGRAMS OFFERED:
M.Sc. Biotechnology
M.Sc. Bioinformatics
M.Sc. Biomedical Science
M.Sc. Blockchain Technology
M.Sc. Clinical Research
M.Sc. Cyber Security
M.Sc. Data Science
M.Sc. Geo-informatics
M.Sc. Intellectual Property Rights
M.Sc. Mathematics
M.Sc. Medical Physics
M.Sc. Microbiology

Each program has 20 seats available, ensuring a personalized learning experience and fostering close relationships between students and faculty members.
Admission on the basis of CUET-PG 2023 / Academic Merit

Why to choose Shobhit University for M.Sc. Programs

Interdisciplinary Research Thrust Areas
We are committed to advancing interdisciplinary research across various domains. Our research areas encompass molecular target identification, immunology, nanomedicine, mushroom technology, anti-microbial studies of phytochemicals, and more. We foster collaboration between faculty and students to create impactful projects.

Recognitions and Accreditations
Acknowledged as a Scientific and Industrial Research Organization (SIRO) by the Min. of Science and Technology, Govt of India, Shobhit University stands as a recognized institution in the field. This recognition underscores our dedication to scientific and industrial research.

Seed Money for Research and Consultancy Work
We empower our faculty and students to drive research and consultancy initiatives by offering seed funding and incentives. This approach not only supports faculty research endeavors but also fuels the generation of novel knowledge and innovations.

Industry-Oriented Programs
In alignment with our commitment to producing graduates well-prepared for the professional world, our programs are designed with a strong industry orientation. By incorporating real-world case studies, practical projects, and industry collaborations, we ensure that our students acquire the skills and knowledge needed to excel in their chosen fields.

Spot Admission Counseling [02nd - 15th Sept 2023; Time: 10am - 4pm; Venue: Outreach Cell, University Campus]

Documents Required for Counseling
- Original High School, Intermediate, Graduation marksheets, and degree certificate with one self attested copy of each.
- Valid Identity proof with one self attested copy.
- Three Passport size photographs.

To apply online visit: admission.shobhituniversity.ac.in

Important Note:
- Please ensure that the Admission Application Form is filled in offline/ online mode before attending the counseling.
- To confirm Admission, an amount of Rs.10000/- shall be deposited through Cash/Online/Demand Draft on allotment of seat, which shall be adjusted in the academic fee.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be University]
Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in
8755087739 / 9870265521
SCAN TO APPLY

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**-इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक में भी सीटों के बंटवारे और संयोजक पर फैसला नहीं हो सका।

**चुहिया- हां प्रिये**- लगता है जिन विषयों पर गर्मागर्मी हो सकती है उन्हें ठंडा होने देने के लिए छोड़ा जा रहा है।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला, 9 जवानों की मौत, 17 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में आत्मघाती बम विस्फोट की घटना सामने आई है। इसमें पाक सेना के 9 जवानों की मौत हो गई है। जबकि 17 से ज्यादा सिपाही घायल हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार हमलावर मोटर साइकिल पर सवार हो कर आया था। उसने खैबर पख्तूनख्वा के माली खेल इलाके में सुरक्षा बलों के काफिले पर हमला कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बन्नू डिवीजन में हुई इस घटना पर पाकिस्तान के कार्यवाहक पीएम अनवर उल हक काकर ने दुख जताया है। काकर ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा-केपीके के बन्नू डिवीजन में एक कायरतापूर्ण आतंकी हमले में 9 बहादुर सैनिकों की मौत से दिल टूट गया है। इस तरह का कृत्य निंदनीय हैं।

# अवैध शादी में जन्मी संतान वैध : सुप्रीम कोर्ट

- माता-पिता की अर्जित-पैतृक संपत्ति पर अधिकार
- ऐसे मामलों में बेटियां भी होंगी हकदार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा। ऐसे मामलों में बेटियां भी प्रॉपर्टी में बराबर की हकदार होंगी। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अवैध शादी से जन्मे बच्चे वैध होते हैं। माता-पिता की संपत्ति पर उनका उतना ही अधिकार है, जितना की वैध शादी में दंपती के बच्चे का होता है।

**संयुक्त हिंदू परिवार पर ही लागू होगा कोर्ट का फैसला**-हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 के तहत किसी शादी को दो आधार पर अमान्य माना जाता है- एक शादी के दिन से ही और दूसरा जिसे अदालत डिक्री देकर अमान्य घोषित कर दे। हिंदू सक्सेशन लॉ के आधार पर अमान्य शादियों में जन्मी संतान माता-पिता की संपत्ति पर दावा कर सकते हैं। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि उनका यह फैसला केवल हिंदू मिताक्षरा कानून के तहत ज्वाइंट हिंदू फैमिली की संपत्तियों पर ही लागू होगा।

अगर कोई शादीशुदा व्यक्ति अपने पति या पत्नी के जिंदा रहते, बिना तलाक के दूसरी शादी करता है तो ऐसी शादी को शून्य माना जाता है। वहीं जिस विवाह में किसी एक पक्ष द्वारा इसे रद्द करने का अनुरोध किया गया हो तो उसे शून्यकरणीय विवाह कहते हैं। शून्य विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 11 के तहत निपटाया जाता है। वहीं शून्यकरणीय विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 12 के तहत निपटाया जाता है।

**साल 2011 की याचिका पर आया फैसला**-सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 2011 में दायर एक याचिका पर सुनाया, जिसमें हिंदू विवाह अधिनियम, धारा 16(3) को चुनौती दी गई थी। इस एक्ट के तहत अवैध शादी से पैदा हुए बच्चे केवल अपने माता-पिता की संपत्ति के हकदार हैं। माता-पिता की पैतृक का किसी दूसरी संपत्ति पर उनका अधिकार नहीं होता।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### इंडिया गठबंधन की.....

गठबंधन द्वारा तय किया जाएगा। इसके साथ ही जिन सीटों पर गणित मेल नहीं खा रहा है, उन सीटों पर समन्वय समिति फैसला करेगी। वहीं सितंबर के दूसरे सप्ताह से देशभर में विभिन्न स्थानों पर प्रमुख कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां समन्वय समिति मुख्य रूप से गठबंधन बनाने के कार्यक्रम चलाएगी। गठबंधन के लोगो पर सहमति नहीं बन पाई। इसलिए इसे तीसरी बैठक में लॉन्च नहीं किया गया। लोगो के 6 डिजाइन शॉर्ट लिस्ट हुए थे, जिनमें से एक सभी को पसंद आया, लेकिन इसमें कुछ बदलाव होने बाकी हैं। इस पर फैसला अगली मीटिंग में होगा। यह मीटिंग होटल ग्रैंड हयात में हुई। मीटिंग में प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जैसे-जैसे इंडिया मजबूत होगा तो उसके सदस्यों पर छापे और गिरफ्तारियां भी बढ़ेंगी। बैठक के पहले दिन 31 अगस्त को 28 दलों के नेता शामिल हुए थे। इन्होंने कहा था कि वे देश और संविधान को बचाने के लिए साथ आए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विपक्षी गठबंधन की बैठक में आज लोगो लॉन्च हो जाना था लेकिन मीटिंग के दौरान जो डिजाइन दिखाया गया, वह लेफ्ट पार्टी को पसंद नहीं आया। इसके साथ ही कुछ अन्य दलों ने भी डिजाइन में बदलाव के सुझाव दिए। इसी वजह से लोगो के अनावरण का कार्यक्रम टाल दिया गया। अब जब लोगो के डिजाइन में बदलाव कर दिए जाएंगे और इसपर सबकी सहमति होगी तब इसका अनावरण किया जाएगा।

**दिल्ली में होगी इंडिया की अगली बैठक**-इंडिया गठबंधन की अगली बैठक के स्थल को लेकर एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि अगली बैठक दिल्ली में होगी। इस दौरान जब पत्रकार ने उनसे तारीखों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आप इसे कब आयोजित करना चाहते हैं, हम इसे उन तारीखों पर आयोजित करेंगे।

**विपक्ष एक होगा तो भाजपा का जीतना असंभव : राहुल गांधी**-राहुल गांधी ने कहा कि हमने इस बैठक में हमने कुछ बड़े स्टेप लिए हैं जो भी पार्टी इस इंडिया में है वो भाजपा को हराने के लिए यहां है। इस मंच पर जो दल हैं वो देश की 60 फीसदी जनका की प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि अब सीट बंटवारे पर चर्चा होगी। विपक्ष एक होगा तो भाजपा का जीतना असंभव होगा।

विकास में हम किसान गरीबों को साथ लेकर चलेंगे। केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के केंद में है और पीएम मोदी का एक कारोबारी के साथ गठजोड़ है जिसका नाम सब जानते हैं। इंडिया गठबंधन भाजपा और उसके भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा। मुझे विश्वास है कि इंडिया गठबंधन भाजपा को हराएगा और यहां मौजूद सभी नेता मतभेद भुलाकर एकसाथ हुए हैं। चीन को लेकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैं लद्दाख गया था और पेंगोंग लेक भी गया था। लद्दाख में चीन ने कब्जा कर लिया है ये मैंने देखा है। लद्दाख का हर एक आदमी जानता है केंद्र सरकार क्या कर रही है। आगे कहा कि पीएम मोदी जी-20 करा रहे हैं भारत की इज्जत का मामला है अदाणी मामले पर पीएम को जांच करनी चाहिए नहीं कराएंगे तो देश को पता लग जाएगा कि क्यों नहीं करा रहे हैं। भाजपा भारत के गरीब लोंगों से धन छीनकर कुछ अमीर लोगों को देती है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स एन.एस. रियल्टी प्रायवेट लिमिटेड, पता-प्लाट नं.-10/7, डी.नं.-11-20-12, प्रथम तल, हुडा काम्प्लेक्स, सरूर नगर, हैदराबाद, तेलंगाना 500035 (''विक्रेता'') जो कि नीचे वर्णित कृषि भूमियों के सभी प्रकार के भारों, दावों, आपत्तियों एवं बंधक से मुक्त स्पष्ट एवं विक्रय योग्य स्वामी एवं आधिपत्यधारी हैं, से मेरा पक्षकार क्रय करने का इच्छुक है। जिस किसी को भी इन भूमियों के संबध में विक्रय, दान, पट्टा, किरायेदारी, अनुज्ञा, विनिमय, बटवारा, बंधक, भार, धारणाधिकार, उत्तराधिकार, न्यास, रख-रखाव, कब्जा, सुखाधिकार, विक्रय करार, लंबित वाद, रोक-आदेश, कुर्की, विनिदिष्ट अनुतोश या अन्य कोई अधिकार के आधार पर वैध व वैधानिक दावा, अधिकार, हित, स्वत्व या मांग हो, वह इस प्रकाशन से 7 दिन में सभी विधिक दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। इसके पश्चात कोई दावा या आपत्तियॉं मान्य नहीं की जावेंगी तथा यदि कोई दावा या आपत्ति है भी तो उसका परित्याग किया जाना माना जावेगा।

**संपत्ति का विवरण**

ग्राम-बरौदामाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-6, 19/2, 43, 47/1 एवं 47/2 कुल रकबा-14.32हे. ग्राम-हूडमाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-6/2, 24/2, 27/2, 43/2, 51/4, 51/7 एवं 52 कुल रकबा-6.14हे.

स्थान-लखनादौन, दिनॉंक-01.09.2023

**प्रमोद कुमार जैन, अधिवक्ता**
**वार्ड क्रं.-5, लखनादौन, जिला-सिवनी,म.प्र.**
**मो.नं.-9425446193**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स वी एन एस रियल्टी प्रायवेट लिमिटेड, पता-फ्लेट नं.-303, वीना अपार्टमेंट, मकान नं. 7-1-60, धरम करन रोड, अमीरपेट, सिकंदराबाद, तेलंगाना 500016 (''विक्रेता'') जो कि नीचे वर्णित कृषि भूमियों के सभी प्रकार के भारों, दावों, आपत्तियों एवं बंधक से मुक्त स्पष्ट एवं विक्रय योग्य स्वामी एवं आधिपत्यधारी हैं, से मेरा पक्षकार क्रय करने का इच्छुक है। जिस किसी को भी इन भूमियों के संबध में विक्रय, दान, पट्टा, किरायेदारी, अनुज्ञा, विनिमय, बटवारा, बंधक, भार, धारणाधिकार, उत्तराधिकार, न्यास, रख-रखाव, कब्जा, सुखाधिकार, विक्रय करार, लंबित वाद, रोक-आदेश, कुर्की, विनिर्दिष्ट अनुतोश या अन्य कोई अधिकार के आधार पर वैध व वैधानिक दावा, अधिकार, हित, स्वत्व या मांग हो, वह इस प्रकाशन से 7 दिन में सभी विधिक दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। इसके पश्चात कोई दावा या आपत्तियॉं मान्य नहीं की जावेंगी तथा यदि कोई दावा या आपत्ति है भी तो उसका परित्याग किया जाना माना जावेगा।

**संपत्ति का विवरण**

ग्राम-बरौदामाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-17, 38, 39/1, 39/2, 41/2, 41/3, 49 एवं 81 कुल रकबा-15.34हे. ग्राम-हूडमाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-10/2 एवं 47/11 कुल रकबा-2.65हे.

स्थान-लखनादौन, दिनॉंक-01.09.2023

**प्रमोद कुमार जैन, अधिवक्ता**
**वार्ड क्रं.-5, लखनादौन, जिला-सिवनी,म.प्र.**
**मो.नं.-9425446193**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स एन.एस. कोलकाता रियल्टी प्रायवेट लिमिटेड, पता-प्लाट नं.-10/6, डी.नं.- 11-20-12, प्रथम तल, हुडा काम्प्लेक्स, सरूर नगर, हैदराबाद, तेलंगाना 500035 (''विक्रेता'') जो कि नीचे वर्णित कृषि भूमियों के सभी प्रकार के भारों, दावों, आपत्तियों एवं बंधक से मुक्त स्पष्ट एवं विक्रय योग्य स्वामी एवं आधिपत्यधारी हैं, से मेरा पक्षकार क्रय करने का इच्छुक है। जिस किसी को भी इन भूमियों के संबध में विक्रय, दान, पट्टा, किरायेदारी, अनुज्ञा, विनिमय, बटवारा, बंधक, भार, धारणाधिकार, उत्तराधिकार, न्यास, रख-रखाव, कब्जा, सुखाधिकार, विक्रय करार, लंबित वाद, रोक-आदेश, कुर्की, विनिर्दिष्ट अनुतोश या अन्य कोई अधिकार के आधार पर वैध व वैधानिक दावा, अधिकार, हित, स्वत्व या मांग हो, वह इस प्रकाशन से 7 दिन में सभी विधिक दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। इसके पश्चात कोई दावा या आपत्तियॉं मान्य नहीं की जावेंगी तथा यदि कोई दावा या आपत्ति है भी तो उसका परित्याग किया जाना माना जावेगा।

**संपत्ति का विवरण**

ग्राम-बरौदामाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-41/1, 45, 46, 50, 58, 60, 63 एवं 102 कुल रकबा-14.04हे. ग्राम-हूडमाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-33/3, 34 एवं 49 कुल रकबा-4.98हे.

स्थान-लखनादौन, दिनॉंक-01.09.2023

**प्रमोद कुमार जैन, अधिवक्ता**
**वार्ड क्रं.-5, लखनादौन, जिला-सिवनी,म.प्र.**
**मो.नं.-9425446193**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स बी.एस.एन.बाला रियल्टी प्रायवेट लिमिटेड, पता-प्लाट नं.-10/4, डी.नं.-11-20-12, प्रथम तल, हुडा काम्प्लेक्स, सरूर नगर, हैदराबाद, तेलंगाना 500035 (''विक्रेता'') जो कि नीचे वर्णित कृषि भूमियों के सभी प्रकार के भारों, दावों, आपत्तियों एवं बंधक से मुक्त स्पष्ट एवं विक्रय योग्य स्वामी एवं आधिपत्यधारी हैं, से मेरा पक्षकार क्रय करने का इच्छुक है। जिस किसी को भी इन भूमियों के संबध में विक्रय, दान, पट्टा, किरायेदारी, अनुज्ञा, विनिमय, बटवारा, बंधक, भार, धारणाधिकार, उत्तराधिकार, न्यास, रख-रखाव, कब्जा, सुखाधिकार, विक्रय करार, लंबित वाद, रोक-आदेश, कुर्की, विनिर्दिष्ट अनुतोश या अन्य कोई अधिकार के आधार पर वैध व वैधानिक दावा, अधिकार, हित, स्वत्व या मांग हो, वह इस प्रकाशन से 7 दिन में सभी विधिक दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। इसके पश्चात कोई दावा या आपत्तियॉं मान्य नहीं की जावेंगी तथा यदि कोई दावा या आपत्ति है भी तो उसका परित्याग किया जाना माना जावेगा।

**संपत्ति का विवरण**

ग्राम-बरौदामाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-75 एवं 76 कुल रकबा-1.70हे. ग्राम-हूडमाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-7, 31, 47/4, 51/1, 51/3, 54 एवं 63/6 कुल रकबा-11.63हे.

स्थान-लखनादौन,दिनॉंक-01.09.2023

**प्रमोद कुमार जैन, अधिवक्ता**
**वार्ड क्रं.-5, लखनादौन, जिला-सिवनी,म.प्र.**
**मो.नं.-9425446193**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स खलघाट रियल्टी प्रायवेट लिमिटेड, पता-प्लाट नं.-10/3, डी.नं.-11-20-12, प्रथम तल, हुडा काम्प्लेक्स, सरूर नगर, हैदराबाद, तेलंगाना 500035 (''विक्रेता'') जो कि नीचे वर्णित कृषि भूमियों के सभी प्रकार के भारों, दावों, आपत्तियों एवं बंधक से मुक्त स्पष्ट एवं विक्रय योग्य स्वामी एवं आधिपत्यधारी हैं, से मेरा पक्षकार क्रय करने का इच्छुक है। जिस किसी को भी इन भूमियों के संबध में विक्रय, दान, पट्टा, किरायेदारी, अनुज्ञा, विनिमय, बटवारा, बंधक, भार, धारणाधिकार, उत्तराधिकार, न्यास, रख-रखाव, कब्जा, सुखाधिकार, विक्रय करार, लंबित वाद, रोक-आदेश, कुर्की, विनिर्दिष्ट अनुतोश या अन्य कोई अधिकार के आधार पर वैध व वैधानिक दावा, अधिकार, हित, स्वत्व या मांग हो, वह इस प्रकाशन से 7 दिन में सभी विधिक दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। इसके पश्चात कोई दावा या आपत्तियॉं मान्य नहीं की जावेंगी तथा यदि कोई दावा या आपत्ति है भी तो उसका परित्याग किया जाना माना जावेगा।

**संपत्ति का विवरण**

ग्राम-बरौदामाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-4, 7, 10, 13, 18, 20, 40/1, 40/2, 66, 68 एवं 80 कुल रकबा-22.08हे. ग्राम-हूडमाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-6/4, 10/1, 10/3, 16, 18, 24/3, 27/3, 33/4, 40/1, 47/2, 51/2, 51/5, 51/6, 55/2, 55/3, 63/1 एवं 63/7 कुल रकबा-9.47हे.

स्थान-लखनादौन, दिनॉंक-01.09.2023

**प्रमोद कुमार जैन, अधिवक्ता**
**वार्ड क्रं.-5, लखनादौन, जिला-सिवनी,म.प्र.**
**मो.नं.-9425446193**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स एन एस (नार्थ 24 परगना) रियल्टी प्रायवेट लिमिटेड, पता-प्लाट नं.-10/5, डी.नं.- 11-20-12, प्रथम तल, हुडा काम्प्लेक्स, सरूर नगर, हैदराबाद, तेलंगाना 500035 (''विक्रेता'') जो कि नीचे वर्णित कृषि भूमियों के सभी प्रकार के भारों, दावों, आपत्तियों एवं बंधक से मुक्त स्पष्ट एवं विक्रय योग्य स्वामी एवं आधिपत्यधारी हैं, से मेरा पक्षकार क्रय करने का इच्छुक है। जिस किसी को भी इन भूमियों के संबध में विक्रय, दान, पट्टा, किरायेदारी, अनुज्ञा, विनिमय, बटवारा, बंधक, भार, धारणाधिकार, उत्तराधिकार, न्यास, रख-रखाव, कब्जा, सुखाधिकार, विक्रय करार, लंबित वाद, रोक-आदेश, कुर्की, विनिर्दिष्ट अनुतोश या अन्य कोई अधिकार के आधार पर वैध व वैधानिक दावा, अधिकार, हित, स्वत्व या मांग हो, वह इस प्रकाशन से 7 दिन में सभी विधिक दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। इसके पश्चात कोई दावा या आपत्तियॉं मान्य नहीं की जावेंगी तथा यदि कोई दावा या आपत्ति है भी तो उसका परित्याग किया जाना माना जावेगा।

**संपत्ति का विवरण**

ग्राम-बरौदामाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-11, 69, 70, 71 एवं 78 कुल रकबा-8.91हे. ग्राम-हूडमाल, तहसील-घंसौर, जिला-सिवनी, म.प्र. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-6/3, 12, 13, 14, 24/1, 27/4, 33/2, 38, 41, 42 एवं 45 कुल रकबा-12.24हे.

स्थान-लखनादौन, दिनॉंक-01.09.2023

**प्रमोद कुमार जैन, अधिवक्ता**
**वार्ड क्रं.-5, लखनादौन, जिला-सिवनी,म.प्र.**
**मो.नं.-9425446193**

### कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

क्र/सम्पत्ति/जविप्रा/3594 जबलपुर, दिनांक 01/09/2023

#### मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय-जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क्र. 7 अ सिविक सेंटर मढाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी, जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**मृत्यु उपरांत नामांकन की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | यो.क्रं. | भू./भ./दु.क्रं. | आवेदक का नाम पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 11 | भूखण्ड क्र. 94 | श्री समीर विजय भागवत एवं श्री अनिरुद्ध भागवत पिता स्व. श्री विजय गोविंद भागवत पता- दया नगर, यादव कालोनी, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर | श्री विजय गोविंद भागवत की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 2. | 2 ए | भूखण्ड क्र. 51 | श्रीमति अंजु मिश्रा, कु. प्राची मिश्रा एवं कु. अर्निमा मिश्रा पति /पिता श्री शलभ कुमार मिश्रा पता-1819/ए, गुप्तेश्वर रोड, जबलपुर | श्री शलभ कुमार मिश्रा की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 3. | 2 बी | ईएसडब्लू क्र. डी-7 | श्रीमति सुनील मिश्रा पिता स्व. श्री शिवकुमार मिश्रा पता- ईडब्लूएस / डी- 7, जेडीए कालोनी, जबलपुर | श्री शिव कुमार मिश्रा की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 4. | 03 | भूखण्ड क्र. 187 | श्री संदीप दवे, श्री संजय दवे एवं श्री सचिन दवे पिता स्व. श्री श्याम शंकर दवे पता- 187, रविन्द्र नगर, अधारताल, जबलपुर | श्रीमती सरला दवे की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 5. | 05 | भूखण्ड क्र. 36 | श्रीमति कुसुमरानी शिवहरे एवं अन्य पति स्व. श्री हरिराम शिवहरे पता- 5/35, कृषि उपज मंडी, दमोहनाका, जबलपुर | श्री हरिराम शिवहरे की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 6. | 05 | भूखण्ड क्र. 1050 | श्री आनंद कुमार खत्री पिता स्व. श्री भावनदास खत्री एवं श्री विजय कुमार खत्री पिता श्री आनंद कुमार खत्री पता- 25 //9 राइट टाउन, जबलपुर | श्रीमती आशा खत्री की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 7. | 05 | भूखण्ड क्र. 81 | श्रीमति वेणुका मिश्रा पति श्री आनंद मिश्रा पता- 130, गंजीपुर हरदौल मंदिर के पास, जबलपुर | श्रीमती निर्मला अग्निहोत्री तिवारी की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

**संपदाधिकारी**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

### संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर, भोपाल, मध्यप्रदेश

क्रमांक/01/विज्ञप्ति/सेल-संविदा/2023/960 भोपाल, दिनांक 01/09/2023

#### //विज्ञप्ति//

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हेतु मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 925 चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की कार्यवाही ऑन लाईन काउंसलिंग के माध्यम से की जावेगी। इस प्रक्रिया में चिकित्सक को प्रथमत: ऑन लाईन पोर्टल पर पंजीकरण करना है। ऑन लाईन काउंसलिंग संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश, काउंसलिंग समय-सारणी एवं पोर्टल लिंक वेबसाईट www.health.mp.gov.in पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

अपर संचालक (विज्ञप्त)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

G- 19108/23

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर
#### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.0044 / अ- 6 वर्ष/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 13/09/2023 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 11 | कंदेली | 30/4 | 1170 वर्गफुट | गुरूप्रसाद, हरप्रसाद रामप्रसाद, शिवशंकर पिस.चूरामन, श्रीमति मुल्लाबाई, ललताबाई छोटीबाई पिस. चूरामन, मु. केशरबाई बेवा चूरामन गडरिया | रज्जोबाई पत्नि कैलाशपाल, वीरेन्द्र पाल, आ. कैलाश, ईश्वर आ. कैलाश, हरप्रसाद आ. चूरामन, राजेश पप्पू पाल आ. रामप्रसाद शिवशंकर आ. चूरामन पाल निवासी कंदेली |

आज दिनांक- 22/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### (मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-ग 3 के अंतर्गत)
#### सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जबलपुर थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्या. जबलपुर जि. जबलपुर पंजी. क्र. 27 क्रमांक / नि.आ./23/02, जबलपुर, दिनांक 01.09.23

#### सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन सम्पन्न होना है। अतएव सोसाइटी का अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय प्रथम तल, सुपर बाजार, गंजीपुरा, जबलपुर के नोटिस बोर्ड, संयुक्त /उप आयुक्त, सहकारिता कार्यालय, संबंधित विकास खण्ड कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 01.09.23 को किया गया हैं। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 01.09.23 से दिनांक 08.09.23 के भीतर समय दोप 1.00 बजे से 5.00 बजे तक लिखित में आपत्ति धनीराम त्रिपाठी को संस्था कार्यालय प्रथम तल, सुपर बाजार, गंजीपुरा, जबलपुर अथवा मुझे कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, अपेक्स बैंक बिल्डिंग द्वितीय तल, सिविक सेंटर, जबलपुर में समय दोपः 01.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 09.09.23 को दोप. 12.00 बजे से किया जायेगा।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य को कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा।

**प्रशांत कौरव**
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
जबलपुर थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार. मर्या.
जबलपुर जि. जबलपुर पंजी. क्र. 27

### इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

**अंचल कार्यालयः जय स्तंभ चौक, सतना**
**फोन नं.: 07672 - 414418, 414406**

#### विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **''जहाँ है जैसी है एवं बिना कोई आधार के''** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः (1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उमरी | ऋणी- 1. श्री अखिलेश चन्द्र खरे पिता श्री जे.पी. खरे, खरे कुंज, मकान नं. 369, गली नं. 09, नार्थ जवाहर नगर, सतना- 485001 सह- ऋणी एवं बंधककर्ता- 2. श्रीमति रूपाली खरे पत्नि श्री अखिलेश चंद्र खरे, खरे कुंज, मकान नं. 369, गली नं. 09, नार्थ जवाहर नगर, सतना- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं भवन सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति रूपाली खरे पत्नि श्री अखिलेश चन्द्र खरे, स्थित अराजी खसरा नं. 371/15Ka/1A/74/8, एरिया- 2352 वर्गफुट या 218.58 वर्गमीटर (उत्तर से दक्षिण- 42 फुट एवं पूर्व से पश्चिम- 56 फुट) स्थित मौजा सतना वार्ड नं. 28, प.ह.नं.- 96, आर.आई. सर्किल- सतना।, ब्लॉक- सोहावल, तहसील- रघुराज नगर, जिला- सतना, चतुर्सीमाः उत्तर- भल्लू यादव का मकान, दक्षिण- 3 फुट पैसेज विक्रेता की अराजी, पूर्व- प्रस्तावित कच्चा पैसेज विक्रेता की भूमि, पश्चिम- भल्लू यादव एवं अन्य की अराजी। Property ID No. IDIB6305776268 | 26-09-2022 28-12-2022 Rs. 8,75,127/- + ब्याज 26.09.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 36,00,000/- Rs. 3,60,000/- Rs. 20,000/- दि. 20-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 2 | सतना मेन | ऋणी- 1. मेसर्स महामृत्युंजय ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी प्रा.लि., 73, ग्राम- चोरहटा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (म.प्र.)- 486001 2. श्री संगीत कुमार तिवारी (डायरेक्टर) पिता श्री रामसजीवन तिवारी, ग्राम- चोरहटा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (म.प्र.)- 486001 3. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद तिवारी (डायरेक्टर) पिता श्री रामसजीवन तिवारी, ग्राम- चोरहटा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (म.प्र.)- 486001 4. श्री आशुतोष कुमार तिवारी (डायरेक्टर) पिता श्री रामसजीवन तिवारी, ग्राम- चोरहटा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (म.प्र.)- 486001 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग सम्पत्ति स्वामी- श्री संगीत कुमार तिवारी पिता श्री रामसजीवन तिवारी, स्थित एन.एच.-7, रिलायंस पेट्रोल पम्प एवं मारूति शोरूम के पास, मौजा- चोरहटी, पटवारी हल्का नं. 29, वार्ड नं. 04, ग्राम- चोरहटा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा, खसरा नं. 143/3, एरिया- 0.308 हेक्टे. या 33144 वर्गफुट। चतुर्सीमाः उत्तर- अवधेश शुक्ला की भूमि, दक्षिण- एन.एच.- 07 रोड, पूर्व- राम मिलन शुक्ला की भूमि, पश्चिम- शासकीय नाला। Property ID No. IDIB50389366039 | 20-01-2020 25-09-2020 Rs. 3,41,67,207/- + ब्याज 20.01.2020 से एवं अन्य खर्च | Rs. 4,77,00,000/- Rs. 47,70,000/- Rs. 1,00,000/- दि. 20-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 3 | सतना एसएमई | ऋणी- 1. मेसर्स अंजनेय एसोसिएट्स (प्रोपाईटर श्री प्रियांश भट्ट), गली नं.-4, कपूर सर्विसिंग के पास, प्रेम नगर, सतना (म.प्र.)- 485001 प्रोपाईटर/बंधककर्ता- 2. श्री प्रियांश भट्ट पिता श्री नरेन्द्र कुमार भट्ट, गली नं.- 3, प्रेम विहार कॉलोनी, प्रेम नगर, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग आवासीय प्लाट सम्पत्ति स्वामी- श्री प्रियांश भट्ट पिता स्व. श्री नरेन्द्र कुमार भट्ट, स्थित खसरा नं. 374/1/B/6/5 एरिया- 1260 वर्गफुट स्थित ग्राम- धवारी, प.ह.नं.- 96, वार्ड नं. 31, आर.आई. सर्किल- सतना 1, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना। चतुर्सीमाः उत्तर- प्रस्तावित अर्द्धनिर्मित रास्ता, दक्षिण- श्री कृष्ण कुमार की अराजी, पूर्व- श्री श्रवण कुमार की अराजी, पश्चिम- श्री कृष्ण कुमार की अराजी। Property ID No. IDIB50361696468 | 02-12-2019 27-02-2020 Rs. 53,02,099/- + ब्याज 02.12.2019 से एवं अन्य खर्च | Rs. 16,87,500/- Rs. 1,68,750/- Rs. 25,000/- दि. 20-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 4 | कटनी मुड़वारा | ऋणी- 1. मेसर्स प्रबल फार्मा (प्रोप. श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी), गंगा प्लायवुड के पीछे, प्रथम तल, हीरागंज, कटनी प्रोप्राइटर/ बंधककर्ता- 2. श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी पिता लक्ष्मण सिंह, मकान नं. 526, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 03, कुठला, जिला- कटनी | सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय मकान, सम्पत्ति स्वामी- श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी पिता श्री लक्ष्मण सिंह तिवारी, स्थित कुठला, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 3, पटवारी हल्का नं. 40/50, न.बं. 363, खसरा नं. 84/48, एरिया- 616 वर्गफुट, कटनी। चतुर्सीमाः उत्तर- रास्ता, दक्षिण- डॉ. जैन का मकान, पूर्व- प्रस्तावित कच्चा रास्ता, पश्चिम- श्री लक्ष्मण सिंह तिवारी का मकान। Property ID No. IDIB50437430730 | 07-12-2020 01-03-2021 Rs. 21,16,176/- + ब्याज 07.12.2020 से एवं अन्य खर्च | Rs. 24,15,600/- Rs. 2,41,560/- Rs. 25,000/- दि. 20-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय- 20/09/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक,**
**ई-नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांकः 02/09/2023, स्थान- सतना प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# देश-प्रदेश

**उवाच**

**भारत एक हिंदू राष्ट्र है, भले कुछ लोग अपने स्वार्थ के चलते इसे स्वीकार न करें : भागवत**

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को एक बार फिर बड़ा बयान दिया। मोहन भागवत ने कहा, 'भारत एक हिंदू राष्ट्र है'। उन्होंने कहा कि भले ही कुछ लोग इसे स्वीकार करें या फिर नहीं, लेकिन यह सच्चाई है। आरएसएस चीफ ने यह बात नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कही। आरएसएस चीफ का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक चल रही है। इस बीच उनका यह बयान सियासी सरगर्मी बड़ा सकता है। मोहन भागवत ने कहा, 'भले ही कुछ लोग अपने स्वार्थों के चलते इसे स्वीकार न करें, लेकिन यह सच है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है।'



सीधी में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री कई कार्यक्रमों में भूमिपूजन-शिलान्यास किया, की घोषणाएं

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की जाएगी



- सेमरिया बनेगी नगर परिषद, हनुमानगढ़ बनेगी तहसील
- गिजवार में खुलेगा सीएम राईज स्कूल

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश की आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाया जाएगा और सीधी में मेडिकल कॉलेज में खुलेगा, गिजवार में सीएम राईज स्कूल खोला जाएगा, सेमरिया को नगर परिषद, हनुमानगढ़ को तहसील बनाया जाएगा और पटपरा क्षेत्र के 35 गांवों में सिंचाई सुविधा के लिए लिफ्ट एरिगेशन स्कीम लागू की जाएगी।

यह घोषणा आज सीधी में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गरीब परिवारों के 31 अगस्त तक जो बिजली के अधिक राशि के बिल आए हैं, उन्हें सरकार भरेगी। इसके लिए 8 हजार करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। जनता के सहयोग से सीधी जिले और प्रदेश का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने समारोह में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उन्होंने यहां मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्री चौहान ने यहां करोड़ों रुपयों के भूमिपूजन और शिलान्यास किए। उन्होंने ने जिलेवासियों को मेडिकल कालेज, रामपुर नैकिन में सौ बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल के साथ ही 176 करोड़ रुपए के निर्माण और विकास कार्यों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 165 करोड़ 74 लाख रुपए के 12 कार्यों का शिलान्यास तथा 10 करोड़ 53 लाख रुपए के 7 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। समारोह में सीधी जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह मंत्री जनजातीय कार्य विभाग, राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह, विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह भी उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

## जन आशीर्वाद यात्रा के रथों को आज रवाना करेंगे वरिष्ठ नेता




**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्यप्रदेश में पांच स्थानों से जन आशीर्वाद यात्राएं निकाली जा रही हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 3 सितंबर को चित्रकूट से पहली जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे। अन्य यात्राओं के शुभारंभ अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जेडी नड्डा भी आएंगे।

इन यात्राओं के रथों को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश सह चुनाव प्रभारी अश्विनी वैष्णव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शनिवार सुबह 11 बजे हरी झंडी दिखाकर प्रदेश कार्यालय भोपाल से रवाना करेंगे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 3 सितम्बर से प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्राओं का शुभारंभ किया जा रहा है। ये यात्राएं 25 सितम्बर तक चलेंगी। इन यात्राओं के माध्यम से पार्टी के वरिष्ठ नेता जनता से आगामी चुनावों के लिए समर्थन एवं आशीर्वाद मांगेंगे। यात्राओं के लिए विशेष तौर पर तैयार किए गए जन आशीर्वाद रथों का प्रयोग किया जाएगा।

## पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा ने भाजपा छोड़ी



**भोपाल, देशबन्धु।** होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा के बड़े भाई और पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता में आने से रोकना हमारी मंशा है। कांग्रेस से चर्चा हुई थी लेकिन अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। भाजपा जिलाध्यक्ष को भेजे अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा कि मैं इस पत्र के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ रहा हूं। क्रृपया तदनुसार प्रदेश कार्यालय और आपके अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों को इस जानकारी भेजे।

नर्मदापुरम में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के आरोप लगाए, कहा कि संगठन में आए नए लोग पुरानों को दरकिनार कर रहे हैं, उनकी कोई पूछ परख नहीं होती, न ही संगठन में उनकी कोई सुनने वाला। इसके साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार, मंहगाई और बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया। श्री शर्मा ने नियुक्तियों में भ्रष्टाचार की बात करते हुए पटवारी भर्ती में घोटाले का जिक्र किया।

कांग्रेस पार्टी में जाने के सवाल पर पूर्व विधायक श्री शर्मा का कहना है कि फिलहाल उनका कांग्रेस में जाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने बताया कि हालांकि कुछ समय पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से उनकी मुलाकात हुई थी। श्री शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने भी उनसे सम्पर्क किया था। श्री शर्मा कौन सी पार्टी में जाएंगे फिलहाल इस बात को लेकर उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-

## 'एक देश, एक चुनाव' के लिए राज्यों की अनुमति जरूरी



### कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जल्द

**नीमच, देशबन्धु।** एक देश एक चुनाव को लेकर चल रही चर्चा के बीच पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि इसके लिए राज्यों की अनुमति जरूरी है। क्योंकि यह संविधान संशोधन का विषय है, यह केवल लोकसभा और राज्यसभा में पास होना पर्याप्त नहीं, इसमें राज्यों की अनुमति भी आवश्यक होगी।

उन्होंने यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जल्द ही जारी होगी परंतु फिर भी जिसे हमको इशारा करना है, हमने इशारा कर दिया है। कमलनाथ ने राज्य सरकार द्वारा 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाने के ऐलान पर कहा, 500 में सिलेंडर देने की बात मैंने ही की थी। भाजपा ने दो-तीन दिनों के लिए सिलेंडर को 450 रुपए में देने की बात की है। चलिए कम से कम मेरी मांग पर कुछ तो एक्शन लिया। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि आज प्रदेश का हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का शिकार है या भ्रष्टाचार का गवाह है। ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार की एक व्यवस्था बनी हुई है। मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार प्रदेश बनाया गया। प्रदेश की छवि देशभर में धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार होने के कारण प्रदेश में निवेश नहीं आ पाया और भयंकर बेरोजगारी व्याप्त है। राज्य सरकार की लाडली बहन योजना को लेकर कमलनाथ ने कहा कि आज शिवराज सिंह चौहान को 18 वर्षों के बाद बहनें याद आने लगी, किसान याद आने लगे, कर्मचारी याद आने लगे, संविदा कर्मचारी अतिथि शिक्षक आदि सब की याद आने लगी।

जनसंपर्क मंत्री ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा, कहा-

## विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचायें



**भोपाल, देशबन्धु।** जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में आज जनसंपर्क विभाग की समीक्षा की।

मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाये। बैठक में आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह नेविभागीय प्रचार-प्रसार गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। विधायक के.पी. त्रिपाठी, संचालक जनसंपर्क आशुतोष प्रताप सिंह एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरजेवाला-भंवर भोपाल पहुंचे, 3 दिन तक चलेंगी मैराथन बैठकें

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और विधानसभा चुनाव के लिए बनाई स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेन्द्र सिंह भोपाल पहुंच गए हैं। वह शनिवार से 3 दिनों तक प्रत्याशियों के चयन और अन्य चुनावी तैयारियों को लेकर मैराथन बैठकें लेंगे। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेता भी हिस्सा लेंगे।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में यह बैठकें रखी गई हैं। शनिवार सुबह 10 बजे से पहली बैठक पार्टी के जिलाध्यक्षों की होगी। इसके अलावा सुबह 11 बजे से प्रदेश कांग्रेस के दूसरे कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद श्री सुरजेवाला और श्री सिंह पार्टी के अलग-अलग प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य अजय सिंह टल्लू और सांसद सत्यगिरी उल्का भी मौजूद रहेंगे। श्री सुरजेवाला और श्री सिंह की मौजूदगी में 3 दिनों की मैराथन बैठकों के बाद वह दिल्ली लौट जाएंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इसके बाद जल्द ही कांग्रेस प्रत्याशियों के कुछ नामों की घोषणा की जा सकती है।



*प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला शुक्रवार शाम भोपाल पहुंचे। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह सहित अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया।*

## चंद्रमा पर भूकंप?, इसरो ने कहा-कंपन को रिकॉर्ड करने में कामयाब रहे

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के रोवर प्रज्ञान में अहम खुलासे हुए हैं। चंद्रमा पर भूकंप की जानकारी आई है। चंद्र भूकंपीय गतिविधि (आईएलएसए) पेलोड ने एक घटना दर्ज की, जो प्राकृतिक प्रतीत होती है।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस घटना के स्रोत की जांच की जा रही है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि- अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप (एपीएक्सएस) नामक उपकरण ने चंद्रमा पर गंधक के साथ-साथ अन्य छोटे तत्वों का भी पता लगाया है।



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा कि- चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर, जो चंद्रमा की सतह पर काम कर रहा है, चंद्रमा पर एक प्राकृतिक भूकंपीय घटना का पता लगाया है। इसरो ने यह भी कहा कि चंद्रयान-3 लैंडर पर भूकंपीय गतिविधि का पता लगाने वाले उपकरण मिशन के प्रज्ञान रोवर और अन्य पेलोड की गतिविधियों के कारण होने वाले कंपन को रिकॉर्ड करने में भी कामयाब रहे। चंद्रमा पर पहला माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम (एमईएमएस) प्रौद्योगिकी आधारित उपकरण ने रोवर की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया है। 26 अगस्त, 2023 को एक प्राकृतिक घटना को रिकॉर्ड किया है। इस घटना के स्रोत की जांच की जा रही है। पोस्ट में कहा गया, चंद्रयान-3 की यह खोज वैज्ञानिकों को क्षेत्र में गंधक (एस) के स्रोत के लिए नए स्पष्टीकरण विकसित करने के लिए विवश करती है- आंतरिक?, ज्वालामुखीय?, उल्कापिंड?,......? इसरो ने सुरक्षित रास्ते की तलाश में घूमते रोवर का एक वीडियो भी जारी किया।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया जिसमें 18 सेमी लंबे एपीएक्सएस को घुमाते हुए एक स्वचालित तंत्र दिखता है, जो डिटेक्टर हेड को चंद्र सतह के करीब पांच सेंटीमीटर की दूरी पर संरेखित करता है। छब्बीस किलोग्राम वजनी, छह पहियों वाला, सौर ऊर्जा से संचालित प्रज्ञान रोवर अपने वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग करके यह पता लगाने का काम कर रहा है कि दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानें किस चीज से बनी हैं। इसरो ने एक बयान में कहा कि एपीएक्सएस उपकरण चंद्रमा जैसे कम वायुमंडल वाले ग्रहीय पिंडों की सतह पर मिट्टी और चट्टानों की मौलिक संरचना के वास्तविक विश्लेषण के लिए सबसे उपयुक्त हैं।

## मणिपुर में बीते 3 दिन में 8 और मौतें

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर एक बार फिर सुलग उठा है। चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बॉर्डर पर बफर जोन में 29 अगस्त से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। पिछले तीन दिन में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा में 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आदिवासी संगठन आईटीएलएफ ने चुराचांदपुर में बंद का ऐलान किया है। आर्मी का कहना है कि महिला संगठन उन्हें हिंसाग्रस्त इलाकों में आगे जाने नहीं दे रहे हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र और मणिपुर सरकार को हिंसा प्रभावितों तक भोजन, दवाएं और बुनियादी सामान पहुंचाने का निर्देश दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सरकार से अलग-अलग संगठनों की नाकेबंदी से खुद निपटने को कहा। साथ ही ऑप्शन के तौर पर प्रभावित इलाकों में राशन की एयर ड्रॉपिंग की सलाह दी। मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को होगी।

**चुराचांदपुर में बंद का किया ऐलान**

प्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने किए व्यापक इंतजाम

## जी-20 की फुल ड्रेस रिहर्सल के चलते कई रास्ते बंद

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजधानी दिल्ली में सितंबर महीने में जी-20 समिट होना है। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। दिल्ली सरकार की तरफ से जी-20 समिट की वजह से 8, 9 और 10 सितम्बर को छुट्टी का ऐलान किया गया है। वहीं इससे पहले 2 और 3 सितम्बर को जी-20 समिट को लेकर शनिवार व रविवार को दिल्ली में वीआईपी अतिथियों के काफिले की गाड़ियों के साथ फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी। सबसे बड़ी चुनौती डेलिगेट्स की सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट से जुड़ी है। इसके लिए दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने भी व्यापक इंतजाम किए हैं।

**कई रास्ते रहेंगे डायवर्ट**-इस दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट के ठीक वैसे ही इंतजाम किए जाएंगे, जैसे जी-20 समिट के दौरान 8 से 10 सितंबर के बीच वीआईपी मूवमेंट के वक्त किए जाएंगे। ऐसे में दिल्लीवालों का यह वीकेंड मुश्किलों भरा साबित हो सकता है, क्योंकि रिहर्सल के चलते नई दिल्ली के कई प्रमुख रास्तों पर ट्रैफिक की आवाजाही रोकी जाएगी। इसके अलावा डीटीसी और क्लस्टर बसों के रूट भी डायवर्ट किए जाएंगे। साउथ दिल्ली के भी कुछ रास्तों पर असर पड़ेगा। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी कर लोगों से अपील की है कि रिहर्सल के मद्देनजर असुविधा से बचने के लिए वे मेट्रो का इस्तेमाल करें और जिन रास्तों पर जिस समय रिहर्सल होगी, उस समय सीमा के दौरान उन रास्तों से बचकर निकलें। रिहर्सल के दौरान डीटीसी और क्लस्टर बस सेवा बड़े पैमाने पर प्रभावित होंगी। सिटी बसें नई दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगी। जरूरत के अनुसार बसों को अलग-अलग रास्तों पर रोका या डायवर्ट किया जा सकता है।

### एयरपोर्ट जाने के लिए

लोग अपने निजी वाहनों के अलावा ऑटो-टैक्सी से भी एयरपोर्ट आ-जा सकेंगे। डायवर्जन के चलते सड़क मार्ग से जाने के दौरान कुछ जगहों पर ट्रैफिक कंजेशन मिल सकता है। ऐसे में एडवांस प्लानिंग करके और एक्स्ट्रा टाइम लेकर चलना पड़ेगा। सबसे आसान तरीका यह है कि नई दिल्ली से एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो लाइन के जरिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचें।

### यह रास्ते किए जाएंगे बंद

सरदार पटेल मार्ग, पंचशील मार्ग, कौटिल्य मार्ग, 11 मूर्ति, तीन मूर्ति, गोल मेथी, सी-हेक्सागन इंडिया गेट, मथुरा रोड, भैरों रोड-रिंग रोड, डॉ.जाकिर हुसैन मार्ग, सुब्रह्मण्यम भारती मार्ग, मानसिंह रोड गोल चक्कर, बिग्रेडियर होशियार सिंह मार्ग गोल चक्कर, यशवंत प्लेस गोल चक्कर, सत्य मार्ग-शांति पथ गोल चक्कर, मोती लाल नेहरू मार्ग गोल चक्कर, जनपथ-कर्तव्य पथ क्रॉसिंग, विंडसर प्लेस गोल चक्कर, क्लैरिजेस होटल गोल चक्कर, विवेकानंद मार्ग, मोती बाग फ्लाईओवर के नीचे, लोधी रोड फ्लाईओवर के नीचे, चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के नीचे, प्रेस एनक्लेव रोड-लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, चिराग दिल्ली, जोसेफ टीटो मार्ग-सीरी फोर्ट रोड और शेरशाह रोड।


**नाम एवं जन्म तिथि परिवर्तन**

मैं सरस्वती रामासामी माता नंJC-380264L सूबेदार वेलमुरुगन यस आर पता एवं डाकखाना-सिरुकलातूर, तहसील- सिंधुरई, जिला-अरियालूर, प्रदेश- तमिल नाडु, पिन नं- 621710 मैं अपना नाम तथा जन्म तिथि श्रीमती आर सरसुतथा जन्म तिथि 01 जुलाई 1950 से श्रीमती सरस्वती रामासामी एवं जन्म तिथि 01 जुलाई 1952 दिनांक 29 अगस्त 2023 के प्रतिज्ञापत्र के जरिये बदलाव नोटरी जबलपुर (मध्यप्रदेश)में किया है. आरसरसु

**पहले नाम - श्रीमती आरसरसु**
**परिवर्तन के बाद-श्रीमती सरस्वती रामासामी**
**पहले जन्म तिथि - 01 जुलाई 1950**
**परिवर्तन के बाद जन्म तिथि - 01 जुलाई 1952**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO JC-453248Y, RANK- NB SUB (CLK), NAME- VIRENDER, UNIT- GRC JABALPUR MP 482001 R/O VILLAGE- DIGHAL, POST- DIGHAL, TEH- BERI, DISTT- JHAJJAR, STATE- (HAR) शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम ESHAN एवं मेरी पुत्री का नाम ECCHA दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम ISHAN एवं मेरी पुत्री का सही नाम ICHCHHA है जो कि उनकी मार्कशीट, आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, मेरे पुत्र एवं पुत्री के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13768284A Rank NK Name SANDESH SUBBA of Presently residing at Vill - PASCHIM SATALI, PO - PASCHIM SATALI, TEH- ALIPURDUAR, DISTT-JALPAIGURI, (WB) PIN 735214 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम GYAN BAHADUR दर्ज है। जो कि गलत है मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम GYAN BAHADUR SUBBA है जो कि पिता के आधार कार्ड, एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिता के इस नाम GYAN BAHADUR SUBBA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं 36AA 755596 दिनांक 01/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- GYAN BAHADUR
सही नाम- GYAN BAHADUR SUBBA

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2698647L, RANK - NK, NAME- NARESH KUMAR, UNIT- GRC JABALPUR MP 482001 (23GRENADIERS) निवासी VILLAGE- RADHANA, POST- RADHANA, TEH- JIND, DISTT- JIND, STATE- HARYANA, PIN-126102 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम BABY दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम DEVIKA है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम DEVIKA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- BABY
सही नाम- DEVIKA

**PUBLIC NOTICE**

It is general Information that I Mangleshwar Singh S/O. Late. Abadhraj Singh, residing at H.No. 30, JDA Raksha Nagar Colony, Bada Patthar, Sudarshan Ward Ranjhi, Monegaon, Jabalpur (M.P) 482005 declare that name of my wife has been wrongly Written as Shyam Devi & Date of Birth 01/07/1963 in my PPO No. C/FYS/21746/2013 & my service Record. The Actual name of my wife is Shyama Devi Singh & Date of Birth 28/02/1964 respectively which may be amended accordingly

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(Signature of Applicant)
Mangleshwar Singh

RH-1090

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1521/अ -6/2023-24

**//आम इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महानदी प.ह.नं. 06 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता रेड्डी पति सतीश रेड्डी निवासी गुप्तेश्वर वार्ड जिला जबलपुर के द्वारा ग्राम महानदी बंदोबस्त नम्बर 662 प.ह.नं. 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 662 प.ह.नं. 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 83.84 में से रकवा 6198 वर्गफुट पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 23/08/2023**
**पेशी दिनांक- 08/09/2023**

**तहसीलदार गोरखपुर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर**

र.नं. 1089

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अधारताल जबलपुर**

प्र.क्र. 0123/अ -6/2022-23

दिनांक 24/08/2023

**//आम इश्तहार//**

श्रीमति प्रमिला राय पति श्री अविनाश राय निवासी - 1411 नेपियर टाउन जबलपुर...प्रत्यर्थी

एतद् द्वारा प्रत्यार्थी को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्रीमती शशि बाजपेयी पति स्व. श्री प्रमोद बाजपेयी निवासी बूढीमाई वार्ड महाराजपुर जिला जबलपुर मौजा गोहलपुर के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार नजूल गोहलपुर जिला जबलपुर के रा.प्र.क्र. 1817/अ-6/2010-11 पारित आदेश दिनांक 16/02/2012 से व्यथित होकर अपील इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। अत: आप नियत पेशी दिनांक 08/09/2023 को स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति एवं दावे समक्ष में लिखित में प्रस्तुत करें। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावे-आपत्तियाॅ मान्य नहीं की जावेगी।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी आधारताल, जबलपुर**

र.नं. 1091

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 2706730A, RANK NK NAME KANGATE PANKAJ SHIVDAS, UNIT- 12 GRENADIERS निवासी VILLAGE- SAMBHAJI CHOUK OLD CITY, POST- TELHARA, TEH- TELHARA, DISTT- AKOLA, STATE- MAHARASHTRA. PIN - 444108 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम RETHE PRIYANAKA GANESHRAO एवं मेरे पुत्र का नाम SWARAJ दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम PRIYANKA PANKAJ KANGATE एवं मेरे पुत्र का सही नाम SWARAJ PANKAJ KANGATE हैं जो उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी एवं मेरे पुत्र के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO JC-453189X SUB RIRMAL SINGH BHATI, UNIT- ADM BN, GRC JABALPUR MP 482001 (15 GRENADIERS) निवासी VILLAGE GUMAN SINGH PURA, POST- SHERGARH, TEH SHERGARH, DISTT- JODHPUR, STATE- (RAJ) PIN-342022 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम SHYAR KANWAR एवं मेरे पिताजी का नाम UTTAM SINGH BHATI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही नाम SAYAR KANWAR एवं मेरे पिताजी का सही नाम UTTAM SINGH है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी एवं मेरे पिताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

# अभिमत

*भारत जिस संकट का सामना कर रहा है, वह एक ऐसे नेतृत्व द्वारा लाया गया है जो न तो अंदर और न ही बाहर को समझता है और दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। जब ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जाते हैं कि भारत में सर्जरी का आविष्कार कैसे किया गया था या किस तरह हजारों साल पहले हमारे पास हवाई जहाज और 'पुष्पक-विमान' थे तो यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ न्याय नहीं करता है।*

## कदम चांद पर लेकिन सोच वही दकियानूसी



जगदीश रत्तनानी

**किसी बात पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साधनों के बिना सोचे-समझे भरोसा करना उस पिछड़े और अंधविश्वासी विचार को सुनने तथा बढ़ावा देने का जोखिम रहता है। इसके खिलाफ जवाहरलाल नेहरू ने आवाज उठाई थी। हमारी जड़ों को फिर से खोजने के नाम पर सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और उनके कुछ चापलूसों ने यही दृष्टिकोण अपनाया है। दूसरी ओर, प्रकृति और उसके द्वारा हमें प्रदान की गई सभी चीजों के प्रति सम्मान के बिना आरंभ किए गए उपक्रम एक शोषक मॉडल बनने का जोखिम उठाते हैं।**

भारत ने चंद्रमा पर अपना झंडा फहरा दिया है। भारत पहला देश है जिसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान उतारा है। भारत चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला केवल चौथा देश बन गया है। जाहिर है कि राष्ट्र ने जो हासिल किया है, उससे उत्साह, गर्व और खुशी की भावना है। हमने बहुत दूर तक का सफर तय किया है। जब हम खुद से परे देखते हैं तो हम बहुत कुछ सीखते हैं लेकिन भारतीय विचार और आध्यात्मिक परंपराएं हमें सिखाती हैं कि जब हम अपने अंदर झांकते हैं तो हम और ज्यादा सीखते हैं। इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने के कुछ दिनों बाद तिरुवनंतपुरम में भद्र काली मंदिर की यात्रा के दौरान इसे बहुत सहजता से कहा। उन्होंने कहा-'मैं कई मंदिरों में जाता हूं, मैं कई शास्त्रों को पढ़ता हूं। इस ब्रह्मांड में हमारे अस्तित्व और हमारी यात्रा का अर्थ खोजने की कोशिश करता हूं। मैं एक अन्वेषक हूं। मैं चंद्रमा के रहस्यों का पता लगाने का प्रयास करता हूं। मैं अंतर्मन के रहस्यों को खोजने की कोशिश करता हूं।'

अंतर्मन वह जगह है जहां हमारी सभी यात्राएं शुरू और समाप्त होती हैं। वेदांत के अग्रणी प्रतिपादकों में से एक अर्श विद्या गुरुकुलम के स्वामी दयानंद सरस्वती (1930-2015) ने भगवद् गीता की पहली पंक्ति पर विस्तार से यह सिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वामी दयानंद सरस्वती का सम्मान करते हैं। नेत्रहीन राजा धृतराष्ट्र द्वारा संजय से यह पूछने के साथ पवित्र भगवद्'गीता की शुरुआत होती है- युद्ध के मैदान में इकट्ठे हुए, लड़ने की इच्छा रखते वाले, 'मेरे लोगों' और 'पांडु पुत्रों' ने क्या किया? धृतराष्ट्र के पुत्र 'उसके लोग' हैं; उनके भाई पांडु के पुत्र 'उसके लोग' नहीं हैं, और लड़ाई यहीं से शुरू होती है। स्वामी दयानंद सरस्वती एक अनोखे तरीके और शैली में यह बात सिखाते हैं कि सभी लड़ाइयां अंदर की ओर हमारे अंतर्मन में होती हैं और हमारा शरीर और उसके कार्य कुरुक्षेत्र के युद्ध क्षेत्र का निर्माण करते हैं जहां धर्म की परीक्षा होती है।

जब बाह्य जगत में आपका गौरव हो रहा हो उस समय डॉ. सोमनाथ ऐसे दुर्लभ व्यक्ति हैं जो वैज्ञानिक पद्धति के साक्ष्य आधारित अभ्यासक हैं। उन्होंने अपने जीवन में एक ही समय में विज्ञान की खोज तथा आध्यात्मिकता विचार के लिए जगह बनाई है। अंतरिक्ष अन्वेषण में इसरो प्रमुख की शानदार उपलब्धि विज्ञान के तरीकों के लिए उनके प्यार में निहित है। वास्तव में ऐसा होना भी चाहिए। वैज्ञानिक क्रांति के पिता फ्रांसिस बेकन (1561-1626) का कहना था कि-'इसे (विज्ञान को) वर्चस्व और नियंत्रण की भाषा का उपयोग कर हमें प्रकृति पर अत्याचार कर उसे अपने रहस्य उजागर करने के लिए बाध्य करना होगा।' विज्ञान के संबंध में भारतीय धारणा इसके विपरीत है। भारतीय परंपरा प्रकृति का सम्मान करना, प्रकृति की पूजा करना और उससे सीखने का संदेश देती है।

किसी बात पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साधनों के बिना सोचे-समझे भरोसा करना उस पिछड़े और अंधविश्वासी विचार को सुनने तथा बढ़ावा देने का जोखिम रहता है। इसके खिलाफ जवाहरलाल नेहरू ने आवाज उठाई थी। हमारी जड़ों को फिर से खोजने के नाम पर सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और उनके कुछ चापलूसों ने यही दृष्टिकोण अपनाया है। दूसरी ओर, प्रकृति और उसके द्वारा हमें प्रदान की गई सभी चीजों के प्रति सम्मान के बिना आरंभ किए गए उपक्रम एक शोषक मॉडल बनने का जोखिम उठाते हैं। ऐसे उपक्रमों ने हमें एंथ्रोपोसीन और जलवायु संकट के युग में खड़ा कर दिया है जिनका आज संपूर्ण मानवता को सामना करना पड़ रहा है। यह संकट वैश्विक है और इसका जवाब विभिन्न पारिस्थितिक आंदोलनों के रूप में सामने आता है जो मानव जाति की प्रगति के विचार पर नए सवाल उठा रहे हैं। सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और वर्चस्व की भाषा बोलने वाले खुशामदियों के लिए ये चुनौतियां पूरी तरह से विदेशी हैं और इस प्रक्रिया में वे प्राकृतिक प्रणालियों को नष्ट कर रहे हैं। ये लोग इस उम्मीद में हैं कि भारत इसी तरह से आगे बढ़ सकता है और नई व्यवस्था में एक महाशक्ति बन सकता है।

चंद्रमा पर उतरने में सफलता ऐसे राजनीतिक दौर में मिली है जब मंदिर एक हथियार बन गया है, आध्यात्मिकता को उग्र भगवा में बदल दिया गया है और शास्त्रों को लापरवाही से उद्धृत किया जाता है या संवाद और एकता का संदेश देने के लिए प्रसिद्ध ग्रंथों को आक्रामक स्वर देने के लिए कहा जाता है । रूमी ने कहा है- 'हम अपने अंदर मौजूद चमत्कारों को बाहर तलाशते हैं'। इस संदर्भ में हम तर्क दे सकते हैं कि आज राष्ट्र को तोड़ने को विभाजित करने वाले प्रयास वे विभाजन हैं जो हम अपने अंदर रखते हैं। इस जहर को नष्ट करने का सरल उपाय दोनों पक्षों को समझने का प्रयास करना है या जैसा कि इसरो प्रमुख ने कहा-'विज्ञान और आध्यात्मिकता दोनों का पता लगाना मेरे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है। यह उस संस्कृति का एक हिस्सा है जिसे हमने अंतरात्मा के साथ-साथ बाह्य जगत का पता लगाने के लिए बनाया है।'

कहने की जरूरत नहीं है कि आध्यात्मिकता का अर्थ धार्मिकता नहीं है। किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति या वास्तव में किसी भी धर्म को मानता नहीं है, वह किसी धाराप्रवाह मंत्रोच्चार करने वाले व्यक्ति से या उससे अधिक आध्यात्मिक हो सकता है। आध्यात्मिकता असंख्य पहलू जोड़ती है तथा गहरे आंतरिक परीक्षण को गति देती है जो समय सीमा, भौगोलिक क्षेत्रों, धार्मिक आस्थाओं की विश्वास प्रणालियों में गूंजती है और लाखों कंठों से उसका गुणगान करती है।

आज भारत जिस संकट का सामना कर रहा है, वह एक ऐसे नेतृत्व द्वारा लाया गया है जो न तो अंदर और न ही बाहर को समझता है और दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। जब ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जाते हैं कि भारत में सर्जरी का आविष्कार कैसे किया गया था या किस तरह हजारों साल पहले हमारे पास हवाई जहाज और 'पुष्पक-विमान' थे तो यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ न्याय नहीं करता है। ऐसा नजरिया तेजी से जीडीपी विकास की अपनी विवेकहीन तलाश में प्रकृति की लापरवाह और विचारहीन लूट, एक समूह को विभाजित करने और दूसरे समूह से लड़ने के लिए मजबूर करने वाली राजनीति, बढ़ती असमानता और चुनिंदा सुपर-अमीरों को प्राथमिकता देकर और भी अधिक अन्याय करता है। यदि सब कुछ दीर्घकालिक दूरदर्शी सोच के बिना तत्काल लाभ-हानि की सोच तक सीमित हो जाता है तो कोई आश्चर्य नहीं कि चांद पर भारत का अहम बड़ा कदम भी छोटी सोच से प्रभावित हो जाएगा ।

यह विवाद वाजिब है कि इसरो के वैज्ञानिकों से मिलने के लिए प्रधानमंत्री बेंगलुरु कैसे गए और प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से अपनी अगवानी नहीं करने या प्रोटोकॉल के अनुसार उनके साथ(प्रधानमंत्री के साथ) आने के लिए क्यों रोक दिया?

देश को दोहरी खुशी होती यदि दो दलों के दोनों नेता साथ-साथ खड़े होते और चंद्रमा पर जाने के मिशन को संभव बनाने वाले वैज्ञानिकों को बधाई देते। स्पष्ट रूप से यह मुख्यमंत्री या उनके डिप्टी डीके शिवकुमार को 'रोकने' का कोई अवसर नहीं था। प्रधानमंत्री को पता होना चाहिए था कि 2024 के आम चुनावों और चंद्रमा मिशन की सफलता का राजनीतिक लाभ लेने की भाजपा की प्रवृत्ति को देखते हुए उनका यह स्पष्टीकरण कि वह राज्य के नेताओं को 'परेशान' नहीं करना चाहते थे, जनता की निगाह में खरा नहीं उतरेगा।

उम्मीद है कि इस प्रकरण को जल्द ही भुला दिया जाएगा क्योंकि राष्ट्र अपने वैज्ञानिकों की सफलता और उनके काम की खुशियां मनाने में व्यस्त है।

चंद्र मिशन की सफलता के क्षण में भी हम उनसे कुछ सीख सकते हैं। इसरो में किसी ने नहीं कहा कि यह 'मैंने' किया। टीम के सदस्यों को कैमरों के सामने बुलाया गया था। इसरो नेतृत्व ने सफलता का पूरा श्रेय अतीत और वर्तमान नेताओं को दिया। उन्होंने टीम भावना का प्रदर्शन किया जो मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इसरो प्रमुख के शब्दों में-'यह अकेले हमारा काम नहीं है। यह इसरो के नेतृत्व और इसरो वैज्ञानिकों की एक पीढ़ी का काम है। यही क्रमिक प्रगति है।

***( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस )***

### बीता सप्ताह

**26 अगस्त**

- मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाते हुए गुवाहाटी हाईकोर्ट में सुनवाई का फैसला लिया।
- चन्द्रयान-3 के रोवर ने चंद्रमा की सतह पर उतर कर 'मूनवॉक' किया।
- पूर्व डब्ल्यू डब्ल्यू ई चैम्पियन ब्रे वॉयट का 36 वर्ष की उम्र में हार्टअटैक से निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री मोदी यूनान के शीर्ष नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑर्नर' से सम्मानित किए गए।

**27 अगस्त**

- दिग्गज गीतकार देव कोहली का मुंबई में निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों से भेंट कर चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर लैंडिंग पाइंट को 'शिव शक्ति' पाइंट नाम देने का ऐलान किया।
- तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई।
- नासा ने एंडेवर नामक ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर स्पेसएक्स क्रू-7 मिशन लॉन्च किया।

**28 अगस्त**

- भारतीय अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल-1
- पश्चिम बंगाल के परगना जिले केदत्तपुकुर में फटाका फैक्ट्री में आग लग जाने से 8 लोगों मौत हो गई।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के नोआ लायल्स विश्व चैम्पियनशिप में तीसरा स्वर्ण पदक जीता।
- एशिया कप के लिए बल्लेबाज सऊद शकील पाकिस्तान की टीम में शामिल कर लिए गए।

**29 अगस्त**

- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष के नए गठबंधन इंडिया के संयोजक बनने से किया इंकार।
- जापान का पहला चंद्रयान मॉडयूल स्मार्ट लैंडर फार इन्वेस्टिगेटिंग मून (एसएलआईएम) प्रक्षेपण का मौसम की खराबी के कारण स्थगित कर दिया।
- पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हत्या के आरोप से बरी कर दिया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

**30 अगस्त**

- तोशाखाना मामले में पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगाई।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से पूछा कि जम्मू-कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा।
- केन्द्र ने एलपीजी गैस सिलेंडर पर 200 रुपए कीमत कम कर दिया।
- चीन ने एक नया नक्शा जारी किया जिसमें अरुणाचल व अवसाह चिन को बताया अपना क्षेत्र।

**31 अगस्त**

- मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक में 28 राजनीतिक दल होंगे शामिल।
- लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन का निलंबन खत्म कर दिया गया।
- कर्नाटक सरकार ने अपने राज्य में गृह लक्ष्मी योजना शुरु की।
- मध्यप्रदेश के मुरैना में टैंक की सफाई में उतरे पांच मजदूरों की मौत हो गई।

**1 सितंबर**

- केंद्र सरकार ने जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रायपुर में कहा कि -छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहावत में है-सदियों का सच।
- राहुल गांधी ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस लेकर पीएम मोदी से किए सवाल कि देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर किसका?
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को क्रॉप डाक्टर 2-0 ऐप विकसित करने के लिए राष्ट्रीय ई-गर्वनेंस स्वर्ण पदक पुरस्कार मिला।

## गुटनिरपेक्षता से लेकर अगले सप्ताह दिल्ली में जी-20

■ **डॉ. अरुण मित्रा**

अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक को लेकर काफी उत्साह पैदा किया जा रहा है, विशेष रूप से यह दिखाने के लिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही भारत को समूह की अध्यक्षता मिली है, तथा इसी का प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। परन्तु मामले की सच्चाई यह है कि जी-20 में अध्यक्षता की एक चक्रीय प्रणाली है, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को बारी-बारी से आयोजन का अवसर और अध्यक्षता और दी जाती है। दरअसल भारत पिछले साल जी-20 का अध्यक्ष बन सकता था लेकिन इसमें एक साल की देरी हो गई।

जी-20 के पास चर्चा के लिए कई एजेंडे हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक शांति और सभी के लिए स्वास्थ्य है। कई हिस्सों में चल रहे सशस्त्र संघर्षों के कारण आज दुनिया बहुत गंभीर स्थिति में है। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष इस समय सबसे गंभीर है। यूएनओ के अनुसार अब तक 3604 नागरिकों सहित 14400 से अधिक लोग मारे गये हैं। 80 लाख से अधिक लोग बाहरी रूप से विस्थापित होकर दूसरे देशों में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं।

**7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है।**

मामला सिर्फ रूस और यूक्रेन के बीच नहीं रह गया है। अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी से चीजें बहुत आगे बढ़ गई हैं। दोनों पक्षों ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान जारी करने के बाद कि वह यूक्रेन को क्लस्टर हथियारों की आपूर्ति करेंगे, रूस ने चेतावनी दी है कि ऐसी स्थिति में उनके पास परमाणु हथियारों का उपयोग करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचेगा। यह बहुत खतरनाक स्थिति है क्योंकि इस समय उस सीमा पर कोई भी परमाणु आदान-प्रदान रूस और यूक्रेन के बीच सीमित नहीं रहेगा। यह रूस और अमेरिका और नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान होगा। नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, इसका मतलब 5 अरब से अधिक लोगों की मृत्यु होगी जो हजारों वर्षो के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा।

आईपीपीएनडब्ल्यू और पर्यावरण समूहों द्वारा किये गये अध्ययन ने पहले ही सुबूतों के साथ दिखाया है कि उदाहरण के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित परमाणु आदान-प्रदान से भी 2 अरब से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। लेकिन रूस और अमेरिका के बीच आदान-प्रदान कहीं अधिक विनाशकारी होगा।

इसके अलावा अफ्रीका और एशिया के विभिन्न हिस्सों में भी संघर्ष चल रहे हैं। इन आंतरिक झगड़ों को अमीर देशों के विभिन्न आर्थिक हितों के लिए किसी न किसी रूप में अंतरर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। फ़िलिस्तीन या सीरिया की स्थिति अत्यधिक मानवाधिकार उल्लंघन के उदाहरण हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि जी-20 परमाणु निरस्त्रीकरण जैसे मुद्दों पर कड़ा निर्णय ले और छोटे हथियारों के प्रसार पर रोक लगाये।

हालांकि यह असंभावित लगता है क्योंकि जी-20 एक समरूप समूह नहीं है। यह बहुराष्ट्रीय निगमों और सैन्य औद्योगिक परिसरों पर हावी स्व-हित वाले देशों का एक समूह है। यह गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नैम) के विपरीत है जिसने प्रभावी कदम उठाए और विभिन्न देशों में निरस्त्रीकरण, विकास और मानवाधिकारों के मुद्दे पर गंभीर चिंताएं उठाईं। यह सर्वविदित है कि उस समय भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नैम की स्थापना जवाहरलाल नेहरू, मार्शल टीटो और अब्दुलगमाल नासिर की पहल पर की गई थी। नैमका 7वां शिखर सम्मेलन 1983 में दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें 117 देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया था और कई देशों के 20 पर्यवेक्षक थे।

इसके विपरीत, जी-20 एक छोटा आयोजन है लेकिन बहुत अधिक प्रचार के साथ। ऐसा लगता नहीं है कि जी-20 बैठक परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए एक ठोस घोषणा के साथ सामने आयेगी, जो अब 7 जुलाई 2017 को यूएनओ द्वारा पारित परमाणु हथियारों के निषेध पर बहुपक्षीय संधि (टीपीएनडब्ल्यू) के माध्यम से संभव है।

अंदर एक मजबूत लॉबी है। जी-20 ने यूएनओ में टीपीएनडब्ल्यू का विरोध किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्यों पर जबरदस्त दबाव डाला। ये देश निवारक के रूप में परमाणु हथियारों के सिद्धांत के नायक हैं। इसकी बहुत कम संभावना है कि जी-20 सभी के लिए स्वास्थ्य पर कोई ठोस निर्णय लेकर आयेगा जिसके लिए स्वास्थ्य देखभाल के लिए संसाधनों के समान वितरण की आवश्यकता है।

हमने देखा है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियों, विशेष रूप से वैक्सीन उत्पादक कंपनियों ने कोविड महामारी के दौरान तबाही मचाई और छोटे देशों को ब्लैकमेल किया, जिनके पास अपने दम पर वैक्सीन बनाने के लिए न तो तकनीकी जानकारी थी और न ही संसाधन। माना जाता है कि बड़ी फार्मा कंपनियों ने इस अवधि के दौरान भारी मुनाफा कमाया है। सभी के लिए स्वास्थ्य, सस्ती दवा मूल्य निर्धारण और न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल पर किसी भी बातचीत के लिए, फार्मा कंपनियों को विनियमित करना होगा और उनके मुनाफे को पारदर्शी बनाना होगा।

जी-20 की गतिविधियों और विभिन्न क्षेत्रों में नतीजों पर नजर रखना अच्छा रहेगा। लेकिन अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे देश कॉर्पोरेट समर्थक विचारधारा और आर्थिक हितों वाले हैं। क्या वे हथियार छोड़ने के लिए तैयार होंगे या क्या वे विश्व व्यापार संगठन में प्रभावी बदलाव करने के लिए तैयार होंगे ताकि विकासशील देशों की सभी के लिए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके?

7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है। वर्तमान में हमारी राजनीति में उस स्तर के राजनैतिक कौशल का अभाव है।

## चांद पर 'शिवशक्ति पाइंट' : राजनीति का अंतरिक्ष

■ **अमन नम्र**

वर्ष 2000 में एक फिल्म आई थी 'रिफ्यूजी।' करीना कपूर और अभिषेक बच्चन के कॅरिअर की यह पहली फिल्म थी। इसमें जावेद अख्तर का लिखा एक गीत था,

'पंछी नदिया पवन के झोंके,
कोई सरहद ना इन्हें रोके
सरहदें इन्सानों के लिए हैं
सोचो तुमने और मैंने क्या पाया इन्सां हो के।'

इस गीत के लिए जावेद अख्तर को 'फिल्म फेयर अवॉर्ड' भी मिला था। आप सोच रहे होंगे कि इस जानकारी का भला इस लेख से क्या तालमेल है। दरअसल जावेद अख्तर को पंछी, नदिया, पवन के साथ राजनीति भी जोड़नी थी, तो ये लाइनें ऐसी बनतीं-'पंछी, नदिया, राजनीति, पवन के झोंके, कोई सरहद ना इन्हें रोके।'

आज तो यही बात चरितार्थ हो रही है। अब राजनीति प्रदेश, देश और धरती की सीमा पार कर चांद तक पहुंच चुकी है। इसका ताजा उदाहरण है, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद उस प्वाइंट को 'शिवशक्ति' नाम देना। आपका सवाल हो सकता है कि भला इसमें क्या राजनीति हो सकती है। यह तो वैज्ञानिकों और देश के सम्मान के लिए एक प्रतीक के तौर पर दिया गया नाम है। इससे पहले भी 2008 में जब भारत ने पहली बार चांद पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी तो उसे 'जवाहर पॉइंट' नाम दिया गया था। जाहिर है, तब कांग्रेस की मनमोहन सरकार थी, ऐसे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नामकरण किया गया। सवाल है कि क्या 'जवाहर पॉइंट' देशभक्ति थी और 'शिवशक्ति पॉइंट' राजनीति है?

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे।**

जायज सवाल है, पर इसका जवाब भी इसी सवाल में दे दिया गया है। अगर 'जवाहर पॉइंट' का नामकरण भी राजनीति ही थी तो यह अच्छी राजनीति थी, क्योंकि इसी का नतीजा है कि 15 साल बाद चंद्रयान-3 चांद के उसी दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारा गया। तो ऐसे में 'शिवशक्ति पॉइंट' के नामकरण में भला क्या आपत्ति हो सकती है? नहीं होती, अगर यही नाम ऐसे किसी पॉइंट का होता जो मानसरोवर के सामने मौजूद कैलाश पर्वत के किसी राज को खोलने के किसी वैज्ञानिक मिशन के लिए वहां के किसी स्थान के लिए रखा जाता। तब शिवशक्ति के नाम के पीछे की एक जायज वजह होती। कैलाश पर्वत पर वास करने संबंधी भगवान शिव की मान्यता के साथ इस नामकरण पर कोई भी आपत्ति खारिज की जा सकती थी।

चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 'शिवशक्ति पाइंट' के नामकरण पर तीन आपत्तियां बताई जा सकती हैं। पहली, जिस मिशन के लिए चंद्रयान-3 को वहां भेजा गया था, उसका इस नाम से कुछ लेना-देना नहीं है। दूसरी, 'इसरो' के वैज्ञानिक जिस जिद, जुनून, जज्बे और वैज्ञानिक नजरिए के साथ यह पूरा मिशन संभाल रहे थे, उसमें धर्म वैज्ञानिकों का एक निजी विश्वास जरूर हो सकता है, लेकिन इसे मिशन के दूरदर्शी नतीजों के साथ जबरन जोड़ना कतई फायदेमंद नहीं होगा। उलटे इसके नुकसान जरूर हो सकते हैं।

इस पूरे मिशन में जितने भी वैज्ञानिक जुड़े हैं, जरूरी नहीं कि वे सारे हिंदू हों, होने भी नहीं चाहिए। ऐसे में किसी वैज्ञानिक मिशन से जुड़े ऐसे बेहद अहम पाइंट का नाम धर्म विशेष से क्यों रखा जाना चाहिए? तीसरी आपत्ति यह है कि इस नाम को 'नासा' या 'ईएसए' (यूरोपियन स्पेस एजेंसी) जैसी अंतरराष्ट्रीय स्पेस एजेंसियों को किस तरह समझाया जाएगा। आखिर किसी को कैसे बताया जाएगा कि चांद की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसकी सतह पर मौजूद रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करने के इस मिशन के बेहद अहम प्वाइंट को केवल हिंदू देवता के नाम पर क्यों रखा गया है?

और यह भी कि देश के एक हिंदूवादी संगठन के नेता का यह बयान जब वतन की सीमा पार कर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जगह बनाएगा कि चांद को हिंदू राष्ट्र घोषित कर देना चाहिए, तब भारत किस मुंह से इस पर सफाई देगा। सच तो यह है ऐसे बयान देने वालों पर कार्रवाई न करने की स्थिति में भारत की धर्मनिरपेक्ष देश से, बीते 9 सालों में हिंदुत्व को बढ़ावा देने वाले देश की छवि और मजबूत होगी। क्या इससे खालिस वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक खोज के लिए बनी 'नासा, ''ईएसए' जैसी अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थाओं के सामने हमारा मजाक नहीं बनेगा?

अब जरा, शिवशक्ति के पीछे की राजनीति समझने की कोशिश करते हैं। अगर केंद्र सरकार का इरादा वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मिशन को बढ़ावा देने का होता तो वह 'इसरो' जैसी संस्थाओं का बजट बढ़ाता, लेकिन हकीकत तो यह है कि इसी साल के बजट में सरकार ने 'इसरो' का बजट 1100 करोड़ रुपए कम कर दिया है। यानी दो चंद्रयान मिशन के बराबर की राशि। आरोप तो ये भी लग रहे हैं कि चंद्रयान-3 मिशन के लिए 'लॉन्च पैड' बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। परोक्ष या प्रत्यक्ष तौर पर इससे भी चंद्रयान मिशन जैसे अभियानों से जुड़े 'इसरो' सरीखे संगठनों के आत्मविश्वास को बढ़ावा तो नहीं ही मिलता। अब जरा विदेश यात्रा से लौटकर सीधे 'इसरो' जाने और वहां वैज्ञानिकों से मिलकर प्रधानमंत्री ने जिन तीन बड़ी घोषणाओं का ऐलान किया, उन्हें देखते हैं। पहली, 23 अगस्त को हर साल भारत 'नेशनल स्पेस डे' मनाएगा। दूसरी- चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह 'शिवशक्ति पॉइंट' कहलाएगी। तीसरी- चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पदचिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम 'तिरंगा' होगा।

इन घोषणाओं के राजनीतिक फायदे तो समझ आते हैं, पर वैज्ञानिक फायदे जानने के लिए रिसर्च की जरूरत पड़ सकती है। अगर पीएम 'इसरो' के लिए 2-4 हजार करोड़ के विशेष बजट का ऐलान कर देते, इस पूरे मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, स्टॉफ के लिए एक या दो महीने के वेतन के बराबर बोनस की घोषणा करते या अगले ऐसे ही मिशन के बजट में 10-15 फीसदी बढ़ोतरी की ही घोषणा कर देते तो बेहतर हो सकता था। बहरहाल, एक बात तो तय है कि भले ही सरकार ने 'इसरो' के बजट को 13,700 करोड रुपयों से घटाकर 12,543 करोड़ रुपए कर दिया हो, वह चंद्रयान मिशन-3 को 2024 के अपने राजनीतिक मिशन की कामयाबी के लिए भुनाने में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहने देगी। चंद्रयान-3 की सफलता पर जिस तरह बधाईयों की विज्ञापनबाजी हो रही है, उससे इसे समझा भी जा सकता है।

अब, एक बार जरा यह भी सोचकर देखें कि 'शिवशक्ति' के नामकरण का 'इसरो' के ऐसे किसी वैज्ञानिक शोध या मिशन पर क्या असर पड़ेगा? यह सोचें कि क्या इस नामकरण के बाद भी 'इसरो' से जुड़ा हर वैज्ञानिक, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, पूरे जोश, जुनून के साथ अपने काम में जुटा रहेगा? जुटना ही चाहिए, देश को आगे ले जाने का मिशन है, पर मानव मन का क्या। क्या गैर-हिंदू वैज्ञानिकों में इस हिंदू नामकरण से कहीं-न-कहीं छोटी सी भावना आहत नहीं हुई होगी? हमें भरोसा है कि हमारे वैज्ञानिक देश की राजनीति में चल रही अवैज्ञानिक और स्वार्थी सोच से प्रभावित नहीं होंगे और देश को वैज्ञानिक सोच वाली नई राह पर ले जाने के प्रयासों में सफल होंगे। 'इसरो' चीफ एस सोमनाथ का बयान भी है कि मैं एक खोजकर्ता हूं, चंद्रमा का अन्वेषण करता हूं। विज्ञान और आध्यात्मिकता दोनों की खोज करना मेरे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है।

प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में, वेदों में, पुराणों में, स्पेस साइंस का अपार भंडार है। उसे आज के ज़माने से जोड़ने और ज्ञान के इस भंडार का उपयोग करने की ज़रूरत है। उन्होंने नौजवानों को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने की प्रेरणा देते हुए बताया कि देश को महाशक्ति बनाने में विज्ञान बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। यह उम्मीद की जानी चाहिए देश चांद पर चंद्रयान-3 जैसे मिशन और चांद को हिंदू राष्ट्र बनाने की घोषणा सरीखे दो परस्पर विपरीत विचारधारा वाले दोराहे पर खड़े होने के बावजूद अपने लिए वैज्ञानिक सोच और बेहतर भविष्य के लिए सही राह चुन पाएगा।

इस मौके पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे। ऐसा न हुआ तो सूर्य व शुक्र को लक्ष्य कर शुरू किए गए मिशन भले सफल हो जाएं, पर शायद हम न धरती बचा पाएंगे, न उसके इंसानों को।


**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

## अब रक्षा कंपनियों के विलय की तैयारी में रक्षा मंत्रालय?

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी बोर्ड को भंग कर एक अक्टूबर 2021 को बनाई सात डिफेंस पब्लिक सेक्टर यूनिट को लेकर एक बार रक्षा मंत्रालय में मंथन शुरू हो गया है। लाभ-हानि का आंकलन करते हुए अब रक्षा मंत्रालय कंपनियों के विलय की तैयारी में हैं। यह खबर रक्षा क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों के बीच हडकंप लाने वाली है।

दरअसर, 16 जून 2021 को केंद्र सरकार ने नीतिगत सुधार की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए 41 आयुध निर्माणियों को संभालने वाले आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) को भंग कर करते हुए सात नई रक्षा कंपनियां के गठन वाले रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को केबिनेट में स्वीकृत किया था। लेकिन अब चर्चा यह कि केंद्र सरकार 7 रक्षा कंपनियों में से तीन का विलय करना चाहती है। मतलब भविष्य में 7 में से केवल 4 ही रक्षा कंपनियां अस्तित्व में रह जाएंगी।

रक्षा सूत्रों की मानें तो डीपीएसयू के विलय के अवसरों का आकलन के लिए जिन तीन कंपनियों को प्रस्तावित किया है। उसमें सबसे पहले नंबर पर यंत्र इंडिया लिमिटेड को रखा गया है। इसका विलय म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड में किया जाना प्रस्तावित है। इसी तरह ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड (टीसीएल) का ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड (जीआईएल) में और इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड (आईओएल) को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) में विलय किया जा सकता है।




### यूनियनों के नेता वरिष्ठों से कर रहे चर्चा

**डीपीएसयू के पुर्नगठन के लिए बनाई कमेटी**-डीपीएसयू का नया स्वरूप क्या हो, इसको लेकर 6 सदस्यी विशेषज्ञों की कमेटी गठित की गई।

रक्षा सूत्रों की मानें तो उक्त कमेटी में नीति पंडित, राजीव शर्मा, प्रतीक्षा सैनी, सत्यब्रत मुखर्जी, गुरूदत्त रे, अशोक कुमार को मेंबर बनाया गया है। बताया जाता है कि कमेटी को सेवाओं का दायरा,डीपीएसयू के बिजनेस मॉडल का रणनीतिक मूल्यांकन करना होगा। राजस्व, मार्जिन, कार्यशील पूंजी, कैपेक्स इन्फ्यूजन के लिए 3 से 5 साल के अनुमान का आकलन करना होगा।

### यूनियन ने पहले ही चेताया था..

मजदूर यूनियनों ने सरकारों को पहले ही चेतावनी दी थी कि सुरक्षा संस्थानों का निगमीकरण नहीं होना चाहिये। जिसके बाद सभी संस्थानों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगेंगे। जिसकी कोई ग्यारंटी नहीं हो गई। ये केवल सरकार के पास ही होना चाहिये। पहले खुद ही सरकार ने 7 कंपनियां विलय की अब संभाल नहीं पा रहे तो तीन और कर रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से यह ठीक नहीं है।

**अर्नब दासगुप्ता, ओएफके मजूदर नेता**

## उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिल की वसूली केंसिल, ऊर्जा विभाग ने जारी किए आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के बिल को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। उपभोक्ताओं को फिलहाल वर्तमान देयक ही दिये जाने के आदेश जारी किये गये हैं।

इस संबंध में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा अनुसार एक किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के बकाया बिलों की राशि को स्थगित किया गया है। बिलों की जांच के बाद ही स्थगित बिलों के भुगतान पर निर्णय लिया जायेगा। निर्णय होने तक बकाया राशि पर सरचार्ज नहीं लगाया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि एक सितम्बर 2023 से एक किलोवाट तक के सभी बिजली उपभोक्ताओं को केवल चालू माह के ही देयक दिये जायेंगे। इस संबंध में सभी विद्युत वितरण कंपनियों के प्रबंध संचालक को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में एक किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ता एक करोड़ हैं. इनमें से 69 लाख 86 हजार उपभोक्ताओं के कुल 4 हजार 15 करोड़ रुपये बकाया हैं।




## अंतर मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया

### मुख्यालय को ओवरऑल विजेता एवं जबलपुर मंडल को ओवरऑल उपविजेता शिल्ड मिली

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ द्वारा सुधीर कुमार गुप्ता महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान एवं अंतर मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 1 सितंबर शुक्रवार को रेलवे स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रवि शंकर सक्सेना अपर महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल रहे। इस अवसर पर डी.सी. अहिरवार अध्यक्ष पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ, नवल किशोर श्रीवास्तव प्रमुख वित्त सलाहकार, प्रभात पीसीपीओ, पी.के. गुप्ता पीसीएससी, डॉ. राव पीसीएमडी, विवेक शील मंडल रेल प्रबंधक, डॉ. आशुतोष गर्ग महासचिव पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ, सुरेंद्र कुमार शर्मा सीएमएम, संजीव तिवारी सीएसटीई, जगराम मीणा सीपीडीई, मानसिंह मीणा सीईई, मणि भूषण सिंह डिप्टी सीएम ई, सुबोध विश्वकर्मा मंडल खेलकूद अधिकारी जबलपुर, मनीष पटेल सीनियर डीएमई विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम पश्चिम मध्य रेलवे के विभिन्न खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पश्चिम मध्य रेलवे को पदक दिलाया जिसमें कमल चावला, खुशबू पटेल, तुशल सिंह, नवनीत सिंह विर्क, नवीन, जसबीर, जयदीप, अमित कुमार शामिल है। इस अंतर मंडलीय प्रतियोगिता में जबलपुर मंडल, भोपाल मंडल, कोटा मंडल, कोटा वर्कशॉप, मुख्यालय एवं रेल सुरक्षा बल की कुल छह टीमों के लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं अंकों के आधार पर मुख्यालय को ओवरऑल विजेता एवं जबलपुर मंडल को ओवरऑल उपविजेता घोषित किया गया।

## ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने के लिए शार्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के द्वारा ऊर्जा दक्षता व ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने के लिए एक शार्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने जानकारी दी कि शार्ट वीडियो के निर्माण में कैम कार्डर, वीडियो कैमरा या मोबाइल फोन का उपयोग किया जा सकेगा। वीडियो की अवधि 90 सेकंड से अधिक नहीं होनी चाहिए। वीडियो का कॉमन रिजोल्यूशन न्यूनतम 720X1080 होना चाहिए। पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा वीडि?यो के पात्र के रूप में 12 से 14 वर्ष की बालिका 'बिजली' व इसी आयु का बालक 'विद्युत' को पात्र के रूप में निर्धारण किया है। ये दोनों पात्र प्रतियोगिता से संबंधित मैसेज (संदेश) के प्रमुख सम्प्रेषक हो सकते हैं।

**मौलिक वीडियो जरूरी**- पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन ने जानकारी दी कि शार्ट वीडियो प्रतियोगिता में जो भी वीडियो एंट्री भेजी जाएगी उनका मौलिक होना जरूरी है। एंट्री भेजने वाले को वीडियो निर्माण करते वक्त कॉपीराइट नियमों का ध्यान रखना होगा और उससे अपेक्षा की जाएगी कि वह स्टॉक शॉट का उपयोग न करे। काम्पीटिशन में भाग लेने वाला प्रतिभागी एक से अधिक एंट्री भी भेज सकता है।

**क्या होगी विषय वस्तु**- शार्ट वीडियो की विषयवस्तु ऊर्जा दक्षता व बचत के साथ बिजली की सर्वाधिक मांग के समय मितव्ययिता से उपयोग और बिजली की दरों के संबंध में रियल टाइम की जानकारी को लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता हो सकती है। शार्ट वीडियो बिजली के उपयोग को विशेष रूप से व्यस्ततम घंटों में विनियमित करने की जरूरत को बताने में सक्षम होना होगा। एंट्री की अंतिम तारीख 15 सितंबर-शार्ट वीडियो प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत विवरण एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की वेबसाइट mppmcl.com पर देखे जा सकते हैं।

### दिल्ली की 40 ट्रेनों को किया गया रद्द, कई ट्रेनें डाइवर्ट

**जबलपुर/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 की बैठक की तैयारियों जोर-शोर से हो रही हैं। उधर उत्तर रेलवे ने सम्मेलन के चलते दिल्ली आने वाली 40 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसके अलावा 12 ट्रेनों का टर्मिनेट स्टेशन बदला है। साथ ही 70 ट्रेनों को सेटेलाइट स्टेशनों से जोड़ा गया है। सोनीपत होकर निकलने वाली दिल्ली-पानीपत रूट की आधा दर्जन ट्रेनों को भी रद्द किया गया है। रेलवे के अनुसार, 9, 10 और 11 सितंबर को ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

## पीओएस मशीन में हितग्राहियों के मोबाईल नम्बर दर्ज करने और ई-केवायसी करने पर दुकान संचालकों ने की लापरवाही

### जिले की 18 राशन दुकानों पर जिला प्रशासन की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** 1. राशन दुकान क्रमांक 3304077 (न्यू जागृति सहकारी उपभोक्ता भंडार), बिलपुरा, 2. राशन दुकान क्रमांक 3304052 (सेवा सह समिति, महाराजपुर) इमलिया, 3. राशन दुकान क्रमांक 3304058 (सेवा सह समिति, उमरिया गधेरी, 4. राशन दुकान क्रमांक 3304046 (सेवा सह समिति, महाराजपुर ) सुहागी 5 राशन दुकान क्रमांक 3304048 ( शिवशंकर सहकारी उपभोक्ता भंडार) रिछाई 6 राशन दुकान क्रमांक 3304044 (सेवा सह समिति, महाराजपुर ) महाराजपुर, 7. राशन दुकान क्रमांक 3304057 ( सेवा सह समिति, उमरिया ) पिपरिया, 8. राशन दुकान क्रमांक 3304084 (जय भवानी सह. उप. भंडार, सोनपुर) सोनपुर 9 राशन दुकान क्रमांक 3316408 (कन्टुमेन्ट उप.सह. समिति), 10. राशन दुकान क्रमांक 3316411 (एम.ई.एस. उप. सह. भण्डार), 11. राशन दुकान क्रमांक 3316414 (कर्मवीर उप. सह. भण्डार), 12. राशन दुकान क्रमांक 3316413 ( एम. पी. एक्स सर्विसमेन उप. सह. भण्डार), 13. राशन दुकान क्रमांक 3316407 (मिलिट्री डेरी फार्म उप. भण्डार), 14. राशन दुकान क्रमांक 3316126 (न्यू पंचशील उप. सह. भण्डार), 15. राशन दुकान क्रमांक 3316320 (शिवम उप. सह. भण्डार), 16. राशन दुकान क्रमांक 3316061 (महर्षि उपभोक्ता सह भण्डार), 17. राशन दुकान क्रमांक 3316324 (कालीमठ प्राथ. उप. सह. भण्डार), 18. राशन दुकान क्रमांक 3316128 (उपरैनगंज सह. साख समिति) के विक्रेताओं द्वारा शासन के निर्देशानुसार पीओएस मशीन में हितग्राहियों के मोबाईल नम्बर दर्ज करने तथा ई-केवायसी पूर्ण करने का कार्य धीमी गति से करने तथा उक्त कार्य में किये जा रहे विलंब के कारण उक्त दुकानों के विरुद्ध म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण), आदेश 2015 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरणो पर प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकान की जमा प्रतिभूति राशि में से कुल 1,000/- रूपये की राशि शासन के पक्ष में राजसात की गई है इस प्रकार कुल 18,000/- रूपये की राशि राजसात की गई है।

विक्रेताओं को उक्त राशि शासकीय मद में जमा करने हेतु 03 दिवस का समय दिया गया है तथा विक्रेताओं को चेतावनी दी गई है, कि यदि मोबाईल सीडिंग और ई-केवायसी के कार्य में विलंब की पुनरावृत्ति की गई तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## स्माईल ट्रेन योजना से डेढ़ साल की गरिमा के कटे ओंठ की गई निःशुल्क सर्जरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन तथा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में जबलपुर विकासखण्ड के ग्राम सिलगौर निवासी सुनील गोंड और कुसुमा की अठारह माह की बेटी गरिमा गोंड के कटे-फटे ओंठ की स्माईल ट्रेन योजना के अंतर्गत निः शुल्क सर्जरी की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम अंतर्गत कार्यरत टीम को ग्राम स्तर पर कार्यरत आशा कार्यकर्त्ता शशि कुसरे से गरिमा के कटे-फटे ओंठ से ग्रसित होने की सूचना प्राप्त होने पर टीम के सदस्य डॉ. पंकज गुप्ता एवं डॉ. रश्मि गुप्ता ने बालिका का परीक्षण किया तथा इसकी जानकारी डीईआईएम सुभाष शुक्ला को दी।

जन्म से ही कटे-फटे ओंठ से पीड़ित बच्ची के इस प्रकरण से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा को भी तुरंत अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बिना देर किये सभी जरूरी औपचारिकतायें पूरी कर बच्ची को घमापुर स्थित दुबे सर्जिकल हॉस्पिटल रेफर किया। जहाँ 29 अगस्त को इस बच्ची की सफल सर्जरी हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर गुंजन दुबे एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

## तेज धूप में कलेक्टर ने किया फ्लाई ओव्हर के निर्माण कार्य का निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में वर्तमान की तेज धूप की परवाह न करते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने शुक्रवार की दोपहर दमोह नाका-मदनमहल फ्लाईओव्हर के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े एवं लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता एससी वर्मा एवं अधीक्षण यंत्री गोपाल गुप्ता भी इस दौरान उनके साथ थे। श्री सुमन ने बल्देवबाग एवं रानीताल जंक्शन सहित फ्लाईओव्हर के नीचे के हिस्से में सीसी रोड का निर्माण अक्टूबर माह तक हर हाल में पूरा कर लेने के निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निरीक्षण की शुरुआत में गोहलपुर से फ्लाईओव्हर के एक्सटेंशन के कार्य का जायजा लिया।



### बल्देवबाग और रानीताल जंक्शन सहित फ्लाईओव्हर के नीचे की सीसी रोड का निर्माण अक्टूबर तक पूरा करने दिये निर्देश

कलेक्टर श्री सुमन ने फ्लाईओव्हर के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान एलआईसी से महानद्दा छोर तक फ्लाई ओव्हर के बन चुके हिस्से का भी अवलोकन किया। इस दौरान बताया गया कि एलआईसी से महानद्दा वाले हिस्से को सितंबर माह के अंत तक आवागमन के लिये खोल दिया जायेगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मदनमहल में रेलवे लाइन के ऊपर बन रहे केबल स्टे ब्रिज को छोड़कर दमोहनाका से मदन महल तक फ्लाईओव्हर निर्माण का कार्य अक्टूबर माह तक पूरा कर लिये जाने की जानकारी कलेक्टर श्री सुमन को दी।

**अधिकारियों की ली बैठक**-फ्लाई ओव्हर के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में फ्लाई ओव्हर निर्माण से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होनें अधिकारियों को फ्लाई ओव्हर के हर एक हिस्से का निर्माण की समय सीमा तय कर कार्य को गति देने तथा तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।

## मुख्यंमंत्री लाड़ली बहना योजना ने सुनीता को प्रदान किया आर्थिक संबल

**जबलपुर, देशबन्धु।** महिलाओं को सशक्त बनाने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारम्भ की मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अपने उद्देश्यों को पाने में कामयाब साबित हो रही है। योजना के तहत हर माह मिल रही एक हजार रुपये की राशि से गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों की महिलायें न केवल परिवार की छोटी-मोटी जरूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि परिवार के महत्वपूर्ण फैसलों में उनकी भागीदारी भी बढ़ती जा रही है।



जबलपुर जिले के कुंण्डम विकासखंड के ग्राम गौरी की सुनीता बाई मार्को में मुख्ययमंत्री लाड़ली बहना योजना ने आत्मविश्वास का संचार कर दिया है। पहले गृहस्थी की छोटी-छोटी जरूरतों के लिये पति से पैसा देने की मनुहार करने वाली सुनीता अब घर का खर्च चलाने में पति का हाथ बंटाने लगी है। सुनीता बताती है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना ने उसके जैसी कई महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान किया है। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना से सुनीता को हर महीने एक हजार रूपये की राशि मिल रही है। अभी तक तीन किस्त उसे प्राप्त हो चुकी है और इस राशि को उसने बच्चों की पढ़ाई पर खर्च किया है। सुनीता के पति छोटी जोत के कृषक हैं। उसके दोनों बच्चे कुंडम में बहन के पास रहकर स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सुनीता ने लाडली बहना योजना शुरू करने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि योजना का लाभ मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है।

सुनीता ने रक्षाबंधन पर विशेष उपहार के तौर पर मिली 250 रूपये की राशि के लिये भी भैया शिवराज को धन्यवाद दिया। उसने बताया कि इस राशि को अपने भाइयों के लिये राखी-रूमाल और मिठाई खरीदने में खर्च किया है। सुनीता ने अक्टूबर माह से योजना की राशि बढाकर साढ़े बारह सौ राशि करने की मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया और कहा कि शिवराज भैया जो कहते हैं उसे पूरा करते भी हैं। ऐसा करके वे बहनों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का अपना फर्ज निभा रहे हैं। योजना की राशि बढ़ने से गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों की महिलायें और सशक्ता तथा स्वाबलंबी बनेंगी।

## दीक्षितपुरा हितकारिणी कन्या शाला की छात्राओं ने जाने आपदा प्रबंधन के तरीके




**जबलपुर, देशबन्धु।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत एनडीआरएफ वाराणसी की टीम ने शुक्रवार को दीक्षितपुरा स्थित बाबू मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान भूकंप बचाव ड्रिल और आपातकालीन निकासी ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। छात्राओं के साथ विद्यालय के अध्यापक और कर्मचारियों ने भी इसमें हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य माधुरी शुक्ला एवं सिविल डिफेंस के सुनील गर्ग भी मौजूद रहे।

## लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले सदस्यों के विरूद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही : निगमायुक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने 1 सितरम्बर को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली अभियान में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को हर हाल में वसूली के आंकड़े को बढ़ाने हिदायत दी।

उन्होंने शुक्रवार को सभी 16 संभागों के वसूली की प्रगति की जानकारी ली और प्राप्त आँकड़ों पर नाराजगी जाहिर करते हुए राजस्व वसूली को और तेजगति से करने और लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह में फिर समीक्षा होगी, जिसमें सभी राजस्व निरीक्षक की परफॉरमेंस देखी जायेगी जिनका ख़राब प्रदर्शन रहेगा उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को धारा 173 के देयक शीघ्र वितरण करने के निर्देश दिये तथा घर-घर देयक वितरण के साथ करदाताओं से दूरभाष या घर-घर जाकर सम्पर्क कर बकाया करों की राशि जमा कराने प्रेरित भी करें। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया कि समय पर समस्त बकाया करों की राशि जमा करने पर एक ओर करदाता अधिभार से बचेगें वहीं दूसरी ओर शहर विकास के कार्यो में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करेगें। बैठक में उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, सहायक आयुक्त संभव अयाची एवं सभी राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।




**तिलक वार्ड में रोड़ एवं नाली के निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन**- लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक वार्ड में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के मुख्य आतिथ्य, उत्तर मध्य विधायक विनय सक्सेना की अध्यक्षता एवं पार्षद एम.आई.सी. सदस्य शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी के पार्षद अनुशंसा से 2,00,000 दो लाख की लागत से इपतेदा तिलावत ए कुरान ए पाक एवं सलातो सलाम के साथ हाफिज सिराजुल हसन साहब, हाफिज सलाउद्दीन साहब, हाफिज इम्तियाज साहब, हाफिज इस्तियाक साहब, हाफिज अयूब साहब, हबीबुर रहमान साहब, फरीद भाई ने कुराने पाक की तिलावत की रोड़ एवं नाली के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह आज आयेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते 1 सितम्बरर की रात्रि 23.50 बजे रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन भोपाल से प्रस्थान कर 2 सितम्बर को प्रातः 5.40 बजे रेल्वेर स्टेशन जबलपुर आगमन करेंगे। केन्द्रीय राज्यममंत्री कुलस्ते रेल्वे् स्टेशन जबलपुर से प्रातः 5.50 बजे प्रस्थान कर 6.05 बजे सर्किट हाऊस जबलपुर आगमन कर अल्प विश्राम के बाद 8.00 बजे जबलपुर से शहपुरा, जिला डिंडौरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मेरा शहर

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

## मिनरल्स से भरपूर कोकोनट, साल भर रहता डिहाइड्रेशन का सोर्स

### शहर के कई क्षेत्र हैं कोकोनट जोन के नाम से फेमस

**जबलपुर, देशबन्धु।** नारियल पानी जितना बॉडी को डिहाइड्रेट करता है, उतना ही मिनरल्स और मल्टीविटामिन से भरपूर होता है। यही कारण है कि नारियल पानी और नारियल से बनी हुई डिशेज ज्यादातर लोगों को पसंद होती है। घरों में जहां सब्जी और डिफरेंट डिशेज में नारियल का इस्तेमाल हो रहा है, वहीं फिटनेस के लिए भी नारियल पानी पसंद करने वालों की संख्या भी खूब है। शहर में नारियल पानी पीने के शौकीनों के कारण सालभर नारियल पानी की ब्रिकी बनी रहती है। नारियल के स्वाद के लिए ही हर साल 2 सितम्बर को वर्ल्ड कोकोनट डे मनाया जाता है।

**हेल्दी डिशेज का सीक्रेट**- डाइटिशियन सीमा त्रिपाठी कहती हैं कि नारियल से बने व्यंजन भी न्यूट्रिशन वाली थाली कम्पलीट करते हैं। यह हेल्दी डिशेज का सीक्रेट है। इससे बॉडी में भरपूर मात्रा में न्यूट्रिशन मिलता है। बच्चों के टिफिन को हेल्दी बनाने के लिए भी कोकोनट का इस्तेमाल नारियल शेक,



नारियल चटनी के साथ पराठे और नमकीन और मीठे व्यंजन में किया जा सकता है।

**हर सीजन में लोगों की पसंद** - शहर में कई स्पॉट्स ऐसे हैं जहां नारियल पानी मिलता है। यहां समर सीजन के साथ-साथ ऑफ सीजन में भी नारियल पानी की बिक्री होती है। सदर क्षेत्र में नारियल पानी विक्रेता ने बताया कि समर सीजन में हर माह 40-50 हजार रुपए तक नारियल पानी की बिक्री हो जाती है। वहीं ऑफ सीजन के दौरान सेलिंग ग्राफ में थोड़ी कमी आ जाती है।

#### कोकोनट के फायदे

- डाइजेशन अच्छा रहता है
- बीपी कंट्रोल रहता है
- माइंड रिलेक्स होता है
- डिहाइड्रेशन दूर होता है
- ओबेसिटी से निजात

#### यहां नारियल पानी जोन

- सदर
- कछपुरा
- विजय नगर
- रामपुर
- ग्वारीघाट

#### ये डिशेज हैं खास

- स्टफ्ड पराठा
- नारियल मिठाई
- नारियल चटनी
- नारियल मिल्क शेक
- नारियल कुकीज

## किन्नर समाज ने काजलियों का जुलूस निकालकर क्षेत्र वासियों को दुआएं दी



### डॉक्टर सुधीर अग्रवाल का सम्मान किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी किन्नर समाज के द्वारा लकड़गंज से खटीक मोहल्ला होते हुए सर्राफा कोतवाली हनुमानताल में काजलियों का जुलूस निकाला गया जो हनुमान ताल में आनंद महोत्सव के साथ विसर्जन किया गया। किन्नर गुरु हीरा दीदी ने बताया सैकड़ो वर्षो से शुभ यात्रा निकाली जाती है जिसमें क्षेत्र वासियों को दुआएं दी, साथ में मंगल कामना गीत गाये। बड़ी संख्या में मार्ग के दोनों तरफ श्रद्धालु आशीर्वाद लेते रहे। इस अवसर पर मंगलामुखी समाज की गुरु हीरा दीदी गुरु पदमा दीदी कैट शर्मा बबली तिवारी काजल दीदी खिलौना दीदी नेहा दीदी कशिश दीदी सहित सैकड़ो किन्नर समाज उपस्थित था। इस मौके पर किन्नर समाज की प्रमुख हीराबाई ने कहा हम किन्नर समाज को मुख्य धारा में जोड़ने वाले नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल का सम्मान कर हम अभीभूत हैं उन्होंने साल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर दुआएं दी।



## जी-20 सम्मेलन में छात्र बने प्रतिनिधि

**जबलपुर, देशबन्धु।** विभिन्न देश के ध्वज लगाकर स्टूडेंट्स के लिए जी-20 जैसा माहौल निर्मित किया गया। विद्यार्थियों ने अलग-अलग राष्ट्र के प्रतिनिधि बनकर परिचर्चा की। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में युवा मंथन मॉडल जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें पर्यावरण के लिए जीवन शैली, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक उन्नति, नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर बात हुई। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, संयोजक डॉ. प्रीति डोंगरे, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. वर्षा अगलावे, डॉ. दीप्ति मुले मौजूद रहीं।

## राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैम्प का बनेंगे हिस्सा



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे राज्य मुख्यालय के तत्वावधान में 2 से 4 सितम्बर तक कोटा में राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैम्प लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर मंडल से चार सदस्यों का ग्रुप कोटा के लिए रवाना हुआ। कैम्प के लिए अंश करमाकर, आस्था करमाकर, अंजलि नेगी, सोनम असीम का चयन हुआ है। शिविर में इन्हें कैम्प फायर, फर्स्टएड और अदर एक्टिविटी में परखा जाएगा। इस शिविर के बाद प्रतिभागियों को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित किया जाएगा।

### युवा संभालें बुंदेली के विस्तार की कमान

## शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में विभूति सम्मान और पुरस्कार वितरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक विज्ञानी डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव लोक वैभव के प्रतीक हैं। उन्होंने बुंदेली लोक साहित्य, कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण-संवर्धन के साथ भाषा विज्ञानी के रूप में भी बुंदेली का विस्तार किया। उनके द्वारा सृजित कृतियां संस्कृति और संस्कारों के संवर्धन में सहायक हैं। बुंदेली दिवस समारोह एवं पुरस्कार वितरण के दौरान वक्ताओं ने यह बात कही। शुक्रवार को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में गुंजन कला सदन के तत्वावधान में बुंदेली दिवस समारोह सम्पन्न हुआ।



**विभूतियों का किया सम्मान**- कार्यक्रम में जस्टिस राजेंद्र मेनन, विधायक विनय सक्सेना, पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. अशोक तिवारी एवं अन्य अतिथियों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राजीव अग्रवाल, गौरीशंकर केसरवानी, नरेंद्र जैन, एनसी राजू खादीवाला, नरेंद्र जैन, डॉ. रजनीश गर्ग, हिमांशु तिवारी, उमेश जैन, आलोक पाठक, भारती साहा, डॉ. वंदना दुबे, विमला श्रीवास्तव, रेखा सहाने, सुनीता गिनारा को सम्मानित किया गया।

**नर्तिकाओं की प्रस्तुति ने मोहा**- कार्यक्रम में नृत्यांगनाओं और नर्तकों ने नृत्य गुरु मोती शिवहरे के संयोजन में नृत्य की मनोरम प्रस्तुति दी। समारोह में पूर्व में आयोजित हुई चित्रकला और बुंदेली नृत्य प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर युक्तार्थ श्रीवास्तव, राजेश पाठक प्रवीण, विजय जायसवाल, मनीष जैन, गिरीश बिल्लोरे, मीना भट्ट, अमित अग्रवाल, पं. बाबा तिवारी, रचना हेमंत त्रिवेदी मौजूद रहीं।




## गुरुवंदन समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** मॉडल हाई स्कूल में मॉडेलियन द्वारा गुरुवंदन समारोह 3 सितम्बर को सुबह 9.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में 1973 बैच के 50 वर्ष और 1998 बैच के 25 वर्ष पूरे होने पर पुनर्मिलन कार्यक्रम भी होगा।

## नाटक मंचन 8 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, थिएटर हाउस और विवेचना रंगमंडल के संयुक्त तत्वावधान में 8 सितम्बर को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में शाम 6.30 बजे से सर्वे भवन्तु सुखिन: नाटक का मंचन किया जाएगा।

## जेएस मूर्ति व्याख्यानमाला 29 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** मीडिया स्टडी सर्किल के तत्वावधान में संचार विशेषज्ञ डॉ. जेम्स सुंदर मूर्ति की स्मृति में 29 सितम्बर को व्याख्यान माला आयोजित होगी। कार्यक्रम में देशभर से आए विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। कार्यक्रम श्रृंखला में फोटो प्रदर्शनी रानी दुर्गावती कलावीथिका में लगाई जाएगी।



## शान से निकला संदल जुलूस

**जबलपुर, देशबन्धु।** हज़रत सैय्यद अली हसन अशरफी उल जिलानी घोड़ा अस्पताल वाले के उर्स के मौके पर बाद नमाज़ जुमा दोपहर 3 बजे छोटी ओमती निवासी मरहूम मुन्ने अली के मकान से अक़ीदत और मुहब्बत के साथ संदल जुलूस निकाला गया। परंपरागत अपनी शान से निकले जुलूस मे बैंड बाजे, शहनाई शामिल थे जिनकी सुमधुर धुनें जायरीनों को अक़ीदत से सराभोर कर रही थी।

सूफी मोहसिन कादरी, सैय्यद आजाद अली, मुईन खान, अब्दुल रशीद, मोहम्मद शरीफ, रिजवान अली कोटी, उबेद खान, बादशाह खान, सूफी मुशाहिद, अब्दुल बिलाल सहित सैकड़ों जन जुलूस मे शरीक हुए। जुलूस मे शामिल कव्वाल हज़रात अपने कलाम पेश कर रहे थे अक़ीदतमंद कव्वालो को दिल खोलकर नजराना पेश कर रहे थे। विभिन्न मार्गो से गश्त करते हुए जुलूस दरगाह शरीफ पहुंचा जहां परंपरानुसार मज़ार शरीफ पर चादर पोशी व गुल पोशी की गई। नजरो न्याज पेश करने के बाद तबरूख तक़सीम किया गया। आज उर्स के अंतिम दिन बाद नमाज़ जुहर दोपहर 2 बजे कुल शरीफ का एहतेमाम किया जाएगा।

## रक्षाबंधन पर लाडली बहनों को दिया साड़ी का तोहफा



**जबलपुर, देशबन्धु।** आकाश मलिक जिला महामंत्री भाजपा अजामो ने बताया कैंट क्षेत्र क लोकप्रिय विधायक अशोक ईश्वरदास रोहणी जी के नेतृत्व में रक्षाबंधन के उपलक्ष में वार्ड क्रमांक 3 में झिरिया खेरमाई मंदिर में लगभग 400 महिलाओ को एक जनसेवक अशोक रोहणी की तरफ से अपनी बहनों को रक्षाबंधन का तोहफा साड़ी के रूप में दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित. बूथप्रभारी, रमा पासी, संगीता पासी, सविता पासी, रिंकू कनोजिया, संध्या पासी, राकेश पासी, सुरेश रजक, सुब्रतो बाबू बंगाली आदि बड़ी सख्य में भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 02 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया। नक्षत्र-उ.भा.।**

**मेष** आज का दिन अत्यंत सावधानीपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। सर्दी, कफ और बुखार के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृषभ** आज आपकी आय और व्यापार में वृद्धि होने के योग हैं। व्यापार में नए लाभदायक संपर्क होंगे। परिजनों और मित्रों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायिक क्षेत्र में काम की प्रशंसा होने से उत्साह भी बढ़ेगा।

**कर्क** आज का दिन आप धर्म, ध्यान तथा देवदर्शन में व्यतीत करेंगे। किसी तीर्थ स्थान पर जा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रहेंगे।

**सिंह** आज का दिन थोड़ी सी प्रतिकूलताओं रहेगा। स्वास्थ्य के संबंध में आपको विशेष ध्यान रखना होगा। बाहर खाने- पीने से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**कन्या** सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मित्रों से विशेष लाभ होगा। दांपत्यजीवन में परमसुख के पलों का अनुभव होगा। नए वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी तथा पहनने का अवसर मिलेगा।

क.

**तुला** - आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक दिन है। नौकरीवालों को उनके काम में यश और सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु** आज आप में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। परिवार में क्लेश कलह का वातावरण रहने से आपका मन उदास रहेगा। अनिद्रा सताएगी।

**मकर** - आपका आज का पूरा दिन सुखमय गुजरेगा। अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर आप सभी काम आज सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे।

**कुंभ** मन की दुविधाओं से आप में निर्णयशक्ति का अभाव होगा। परिणाम स्वरूप उलझन का अनुभव होगा। तबीयत थोड़ी नरम-गरम रहेगी।

**मीन** आज आप आनंद, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। नए काम की शुरुआत लाभदायक साबित होगी। मित्रों, स्वजनों के साथ भोजन का आनंद उठाने का अवसर प्राप्त होगा।

मा.

## बेवजह आपत्ति लगाकर कर्मचारियों को परेशान कर रहा कोषालय लिपिक

**जबलपुर,देशबन्धु।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक योगेन्द्र दुबे ने बताया कि जिला कोषालय अधिकारी जबलपुर एवं उनके अधीनस्थ लिपिक संजय शिवहरे को आहरण एवं संवितरण कार्य से पूर्णत: अलग रखा जाये। कर्मचारियों के हितार्थ संजय शिवहरे को किसी भी प्रकार के वित्तीय प्रभार न दिये जाये इन्हें वित्तीय कार्य के अतिरिक्त कोई कार्य दिया जाये, जिससे कर्मचारियों को परेशानी न हो जिला चिकित्सालय स्वास्थ्य विभाग का डीडीओ कार्य संजय शिवहरे के पास है, स्वास्थ्य विभाग से कोषालय में जो कर्मचारियों के देयक प्रस्तुत किये जाते हैं उनमें अनावश्यक आपत्तियों दर्ज की जाती है एक बार आपत्ति निराकरण करने पर तदोपरांत पुन: आपत्ति लगाई जाती है, जबकि नियमानुसार सभी आपत्तियां एक बार लगाई जानी चाहिए परंतु बार-बार अलग अलग आपत्तियां लगाकर देयक को वापिस किया जाता है। और इन



आपत्तियों का कारण एवं उन आपत्तियों का निराकरण किस प्रकार करना है। यह कोषालय लिपिक द्वारा नहीं बताया जाता है, जिससे कर्मचारियों को बच्चों की पढ़ाई शादी, ब्याह, बड़ी बीमारी एवं भवन निर्माण संबंधी कार्यों के लिए धन की आवश्यकता के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। कोषालय अधिकारी को बार-बार ज्ञापन के माध्यम से संजय शिवहरे लिपिक को हटाने के लिए मांग की जा रही है परंतु इनके कान में जू भी नहीं रेंग रही है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, इंद्रजीत मिश्रा, आलोक अग्निहोत्री, सतीश देशमुख, अंकित चौरसिया, ब्रजेश मिश्रा, दुर्गेश पाण्डे, हेमंत गौतम, आदित्य जायसवाल, प्रीतोष तारे, हिमारत मार्को, वीरेन्द्र चंदेल, एसपी बाथरे, रामकृष्ण तिवारी, बलराम बाल्मीक, कमलेश कोरी, जीपी शुक्ला, सीएन शुक्ला, अमित गौतम, संदीप चौबे आदि ने श्री क्लेमेंट मार्टिन अधीक्षक आयुक्त राजस्व को कमिश्नर के नाम का शिकायत पत्र ज्ञापन सौंपकर मांग की है, कि इनको शीघ्र आहरण संवितरण जैसे जिम्मेदार पद के अलग किया जाये।

## जिला स्तरीय क्रिकेट चयन ट्रायल आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल के संयोजन में 4, 5 एवं 6 सितम्बर 2023 को जिला स्तरीय क्रिकेट चयन ट्राइल महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल (राईट टाउन) के सामने वाले मैदान में सुबह 7 बजे से रखी गई है जिन प्रतिभागियों को इस चयन ट्राइल में भाग लेना है वो अपनी-अपनी संस्था द्वारा भरे गये आनलाईन फार्म के प्रति के साथ उपस्थित होवें जिन संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने ऑनलाईन पंजीयन नहीं किया होगा उस संस्था के छात्र छात्रा चयन ट्राइल में भाग नहीं ले सकेंगे। दिनांक 4 सितम्बर को अंडर 14 बालक क्रिकेट चयन ट्राइल, 5 सितम्बर को अंडर 17 बालक क्रिकेट चयन ट्राइल 6 सितम्बर को अंडर 19 बालक क्रिकेट चयन ट्राइल होगी। क्रिकेट से सम्बंधित एवं चयन ट्राइल के संबंध में जानकारी के लिए खेल प्रभारी अतुल मिश्रा मो.नम्बर 9407022233, ब्रजेन्द्र तिवारी मो. नम्बर 7089140689 से संपर्क कर सकते हैं।

## प्रवेश प्रक्रिया की तिथि को आगे बढ़ाने एनएसयूआई ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एनएसयूआई छात्र नेता नीलेश माहर के नेतृत्व में शुक्रवार को अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा गया। वही छात्र नेता नीलेश माहर ने अवगत कराया कि गत दिवस 12वीं कक्षा का पूरक परीक्षाओं का परिणाम मध्यप्रदेश बोर्ड द्वारा घोषित किया गया। साथ ही ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भी छठवें चरण की प्रवेश प्रक्रिया की शुरूआत की गई है, जो सही तो है लेकिन प्रवेश प्रकिया में सीमित समय जो कि 1 सितम्बर तक रखा गया है जो पूरक छात्रों के लिए समस्या का कारण बन गया है, क्योंकि बहुत से ऐसे छात्र हैं जिन्हें प्रवेश लेते समय सर्वर की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उनकी अभी तक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है एवं कुछ छात्रों का तो यह भी कहना है, कि उनका अभी तक पूरक परीक्षा का परिणाम खुल नहीं रहा है एवं कुछ ऐसे भी छात्र हैं जो रक्षाबंधन जैसे बड़े त्यौहार के चलते इस प्रवेश प्रक्रिया से वंचित रह गये हैं। अत: इन्हीं सब समस्या के चलते स्नातक प्रथम वर्ष के विभिन्न संकाय में छठवें चरण की प्रवेश प्रकिया की तिथि को आगे बढ़ाने एनएसयूआई छात्र नेताओं द्वारा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही यह भी चेताया गया कि यदि प्रवेश प्रक्रिया की तिथि को आगे नहीं बढ़ाया गया तो एनएसयूआई द्वारा हर स्तर पर आकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित नीलेश माहर, मोहम्मद अली, अपूर्व केसरवानी, सुमित खटीक, अनुज यादव, नाजिम शाह, वाजिद कादरी, अभिषेक दाहिया, यश सोनी आदि छात्र नेता मौजूद रहे।



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री त्रिलोक सिंह**- गुप्तेश्वर मंदिर रोड निवासी श्री त्रिलोक सिंह (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गोपाल प्रसाद साहू**- कृष्णा नगर माढ़ोताल निवासी श्री गोपाल प्रसाद साहू (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अमरजीत सिंह लाम्बा**- मदनमहल गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री अमरजीत सिंह लाम्बा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रोहित सैनी**- सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री शिव कुमार सैनी के पुत्र श्री रोहित सैनी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा चांद**- जगदम्बा कॉलोनी निवासी श्री उदय चांद की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा चांद (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन लाल कोरी**- नई बस्ती कांचघर निवासी श्री किशन लाल कोरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोमवती जायसवाल**- रेतनाका ग्वारीघाट निवासी श्री केएल जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती जायसवाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. श्रद्धा गूजर**- करियापाथर निवासी श्री संतोष गूजर की पुत्री कु. श्रद्धा गूजर (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बाला बाई पटेल**- गोरखपुर शारदा टाकीज के पीछे निवासी श्री फूलचंद पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती बाला बाई पटेल (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कोमल प्रसाद कार्तिकेय**- साठिया कुआं सराफा वार्ड निवासी श्री कोमल प्रसाद कार्तिकेय (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री देवी**- पोलीपाथर निवासी श्री सत्य नारायण प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूनम सोनवाने**- मानेगांव रांझी वेस्टलैंड निवासी श्री संतोष सोनवाने की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम सोनवाने (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला गोस्वामी**- कचनार सिटी विजयनगर निवासी श्री एसके गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला गोस्वामी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुंदर लाल चौधरी**- झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सुंदर लाल चौधरी (58) का निधन हो गया।

## इंद्रा नगर में देर रात दो पक्षों में विवाद, खुलेआम चले तलवारें व चाकू, 5 घायल, एक की हालत नाजुक



**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना अंतर्गत इंद्र नगर में गाय का धक्का लगने की बात पर उपजे विवाद ने कल 31 अगस्त की रात तूल पकड़ लिया। धारदार-हथियार लेकर घात लगाए बैठे आधा दर्जन हमलावरों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे घायल के परिजनों को भी हमलावरों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटते हुए चाकू से हमला किया। हमले में 6 लोगों को चोटें पहुंची है, जिन्हे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रांझी पुलिस ने घायलों की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

अस्पताल में उपचार करा रहे प्रभुलाल यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी गाय से मोहल्ले के रहने वाले उत्तम पटेल के लड़का टकरा गया। गाय का धक्का लगने की बात पर पटेल परिवार के लोग घर झगड़ा करने आ गए। मोहल्ले वालों की समझाईश के बाद पटेल परिवार गाली देते हुए बाद में देख लेने की धमकी देकर चला गया। गुरूवार रात भतीजा सुनील यादव दूध बेचकर वापस आ रहा था, तभी काजू पटेल, उत्तम पटेल सहित आधा दर्जन लोगों ने उस पर प्राणघातक हमला कर दिया।

सुनील के साथ हो रही मारपीट की सूचना मिलते ही उसे बचाने के लिए मोंटी यादव, राममिलन यादव, राज यादव एवं भोलू यादव मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने चाकू और तलवार से हमला कर दिया। धारदार हथियार से हुए हमले में यादव परिवार के कई सदस्य घायल हुए। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि सुनील यादव एवं मोंटी यादव को अधिक चोट है।

## स्कूल में निकला सात फिट का सांप, टीचर-बच्चों में फैली दहशत



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलवारा में दोपहर को उस समय हड़कंप मच गया जब मध्याह्न भोजन कक्ष में सात फीट लंबा सांप घुस आया। सांप चूहे का शिकार करते हुए अंदर घुस आया था। बच्चों के लिए भोजन बनाने वाली महिलाओं ने जैसे ही किचन में सांप देखा तो उनके होश उड़ गए।

सांप को देखकर सभी लोग कमरे से बाहर निकल आए। इस बीच स्कूल के प्राचार्य ने सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे और सांप का रेस्क्यू किया और फिर पकड़कर उसे जंगल में छोड़ा। सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने बताया कि दोपहर को साढ़े तीन बजे सात फीट लंबा धामन सांप ने चूहे का शिकार किया था। तभी स्कूल परिसर में लगे पेड़ों पर बैठे बंदरों ने सांप को परेशान करने लगा। जिसके कारण सांप वहां से भागकर स्कूल में बने मध्याह्न भोजन कक्ष में बर्तनों को पीछे जाकर छिप गया। स्कूल के प्रधानाचार्य कमलेश शर्मा और वरिष्ठ शिक्षिका रीता साहू की सूचना पर सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने बताया कि सात फिट लंबा धामन सांप सरकारी स्कूल के भोजन बनाने वाले कक्ष में निकल गया था जिसको देखते ही स्कूल प्रबंधन के साथ बच्चे भी डर गए थे लेकिन, यह सांप जहरीला नहीं होता है, इसलिए डरने की कोई बात नहीं है। सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने सांप को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया है। गजेन्द्र दुबे सांप का रेस्क्यू कर रहें थे, और वहां पदस्थ टीचर मोबाइल से वीडियो बना रहें थे।



## वीणा गारमेंटस में जीएसटी विभाग जांच की कार्यवाही जारी

### स्टॉक के मिलान से लेकर खरीद व बिक्री के दस्तावेजों को खंगाला जा रहा

**जबलपुर,देशबन्धु।** रेडीमेड कपड़ा कारोबारी के यहां स्टेट जीएसटी के एंटी इवेजन ब्यूरो के छापे में जांच दल ने त्यौहार बाद शुक्रवार को पुन: जांच की कार्यवाही शुरू कर दी है, स्टॉक व खरीद-बिक्री से सम्बंधित दस्तावेजों को जब्त कर उनका परीक्षण कारोबारी द्वारा बताये गये मिलान से किया जा रहा है और गड़बड़ी का पता लगाया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही कारोबारी से कर की राशि वसूल की जायेगी। कहा जा रहा है कि जांच में अभी दो-तीन दिन का समय और लग सकता है। उल्लेखनीय है कि जांच दल को गारमेंट की दुकान और गोदाम में रेडीमेड कपड़ों का बड़ा स्टॉक मिला था और स्टॉक बिक्री में भी बिक्री में भी अंतर पाया गया है , इसी को आधार मानकर आगे की जांच की जा रही है। विनीत टाकिज में स्थिम वीणा गारमेंट प्रतिष्ठान और उसकी गोदाम पर एंटी इवेजन ब्यूरो के 20 सदस्यीय दल ने पिछले दिनों छापा मारा था यही नहीं संचालक के घरों के ठिकानों पर भी जांच की कार्यवाही करते हुए दस्तावेजों को जब्त किया गया था।

बताया जाता है कि घरों में लगभग जांच की कार्यवाही समाप्त हो चुकी है और जप्त दस्तावेजों की जांच विभाग में की जायेगी। जबकि व्यवसायिक स्थल और गोदाम को जो सील किया गया था, उसे खोल दिया गया है और जांच की कार्यवाही पुन: शुरू कर दी गई है। जांच में विशेषकर कारोबार से जुड़े स्टॉक का मिलान किया जा रहा है, खरीद व बिक्री से सम्बंधित अहम दस्तावेजों को जांच के लिए जब्त किया गया है और उनकी जांच की जा रही है। कारोबारी द्वारा जो जीएसटी जमा करना था, वह नही किया गया और इसी को आधार मानकर कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है। उम्मीद यह लगाई जा रहीं है कि जांच की कार्यवाही दो से तीन दिन में पूरी हो सकती है। अधिकारी कह रहे है कि जांच पूरी होने के बाद ही कर और पैनाल्टी का सही आंकलन हो पायेगा, इसके बाद ही कारोबारी से कर की राशि वसूल की जायेगी।

## नगर निगम सफाई सुपरवाइजर का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

### अधारताल के निर्मलचंद जैन वार्ड का मामला



**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल के निर्मलचंद जैन वार्ड क्रमांक 60 में सफाई सुपरवाइजर का सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें सुपरवाइजर खुलेआम एक ठेका कर्मचारी से रिश्वत लेते हुए देखा जा रहा है।

वीडियो वायरल होने के बाद शहर की सफाई व्यवस्था की आड़ में किस तरह से भ्रष्टाचार किया जा रहा है इसका खुलासा हो रहा है। इधर शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम अधिकारी और महापौर लगातार प्रयासरत है लेकिन दूसरी तरफ सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी जिन पर वो मनमानी से काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो में सुपरवाइजर का नाम राजदत्त कोरबा बताया जा रहा है। सुपरवाइजर ऐसे सफाई कर्मी से पैसा लेते हुए दिख रहा है जो काम ही नहीं करता है परंतु उसके द्वारा उक्त कर्मचारी को पूरा वेतन देकर बाद में रिश्वत के रूप में कुछ पैसे लिए जाते हैं। बताया जा रहा है कि निर्मलचंद वार्ड में 32 संविदा कर्मचारी जिसमें महज 8 लोग ही काम कर रहे हैं जबकि 4 कर्मचारी ठेका है कुल 12 कर्मचारी के बूते वार्ड की सफाई व्यवस्था को संभाला जा रहा है।

### नशे के सौदागर हथियारों से लैस हो कर रहे तस्करी

## नशीले इंजैक्शन बेचते आरोपी पिस्टल एवं नशीले इंजैक्शन सहित गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में रोजाना पुलिस शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे शराब बरामद कर रही है। लेकिन नशीले इंजेक्शन के सौदागर पुलिस के लिये सिरदर्द बने हुये हैं। इसी कड़ी में लार्डगंज थाना अंतर्गत पुलिस ने देर रात जीवीएम कॉलोनी में पुलिस ने एक नशीले इंजेक्शन के तस्कर को पकड़ा है। इस संबंध में लार्डगंज थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि जीवीएम कॉलोनी जीरो डिग्री में एक युवक कमर में बैग बांधे घूम रहा है। जो कट्टा या पिस्टल रखे हुये है। जिसपर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम राहुल तिवारी उम्र 38 वर्ष निवासी जैन मंदिर के पास विजयनगर बताया जो तलाशी लेने पर कमर में बायें तरफ पिस्टल खोंसे मिला। पिस्टल को चैक करने पर मैग्जीन में एक कारतूस लोड होना पाया गया तथा कमर में बंधे बैग की तलाशी लेने पर पारदर्शी प्लास्टिक पैकेट में ब्यूप्रेनार्फिन हाईड्रोक्लोराइड इंजेक्शन 0.3 एम/एमएल थ्रंतहमेपब 2 की 50 शीशियां रखी मिलीं, उक्त नशीले इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर घूम घूम कर नशेड़ी लोगों को बेचना बताया, आरोपी राहुल तिवारी के कब्जे से पिस्टल एवं कारतूस तथा नशीले इंजेक्शन 50 नग जप्त करते हुये आरोपी राहुल तिवारी के विरूद्ध थाना लार्डगंज में अपराध क्रमांक 492/23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा पृथक अपराध क्रमांक 493/23 धारा 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।




## बुन्देली दिवस पर सम्मानित हुए पं. नलिनकांत बाजपेई

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक, कुशल संगठक, पत्रकार पं. नलिनकांत बाजपेई का 1 सितम्बर को लोक विज्ञानी, शिक्षाविद डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव के स्मृति जन्मोत्सव बुंदेली दिवस पर शहीद स्मारक भवन, जबलपुर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। श्री बाजपेई को सांसद, पत्रकार पंडित मुंदर शर्मा स्मृति लोक जागरण पत्रकारिता अलंकरण से विभूषित किया गया। उनके साथ ही शहर के हर क्षेत्र में अग्रणी विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

## हजारों भू-स्वामियों के साथ राजस्व विभाग ने खेल खेला

### कलेक्टर को आदेशों की कॉपी प्रस्तुत की

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के स्वयं सक्षम अधिकारी ने 15 मार्च 2005 को आदेश जारी कर बताया था कि भूमि के खसरे के कैफियत कालम नं.12 में शहरी सीलिंग प्रभावित के उल्लेख को विलोपित किया जाये। उन्होंने यह आदेश समस्त तहसीलदारों को जारी किया था।

किन्तु इस 2005 के आदेश के बावजूद भी वर्ष 2019 में राजस्व रिकार्ड में हजारों भूमि स्वामियों के खसरे में शहरी सीलिंग प्रभावित का उल्लेख को विलोपित करना तो दूर उल्टा खसरा सीलिंग में दर्ज कर दिया गया ।

डॉ पीजी नाजपांडे ने इस आदेश की कापी कलेक्टर को प्रस्तुत की साथ ही बताया कि उन्होंने स्वयं सीलिंग की कापी कलेक्टर को प्रस्तुत की साथ ही बताया कि उन्होंने स्वयं सीलिंग पीड़ित किसान समिति के अध्यक्ष के नाते मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जिसमें हाईकोर्ट ने 6/4/2015 को सरकार को सीलिंग एक्ट के तहत अधिग्रहित भूमि को इस निरसन एक्ट में भूमि को वापिस करने संबंधी कार्यवाही करने को कहा है।

सीलिंग के फांस से मुश्किल में पड़े भूमि स्वामियों जमीने कौड़ियों के दाम खरीदने वाला भू माफिया जबलपुर में सक्रिय है। इन पर सख्त कार्यवाही होना चाहिये यह मांग कलेक्टर से की गई इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे राजेश गिदरोनिया, राजेश सिंह सेंगर मक्खन सेन, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## नहाते समय पानी में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्वारीघाट थाना में सिटी अस्पताल में एक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को दीपक शर्मा उम्र 31 वर्ष निवासी लालमाटी घमापुर ने बताया कि दिनांक 31-8-23 की शाम लगभग 3-30 बजे उसे सूचना मिली कि नितिन विश्वकर्मा बच्चों के साथ ग्वारीघाट नर्मदा जी घूमने आया था जो बच्चों के साथ नर्मदा जी में नहाते समय पानी में डूब गया। सूचना मिलने पर वह नर्मदा नदी ग्वारीघाट पहँचा जहां वालों ने नितिन विश्वकर्मा को पानी से बाहर निकाला जिसे सिटी अस्पताल लेकर गये जहां डॉक्टर ने चैक कर नितिन विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी जीसीएफस्टेट थाना सिविल लाईन को पानी में डूबने से नितिन को मृत घोषित कर दिया।

## अधारताल, पाटन पुलिस ने मारा जुआ फड़ पर छापा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी छिपे अभी भी जुआफड़ संचालित किया जा रहा है। कुछ माह पहले जुआफड़ संचालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद जुआफड़ जमना बंद हो गये थे। लेकिन बीते कुछ दिनों से एक बार फिर जुआफड़ों पर पुलिस की कार्रवाई की खबरें सामने आने लगी है। इसी कड़ी में अधारताल थाना पुलिस व पाटन थाना पुलिस ने अपने-अपने इलाकों में जुआफड़ों पर छापा मारकर जुआरियों को पकड़ा है।

इस संबंध में अधारताल थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि देर शाम पुलिस को थाने में सूचना मिली कि छोटी काली मंदिर के सामने बिजली के खम्बे में नीचे संजयनगर में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं । जिस पर सूचना मिलते ही पुलिस ने संजय नगर में दबिश दी, जहां बिजली के खम्बे के नीचे कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। जिन्होंने अपने नाम क्रमश: रोहित दाहिया उर्फ संजय निवासी रामकुण्ड के पास संजयनगर, विवेक मलिक निवासी कमेटी हॉल के पीछे संजयनगर, करन मलिक निवासी कमेटी हॉल के पीछे पहाड़ी संजयनगर, अधारताल बताये। पुलिस ने जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते तथा 8 हजार रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



**नगद 12 हजार 780 रूपये जप्त**

### स्कूल के पास जुआरी पकड़े गये

इसी तरह पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि बीती रात पुलिस को थाने में सूचना मिली कि ग्राम भमक पड़रिया में स्कूल के पास कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जिसके बाद योजनारबद्ध तरीके से पुलिस ने स्कूल के पास दबिश दी। जहां स्कूल के पीछे के मैदान में बिजली का बल्ब जलाकर नीचे चटाई में बैठकर कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेलते दिखे।

पुलिस को आता देख जुआरियों में भगदड़ मच गई। जुआरी यहां वहां भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। कुछ भागने में कामयाब हो गये। फिर भी घेराबंदी कर 4 जुआरियों को पकड़ा गया।

पकड़े गये चारों जुआरियों ने नाम पता पूछने पर अपने नाम आशीष अहिरवार, भोपाल सिंह लोधी, दीपक राज लढ़िया, अमर सिंह लोधी सभी निवासी भमक पड़रिया बताये जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते तथा 4 हजार 780 रूपये, बिजली का बल्व एवं चटाई जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



## मध्यप्रदेश में भी हो विधान परिषद का गठन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिस तरह संसद में राज्य सभा उच्चसदन और लोकसभा निम्नसदन होता है उसी तरह राज्यों में विधान परिषद उच्चसदन तथा विधानसभा निम्नसदन होता है। 1956 में मध्यप्रदेश राज्य के गठन के वक्त विधान परिषद के गठन किये जाने का प्रस्ताव भी शामिल था परंतु अभी तक वह लंबित है। आम आदमी पार्टी जबलपुर के सदस्यों ने बैठक कर मध्यप्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखकर विधान परिषद के गठन को सुनिश्चित किये जाने की मांग की। पार्टी के सदस्यों ने बताया कि विधानसभा में पूछे गये सवाल के जबाव में सामान्य प्रशासन मंत्री ने जानकारी दी है कि प्रदेश में विधान परिषद के गठन के संबंध में वचन पत्र में उल्लेख है परंतु समय सीमा बताना संभव नहीं है। प्रदेशाध्यक्ष आरटीआई विंग मनीष शर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 169,171 (1)एवं 171(2) में विधान परिषद के गठन का प्रावधान है इसके गठन के लिए विधानसभा में बहुमत से पारित प्रस्ताव को संसद में भेजा जाता है तत्पश्चात लोकसभा एवं राज्य सभा प्रस्ताव को अनुमोदित करती है जिसे राष्ट्रपति की अनुमति के बाद विधान परिषद का गठन किया जाता है। मनीष शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में देश के 9 राज्यों में द्विसदनीय पद्धति प्रचलन में है विधानसभा एवं विधान परिषद यह आंध्रप्रदेश बिहार, कर्नाटका, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश तेलंगाना, जम्मू कश्मीर तथा दो राज्यों राजस्थान एवं असम को अभी वर्तमान में अनुमति प्रदान की गयी है। आम आदमी पार्टी के पंकज पाठक, संतोष वर्मा, चन्द्रमणि वर्मा, राकेश चक्रवर्ती,मंजू सोनी, प्रफुल्ल सम्सेना, रणधीर राय, मयंक राज, ब्रजेश चतुर्वेदी, अंकित गोस्वामी, जितेन्द्र श्रीवास, सेवेन्द्र बर्मन, रविन्द्र बर्मन, राजा बर्मन आदि सदस्यों ने मध्यप्रदेश की बड़ी आबादी को ध्यान में रखकर शासन को सुचारु रुप से चलाने विधानपरिषद के गठन की मांग करते हुए चेताया कि यदि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इस दिशा में शीघ्र कार्यवाही प्रारंभ नहीं की जाती तब पार्टी एक जनआंदोलन प्रारंभ करेगी।

## मीसा बंदी की पेंशन के दावे का करो निराकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मीसा बंदी को पेंशन देने के संबंध में उचित निर्णय लेने के निर्देश दिये है। एकलपीठ ने सिवनी कलेक्टर को कहा है कि वह आवेदक के अभ्यावेदन का मोहन साहू के प्रकरण में दिये गये आदेश के परिप्रेक्ष्य में निराकरण करे। यह मामला सिवनी निवासी धनेन्द्र जैन की ओर से दायर किया गया। जिसमें कहा गया कि वह मीसा बंदी है और जेल अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है। याचिकाकर्ता ने इसके लिए सिवनी कलेक्टर को कई बार अभ्यावेदन दिया, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने आवेदक को समस्त दस्तावेजों के साथ कलेक्टर के समक्ष पुन: अभ्यावेदन पेश करने के निर्देश दिये, जिस वे सहानुभूति पूर्वक उचित निर्णय पारित करेंगे।




## जमीन अधिग्रहण के मामले में पेश करो सहमति पत्र

### हाईकोर्ट ने एनसीएल अधिकारियों को दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने जमीन अधिग्रहण के बदले नियुक्ति दिये जाने के मामले को सख्ती से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने नॉर्दर्न कोल फील्डस लिमिटेड सिंगरौली के उच्चाधिकारियों को जमीन मालिक का सहमति पत्र संबंधी दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो एनसीएल के अधिकारियों के आचरण की जांच के लिए चीफ विजिलेंस कमिश्नर को निर्देश दिए जाएंगे। यह मामला सिंगरौली निवासी मोहन सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि एनसीएल ने उसके पिता स्व. रामानुज सिंह की जमीन अधिग्रहीत की थी। नियमानुसार जमीन के बदले नौकरी याचिकाकर्ता को न देकर तेज प्रताप सिंह को दे दी गई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एनसीएल अधिकारियों का दावा है कि रामानुज ने इसके लिए सहमति पत्र दिया था। आवेदक की ओर से कहा गया कि एनसीएल के अधिकारी जानबूझकर सहमति पत्र संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। वहीं एनसीएल की ओर से कहा गया कि इस मामले में जांच की गई है और तेज प्रताप के खिलाफकुछ भी गलत नहीं मिला है। जिस पर न्यायालय ने कहा कि एनसीएल के अधिकारियों को याचिकाकर्ता के पिता का सहमति पत्र पेश करना जरूरी है।

## निर्वाचन की अधिसूचना को चुनौती

### पावरलूम बुनकर समिति का प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने मप्र राज्य पावरलूम बुनकर सहकारी संघ मार्यादित की निर्वाचन अधिसूचना को चुनौती के मामले में जवाब मांगा है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मामले में प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग, मप्र स्टेट को-आपरेटिव चुनाव अधिकारी, कमिश्नर कोआपरेटिव, ज्वाइंट कमिश्नर कोआपरेटिव, कलेक्टर बुरहानपुर, असिस्टेंट रजिस्ट्रार कोआपरेटिव व मैनेजिंग डायरेक्टर मप्र राज्य पावरलूम बुनकर सहकारी संघ मार्यादितए बुरहानपुर को नोटिस जारी किए हैं। याचिकाकर्ता उपासना टैक्सटाइल्स के डायरेक्टर हर्षित ठाकुर की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि मप्र राज्य पावरलूम बुनकर सहकारी संघ मार्यादित का 2007 में गठन हुआ थां। इसके निर्वाचन की अधिसूचना कठघरे में है। क्योंकि अ वर्ग के निर्वाचन हो चुके हैं जबकि ब वर्ग के प्रस्तावित हैं। किंतु मनमाने तरीके से अ वर्ग को भी ब वर्ग में सम्मिलित किया जा रहा है। इस रवैये को पूर्व में अभ्यावेदन के जरिये चुनौती दी गई। जब कोई नतीजा नहीं निकला तब हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता भूपेन्द्र कुमार शुक्ला ने पक्ष रखा।

## सावन का महीना अवसान, किसान बारिश के लिए परेशान

### दिन में उमस और गर्मी, शाम को छा रहे बादल पर बारिश नहीं हो रही



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** सावन का महीना अवसान हो गया है ,पिछले लगभग 15 दिनों से लगातार दिन के समय गर्मी व उमस का वातावरण रहता है किंतु शाम के समय आसमान पर काले व बरसने वाले बादलों का डेरा बन जाता है किंतु जिस प्रकार बादल बन रहे है, पर बरसात नहीं हो रही है।किसानों को अब भी अच्छी बरसात की उम्मीद है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष क्रांति धान का रकबा बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन अभी तक अच्छी बारिश नहीं होने के कारण किसानों में मायूसी छाई हुई है, क्योंकि बारिश अच्छी नहीं होने से किसानों के खेत जलविहीन हैं, किसानों में बेहद हताशा का वातावरण हैं।

**अच्छी बारिश का इंतजार/कम बारिश से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका**-क्षेत्र में धान की फसल करने वाले किसानों को अभी भी अच्छी बारिश का इंतजार है। कृषि के जानकारों में वासुदेव व प्रकाश मिश्रा की माने तो पिछले साल की अपेक्षा लगभग 70 फीसदी जिन किसानों ने धान की फसल लगाई है और जहाँ नहरों से सिंचाई सम्भव नहीं है उन्हें सिंचाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ट्यूबवेल और इंजन से खेतों में पानी की सप्लाई की जा रही है। इस लिहाज से मात्र 30 से 40 प्रतिशत धान की फसलों से सिंचाई हो पा रही है। कम बारिश की वजह से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। क्योंकि यदि समय पर पानी नही बरसता है तो उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत की कमी आने की संभावना जताई जा रही है। किसानों ने बताया कि यदि फसल में पानी की देरी हुई तो फसल की उपज प्रभावित होगी। जिससे उसका उत्पादन भी प्रभावित होगा।

## आत्महत्या : हाथ में लपेटा बिजली का तार, लाइट आते ही गई जान

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन थानांतर्गत चपोध गांव में एक विचित्र घटना घटित हो गई, जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। गांव के साधारण किसान परिवार का 35 वर्षीय युवक ने बिजली के नंगे तारो को पहले तो अपने दाहिने हाथ में लपेट लिया फिर अपने दोनों पैरों को पानी में डूबा कर मौत का इंतजार करता रहा और जैसे ही लाईट आई पलक झपकते ही युवक की जान चली गई।

### ये है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चपोध के प्रमोद नामदेव उम्र 35 वर्ष ने दिनांक 30 अगस्त को सुबह 7 बजे अपनी मां को खेत जाने का कह कर अपने घर से निकला लेकिन मां ने बोला बेटा आज मत जाओ खेत, हमे और जगह भी जाना है। बेटा बोला में जल्दी आ जाऊंगा फिर मां ने बोला बेटा थोड़ा रुको में पोहा बना देती हू नाश्ता करके जाना और मां पोहा बनाने लगी तभी प्रमोद बोला में अभी आ रहा हूं और बिना पोहा खाय सुबह 7 बजे खेत चला गया चुकी सुबह के वक्त क्षेत्र में विद्युत कटौती रहती है यह बात उसे पता थी प्रमोद ने ट्यूबेल में लगे पंप के स्टार्टर के कट-आउट का तार निकाला फिर उसके ऊपर का प्लास्टिक का कवर छीलकर अपने दाहिने हाथ में विद्युत के नंगे तार को लपेट लिया फिर पानी के गड्ढे में अपने दोनों पैर को डूबा कर लाईट का इंतजार करने लगा और जैसे ही सुबह लगभग 8.30 लाइट आई पल भर में प्रमोद की करेंट लगने से जान चली गई।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार- पाटन थाना क्षेत्र के चपोध गांव में दिनांक 30 अगस्त 2023 को सूचना मिली कि एक किसान की करेंट लगने से हुई मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का नाम प्रमोद नामदेव जिसकी उम्र 35 वर्ष थी उसकी पत्नी और बच्चे अपने मायके गए हुए थे मृतक सुबह 7 बजे अपनी मां को खेत जाने का बोलकर निकला था काफी समय व्यतीत होने के बाद भी जब प्रमोद घर वापिस नही लोटा तब परिजन उसे देखने खेत पहुंचे और खेत में प्रमोद को मृत अवस्था में देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी,पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवा कर मर्ग कायम कर लिया है और घटना के हर एक पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है।

### युवक ने आर्थिक तंगी की वजह से उठाया यह कदम

चपोध गांव की घटना सुनकर हर कोई व्यक्ति सन्न है लोगों ने बताया कि मृतक की किसी से कोई विवाद नहीं था और न ही कोई कर्ज था और न ही कोई आर्थिक तंगी थी जिसकी वजह से प्रमोद ने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

### सार-समाचार

## डीएसपी सुशील चौहान की सेवानिवृत्ति पर किया अभिनंदन पत्र भेंट

**बरेला,देशबन्धु।** पुलिस विभाग में 36 वर्षों की सेवा करने के उपरांत क्राइम ब्रांच में पदस्थ डीएसपी सुशील चौहान की



सेवानिवृत्ति के अवसर पर पत्रकार संघ द्वारा अभिनन्दनन पत्र भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर पत्रकारकृष्ण कुमार साहू ,पत्रकार, दिनेश सोनी, आशीष शुक्ला अरविंद तिवारी. सभी उपस्थित थे।



## सिरप बेचने से पहले ही पकड़ाया नशे का कारोबारी

### 243 शीशी नशीली कोरेक्स सिरफ की बरामद

**शहडोल, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में अवैध नशे के तस्करों और कारोबारियों के विरूद्ध जिले में पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में देवलोंद पुलिस ने नशे के तस्करों के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए 243 शीशी नशीली कोरेक्स सिरफबरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफएन डी पी एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

देवलोंद पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि नशे का एक सौदागर नशीला कफसिरप की खेप बेचने के लिए लेकर जा रहा है। मुखबिर की इस सूचना के बाद देवलोंद थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने परिहार पेट्रोल पम्प के पास नाकेबंदी कर इस मार्ग से गुजरने वालों की सघन चेकिंग शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस को एक व्यक्ति बोरी लेकर आते दिखा। पुलिस ने इसे रोक कर जब उसका परिचय पूछा तो उसने अपना नाम संतोष जायसवाल उम्र 35 वर्ष निवासी चंदोला बाणसागर बताया। पुलिस ने इसकी तलाशी ली तो उसके पास 243 नग ऑनरेक्स कफ सिरफ बरामद हुआए जिसकी कुल कीमत लगभग 41 हजार 310 रूपए है। पुलिस ने आरोपी संतोष जायसवाल के विरूद्ध एन डी पी एस एक्ट एवं मप्र ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के दिशा निर्देशन में उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवलोंद राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक बीण् केण् प्रजापतिए सउनि ज्ञानदत्त तिवारीए प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र तिवारीए आरक्षक विनोद तिवारी एवं उदय रावत की सराहनीय भूमिका रही।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 सितंबर को

**उमरिया, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 सितंबर को किया गया है । लोक अदालत में विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में छूट प्रदान की जाएगी। प्री लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के प?चात प्रत्येक छमाही चक्र वृध्दि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।



## बघराजी दंगल में पहलवानों ने दिखाए दाव-पेंच, जीते इनाम

**कुंडम, देशबन्धु।** बघराजी सनी स्पोर्टिंग क्लब द्वारा प्रति वर्षा नुसार इस वर्ष भी काजलियो के शुभ अवसर पर दंगल अखाड़े का आयोजन किया गया अखाड़े कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि एडवोकेट डॉक्टर प्रशांत मिश्रा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश संयोजक पंडित विवेक अवस्थी पुलिस चौकी प्रभारी आरती मंडलोई ठाकुर अशोक सिंह श्रीमती जमुना मरावी राधिका प्रसाद सोनी जिला पंचायत सदस्य मुकेश गोटिया पहलवान रामकुमार सोनी मदन लाल बागरी का स्वागत स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी महेंद्र विश्वकर्मा डॉक्टर रजनीश विश्वकर्मा विनीत साहू राजकुमार विश्वकर्मा प्रमोद पटेल ने पुष्प हारो एवं सोफा भेंट कर सम्मान किया। सभी अतिथियों ने पहलवानों को शुभकामनाएं दी फिर अखाड़े में पहुंचकर पहलवानों से हाथ मिलवाकर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया अखाड़े में पहलवानों के बीच 55 कुश्ती संपन्न हुई जिसमें फाइनल चैंपियनशिप कुश्ती गाडर खेड़ा धनपुरी बरेला के योगेश पटेल एवं सिहोरा के सिब्बू सिंह के बीच चैंपियनशिप कुश्ती संपन्न हुई जिसमें कड़े मुकाबले में योगेश पटेल ने शिबू सिंह को अखाड़े की हराकर चैंपियनशिप का खिताब जीता विजेता पहलवान योगेश पटेल को शील्ड एवं नगद राशि प्रदान की गई इस अवसर पर ठाकुर अशोक सिंह मनोज बागड़ी एडवोकेट सत्येंद्र जोगी कमलेश विश्वकर्मा विजय गौतम बी ड़ी मार्को विपत लाल धनगर कुंडम ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष पंडित आशीष मिश्रा विपिन जायसवाल सुरेंद्र साहू मुकेश बर्मन ओम प्रकाश सेन जनपद सदस्य अनूप सिंह मरावी दीपचंद धनगर उमेश बागड़ी सरपंच डबरा अमर सिंहधर्मेंद्र जैस्वाल शिक्षक श्री विजय गौतम सरमन रजक सरपंच नरेंद्र सिंह उप सरपंच अनिरुद्ध सिंह उपसरपंच डबरा सुशील महाराज सरपंच तिलसनी सुरेश सिंह उप सरपंच संजय यादव लकी सोनी राजेश बागड़ी मनोज तेका अकरम खान अरुण साहू जवाहर यादव अभिषेक यादव नवल बरकडे राहुल यादव म पंचायती राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र मरकाम गुड्डू पटेल गणेश बागड़ी सोनू पटेल कपिल मार्को छोटू बागड़ी प्रमोद पटेल जीतू पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

## सहकारिता कर्मियों की हड़ताल से अन्न के दाने-दाने को मोहताज गरीब

### 16 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर सहकारिता कर्मी

**पाटन, देशबन्धु।** प्रदेश के 55 सहकारिता कर्मी 16 अगस्त 2023 से अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है यही वजह है कि पाटन जनपद क्षेत्र की 83 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाली 51 राशन दुकानों एवं निकाय क्षेत्र की 2 राशन दुकानों के सेल्समैन सहकारिता कर्मियों की प्रदेश व्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए है जिसकी वजह से अगस्त माह के आखिरी सप्ताह में पड़ने वाले रक्षा बंधन त्यौहार के मौके पर बेचारे गरीबों को भूखे मरने की नौवत आ गई है। हड़ताल की वजह से राशन डीलर के द्वारा राशन वितरण नहीं किया गया जिसके कारण गरीबों के घर में भोजन नहीं बन पा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि शासकीय रिकार्ड में हर माह की 7 तारीख को जिले की प्रत्येक राशन दुकानों में जिले से राशन पहुंचा दिया जाता है और शासन के निर्देश पर हम 7 तारीख को अन्न उत्सव मनाकर उपभोक्ताओं को राशन वितरण करते है। जबकि सहकारिता कर्मी 16 अगस्त को हड़ताल पर गए थे और हड़ताल से पहले 10 दिन तक पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाली राशन की दुकानों से गरीबों को राशन वितरण किया जा सकता था। लेकिन प्राप्त आंकड़ों के हिसाब से 30 प्रतिशत राशन वितरण किया गया है। जबकि अभी भी 70 प्रतिशत लोगों को राशन नहीं मिला है।

पाटन ब्लाक में 16 समूह को राशन वितरण की स्वीकृति और 7 समूह को मिली विभागीय मंजूरी। पाटन ब्लाक में राशन वितरण अच्छे से हो इसके लिए शासन प्रशासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले महिलाओं के 16 समूहों को राशन वितरण करने की स्वीकृति खाद्य विभाग से मिली थी लेकिन पाटन ब्लाक के गैर ज़िम्मेदार अधिकारियों की वजह से महज 7 समूह को राशन वितरण करने राशन दुकानों का आवंटन किया गया और राजनैतिक उठापटक के चलते अभी भी 9 समूहों को दुकानें आवंटन नहीं की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन ब्लाक में जिन 7 समूहों को राशन वितरण करने की अनुमति खाद्य विभाग ने सौपी थी वे समूह हड़ताल पर नहीं गए और समूह की महिलाओं के द्वारा अपनी- अपनी राशन दुकानों से गरीबों को राशन वितरण किया जा रहा है।

**सहकारिता कर्मियों की मांग**-प्रदेश में 55 हजार सहकारिता कर्मी में से लगभग 75 प्रतिशत कर्मचारी ओवर एज हो चुके है और इनको कम वेतन की चिंता सताने लगी है वही हर माह मिलने वाले राशन स्टॉक में से विभाग के द्वारा 20 प्रतिशत की कटौती करने पर राशन धारकों को कम राशन मिलेगा जिससे हर समय विवाद की स्थिति निर्मित होगी इसके अलावा विभाग के द्वारा करोना कॉल में बिना फिंगर लगाए राशन वितरण करने के निर्देश खाद्य विभाग ने दिए थे और कोविड के समय मशीन ऑनलाइन थी जिसकी वजह से लगभग हर राशन वितरण दुकानों पर 5-6 कुंटल की रिकवरी निकल रही है। इन्ही जायज मांगों को लेकर सहकारिता कर्मी प्रदेश व्यापी हड़ताल पर हैं।

**इनका कहना है**-जब इस संबंध में सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आभा शर्मा से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

## लिपिक की मांगों का मांग पत्र भेजा शासन को

**गोसलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष यू.एस. करौसिया ने बताया है की लिपिकों की मांग का मांग पत्र शासन के नाम का आज तहसील दार जबलपुर को सोपा गया।

सहायक ग्रेड वेतनमान 5200-20200 में 1900 ग्रेड पे के स्थान पर 2800/- ग्रेड पे स्वीकृत किया जावे , समयमान वेतनमान मंत्रालय भोपाल के सामना किए जाने ,लिपिक संवर्गीय लोक सेवको को कम्प्यूटर भता राशि 2500/- प्रतिमाह स्वीकृत किए ,लिपिकवर्गीय लोक सेवको को आगे बढ़ने हेतु विभागीय परीछा एस.ए.एस. पुनः प्रारम्भ की जावे ,अनुकम्पा नियुक्ति में सहायक ग्रेड 3 को सी.पी. सी. टी. से मुक्त रखा जावे। अनुकम्पा नियुक्ति हेतु दिवंगत लिपिकवर्गीय लोक सेवक के आश्रितों को प्राथमिक शिछक एवं प्रयोगशाला सहायक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जावे। नियुक्ति में दिंडी मुद्रलेखन / सी. पी. सी. टी. परीछा उत्रीण कर चुके लिपिकों को नियुक्त दिनांक से नियमित वेतन वृध्दि स्वीकृत की जाए, लिपिकों का पदनाम निम्नानुसार किया जाए, सहायक ग्रेड 1 मुख्य अनुभाग अधिकारी

सहायक ग्रेड 2 वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी सहायक ग्रेड 3 कनिष्क अनुभाग अधिकारी,लिपिकवर्गीय लोक सेवको को केन्द्रीय कर्मचरियो के सामान चिकित्सा सुविधा (केशलैस) प्रदान की जावे । ज्ञापन सौपने के दौरान योगेंद्र दुबे, ब्रजेश ठाकुर, श्री यू.एस. करौसिया, अटल उपाध्याय,अमित नामदेव, राकेश गुर्जर, शबसंत साहू, राकेश सुनामोरिया, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, शप्रथमेश साहू, श्रीमति उषा गायत्री अय्यर, श्रीमती शोभा गुप्ता, श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव, श्रीमती अहिल्या मर्सकोले, श्रीमती अमीषा, संध्या अग्रवाल, मिर्जा मंसूर बेग, रानू प्रिया, अनुपमा सिंह, श्री योगेन्द्र तिवारी, श्री संतोष दुबे, श्री दिलीप कनौजिया, अंजू उपाध्याय, प्रतिभा जैन, नीति व्यास, नर्मदा यादव, नीता शर्मा उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आकर 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** गुरुवार की दरमियानी रात नाथू कोल पिता कंधी कोल निवासी कैम्प उम्र 45 वर्ष कि ट्रेन दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो जाने का समाचार प्रकाश में आया है । घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था जो घर से निकालकर लगभग 9रू10 बजे रात को रेलवे ट्रैक की ओर चला गया रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिस वजह से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर उमरिया पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया पोस्टमार्टम की कार्रवाई पस्चात अंतिम संस्कार हेतु मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। ए एस आई वेद प्रकाश, प्रधान आरक्षक आशीष द्वारा पंचनामा व मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

## हाइवे व पुराने एनएच 7 के हर तिराहे, चौराहों पर आवारा मवेशियों का झुंड, यातायात में परेशानी

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** वर्तमान समय में सिहोरा-कटनी हाईवे की एन एच 30 फोरलेन सड़क मार्ग एवम पुरानी एन एच 7 पर प्रत्येक तिराहे, चौराहों पर आवारा मवेशियों का झुंड लगता है जिससे यातायात में समस्या बढ़ा रखी है।ये मवेशी दिन रात सड़क पर गोबर(मलमूत्र)कर देते हैं, वाहनों के आने जाने से यह गोबर सड़क पर फैल जाता व जगह जगह चिपक जाता है, चिकनाई युक्त होने के कारण दुपहिया वाहन चालक फिसल कर गिर जाते हैं। वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि आवारा मवेशियों के झुंड हाईवे के गांधीग्राम, कुशनेर, बरनु, जुझारी,पहरेवा नाका,चौराहों,तिराहों, डायवर्सन मार्गों,हिरन नदी पुल, बघेला नाला बेधड़क सड़कों पर विचरण करते हैं व घण्टों बैठे रहते हैं, इससे बच्चों, महिलाओं और वृद्धों को सर्वाधिक परेशानी हो रही है।समस्या के साथ ही नागरिकों की परेशानी और बढ़ा देते हैं।

**इन क्षेत्रों में ज्यादा परेशानी**-- राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 की मुख्य सड़क एवम पुरानी एन एच 7 पर झुंड के रूप में आवारा मवेशियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी से नागरिकों की पीड़ा लगातार बढ़ रही है।मवेशियों के कारण घर से निकलना जोखिम भरा रहता है। जानकारी के अनुसार एन एच 30 जबलपुर सिहोरा सड़क मार्ग पर क्रमशः कूड़ा-





कंजई तिराहा गांधीग्राम, कुसनेर, बस स्टैंड गांधीग्राम, उच्च.माध्य. विद्यालय गांधीग्राम,रामपुर, बरनु तिराहा, स्टेशन तिराहा, जुझारी,कछपुरा, मोहतरा,घाट सिमरिया हिरन नदी पुल आदि स्थानों पर दिन व रात के समय आवारा मवेशी गाय बैल की हर वक्त मौजूदगी बड़ी समस्या बनी हुई है मवेशियों की उपस्थिति की वजह से न केवल यातायात प्रभावित होता है अपितु लोग वाहनों से जान जोखिम में डालकर यातायात कर रहे हैं। शासन-प्रशासन द्वारा इस संबंध में समुचित कार्यवाही न किए जाने के कारण समस्या अत्यंत जटिल होती जा रही है।

**मवेशियों की सड़क पर उपस्थिति से परेशानी-एन**- एच 30 मुख्य सड़क मार्ग पर आवारा मवेशियों की उपस्थिति से अनेक बार एक्सीडेंट हो चुके हैं जिसमें दुर्घटना ग्रस्त लोगों की जानें भी जा चुकी है।इन आवारा मवेशियों की वजह से बच्चे महिलाएं एवं वृद्ध असुरक्षित रहते हैं। हर वक्त अनचाही दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।साथ ही ग्राम व शहर की सुंदरता मवेशियों से प्रभावित होती है। शहर के यातायात में बाधक बनते हैं।सड़क दुर्घटना का कारण अधिकांशतः मवेशी होते हैं। सफाई व्यवस्था भी इन्ही के कारण बाधित होती है। ग्रामवासियों ने बताया कि एन एच 30 के किनारे के ग्रामों में बसी जनता व राहगीरों को समस्या से निजात नही मिल रही है।ग्राम पंचायतों को एवं प्रशासन को कर्मचारियों के माध्यम से शहर में मवेशी पकड़ो अभियान जारी कर प्रतिदिन मवेशियों को पकड़कर गोशाला भेजना चाहिए।नागरिकों की सुविधा के लिए ग्राम पंचायतें कोई प्रयास नही कर रही है। शासन वा जिला प्रशासन ने इस संबंध में कड़े आदेश जारी जरूर किए हैं पर अमल नहीं हो रहा है।पशु मालिक भी इन्हें सड़कों पर छोड़ने से बाज नही आ रहे।हाइवे पर से इन मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने की व्यवस्था भी प्रशासन व सम्बंधित विभाग को करना चाहिए।

## झारखंड में ओवैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे का वीडियो वायरल, केस दर्ज

**रांची।** झारखंड के डुमरी विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर एआईएमआईएम की ओर से आयोजित जनसभा में असदुद्दीन ओवैसी की मौजूदगी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाने पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने जांच शुरू कराई है। डुमरी में एआईएमआईएम के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी, मुजफ्फर हसन नूरानी एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जनसभा के लिए इन्हीं लोगों ने प्रशासनिक अनुमति ली थी। इस जनसभा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जनसभा में ओवैसी जब मुसलमानों पर पुलिस जुल्म का आरोप लगाते हुए भाषण दे रहे थे, तब भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। हालांकि ओवैसी ने नारा लगाने वालों को रोकते हुए कहा कि तुम्हें जाकिर ने लाया है क्या ? गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि वीडियो सामने आने पर इसकी जांच कराई गई।

# अब भारत दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है : एस. जयशंकर

## दुनिया के लिए बढ़ता जा रहा है भारत का महत्व

**नई दिल्ली**, (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत ने ऐसे समय में जी20 की अध्यक्षता संभाली है जब भारत, दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। विदेश मंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदू कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत करते हुए कहा, सच तो यह है कि भारत ने ऐसे समय में जी-20 की अध्यक्षता संभाली है, जब दुनिया के लिए भारत का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह दुनिया के लिए आंशिक रूप से हमारी आर्थिक उपलब्धियों के कारण अधिक मायने रखता है क्योंकि अब हम पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं। आज हम वैश्विक कार्यस्थल, वैश्विक प्रतिभा पूल के लिए आवश्यक माने गए हैं। यह मायने रखता है क्योंकि हमने भी आज एक क्षमता का प्रदर्शन किया है। हमने दूसरे देशों की मदद करने की क्षमता प्रदर्शित की है। इसलिए, जी-20 की भारत की अध्यक्षता से अपेक्षाएं और जिम्मेदारियां बहुत असाधारण हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस के जरिए सौर ऊर्जा को





**'यह दुनिया के लिए आंशिक रूप से हमारी आर्थिक उपलब्धियों के कारण अधिक मायने रखता है क्योंकि अब हम पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं।'**

लेकर दुनिया की सोच बदल दी है। आज हम अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के माध्यम से दुनिया की खान-पान की आदतों को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। हमने आपदा प्रतिक्रिया के गठबंधन के माध्यम से आपदाओं का जवाब देने का एक सामूहिक तरीका बनाया है। आज भारत के बारे में पूरी धारणा सिर्फ एक ऐसी जगह नहीं है, जहां प्रौद्योगिकी की ये बड़ी छलांगें लगाई गई हैं, बल्कि यह एक ऐसा देश भी है, जिसे आज वास्तव में वैश्विक प्रगति को आगे बढ़ाने वाले के रूप में देखा जाता है। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि जब एक दिन आप सभी पीछे मुड़कर देखेंगे, तो आप सभी 2023 को भारत के लिए एक बड़े वर्ष के रूप में याद करेंगे, एक ऐसे वर्ष के रूप में जब हमारी जी-20 अध्यक्षता ने हमें दुनिया के मानचित्र पर एक अलग स्थान पर खड़ा किया। चंद्रयान-3 पर विदेश मंत्री ने कहा, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हम शारीरिक रूप से वहां मौजूद थे, लेकिन मानसिक रूप से हम बेंगलुरु में थे, क्योंकि पूरे समय प्रधानमंत्री के साथ-साथ हमारे मन में भी चंद्रयान का ही विचार था। लेकिन, शाम को बातचीत का एक ही विषय था, बातचीत का वह विषय था चंद्रयान-3 की लैंडिंग। उस दिन मेरे लिए सबसे बड़ी संतुष्टि सभी नेताओं की यह भावना थी कि भारत ने यह कर दिखाया है।

# जोहान्सबर्ग में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से 73 की मौत



**52 अन्य आग से झुलसे**

**जोहान्सबर्ग**, (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका की राजधानी जोहान्सबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 73 लोगों की मौत हो गयी है और 52 अन्य झुलस गए हैं। जोहान्सबर्ग आपातकालीन प्रबंधन सेवाओं के प्रवक्ता रॉबर्ट मलाउदज़ी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, श्री मलाउदजी ने कहा , दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 63 लोग मारे गए और 43 अन्य झुलस गए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स', पर कहा, %इस हादसे में 73 लोगों की मौत हो गई है और 52 लोग झुलस गए हैं। खोज और बचाव अभियान जारी है।% श्री मलाउदज़ी ने दिन की शुरुआत में बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने एक्स पर यह भी कहा कि अग्निशमन और बचाव दल घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। इस बीच, साउथ अफ्रीकन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत में लगी थी, जिसमें लोग अवैध रूप से रह रहे थे।

## आज का इतिहास

1573- अकबर ने गुजरात को फतह किया।
1666- लंदन में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हुई और दस हजार इमारतें नष्ट हो गयी।
1775- पहले अमेरिकी युद्ध पोत 'हाना' का जनरल जार्ज वाशिंगटन ने जलावतरण किया।
1989- अमेरिका में राजस्व विभाग बनाया गया।
1926- इटली और यमन के बीच हुए समझौते के तहत लाल सागर तट पर इटली का वर्चस्व कायम हुआ।
1930- 'क्वेश्चन मार्क' नामक विमान ने यूरोप से अमेरिका के लिए बिना कहीं रुके पहली बार उड़ान भरी।
1945- जापान के हार स्वीकार कर लिए जाने के बाद छह साल तक चला दूसरा विश्व युद्ध समाप्त हुआ।
1945- हो ची मिन्ही ने स्वतंत्र वियतनाम गणराज्य की स्थापना की।
1946- जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन।

## सुडोकू 6304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### झारखंड के डुमरी उपचुनाव में तबाही मचाने का नक्सलियों का मंसूबा ध्वस्त, बंकर में रखा गया विस्फोटकों का जखीरा जब्त

रांची। झारखंड के गिरिडीह जिला के डुमरी विधानसभा सीट पर 5 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के दौरान तबाही मचाने का नक्सलियों का बड़ा मंसूबा पुलिस और सुरक्षाबलों ने विफल कर दिया। गुरुवार को चलाए गए स्पेशल सर्च ऑपरेशन के दौरान जिले के खुखरा थाना क्षेत्र के पर्वतपुर इलाके में बंकर में छिपाकर रखा गया विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया। सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि जमीन के नीचे ड्रम और कार्टून में भारी मात्रा में रखे गए हाई एक्सप्लोसिव, कोडेक्स वायर, जिलेटिन, डेटोनेटर सहित कई विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए हैं। माना जा रहा है कि विस्फोटक चुनाव के दौरान पुलिस, सुरक्षा बलों और मतदान पार्टियों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से इकट्ठा करके रखे गए थे।

### ईडी ने केरल सीपीआई (एम) विधायक मोइदीन को किया तलब

कोच्चि। सीपीआई (एम) विधायक और केरल के पूर्व मंत्री ए.सी. मोइदीन द्वारा 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने में असमर्थता व्यक्त करने के एक दिन बाद, जांच एजेंसी ने उन्हें सोमवार को अपने कार्यालय में तलब करते हुए एक और नोटिस दिया। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच से पता चला है कि त्रिशूर में करुवन्नूर सर्विस कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड से 150 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई थी, जहां से मोइदीन ने कुछ साल पहले जिला पार्टी के सचिव के रूप में काम किया था।

# ब्रिटेन ने गैबॉन में असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा की

**लिब्रेविले,** (एजेंसियां)। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने बुधवार को गैबॉन में सत्ता पर असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा की और विद्रोहियों से संवैधानिक सरकार बहाल करने का आह्वान किया। कार्यालय ने वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ब्रिटेन गैबॉन में सत्ता पर असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा करता है और संवैधानिक सरकार बहाल करने का आह्वान करता है। हम मीडिया की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध सहित हाल की चुनावी प्रक्रिया पर उठाई गई चिंताओं को समझते हैं और सभी दलों और नागरिकों से किसी भी चुनावी विवादों का समाधान करने लिए कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करने का आग्रह करते हैं। इससे पहले बुधवार को, गैबोनी के राष्ट्रपति अली बोंगो ओंडिम्बा को 64.2त्न वोट प्राप्त हुए और वह देश के प्रमुख के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए पुनः निर्वाचित हुए। जिसके बाद गैबोनी सेना ने एक टेलीविजन संदेश में चुनाव परिणामों को रद्द करने और सभी संस्थानों को भंग करने की घोषणा की। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, राष्ट्रपति को नजरबंद कर दिया गया जबकि उनके बेटे को हिरासत में लिया गया।

# ताइवान के लिए पहली बार संप्रभु राज्य वित्त कार्यक्रम के अंतर्गत अमेरिकी रक्षा सहायता

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिकी हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने ताइवान के लिए विदेशी सैन्य वित्तपोषण (एफएमएफ) के माध्यम से पहली बार सहायता की घोषणा करने के लिए बिडेन प्रशासन की सराहना की। एफएमएफ कार्यक्रम आमतौर पर संप्रभु राज्यों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लिए आरक्षित है।


मैककॉल ने बुधवार को एक बयान में कहा, मुझे खुशी है कि अमेरिकी प्रशासन ताइवान को एफएमएफ प्रदान करके हमारे द्विदलीय ताइवान एन्हांस्ड रेजिलिएंस एक्ट लागू कर रहा है। ये हथियार न केवल ताइवान की मदद करेंगे और क्षेत्रीय लोकतंत्रों की रक्षा करेंगे बल्कि अमेरिकी निवारक मुद्रा को भी मजबूत करेंगे। मैककॉल ने यह भी कहा कि यह कदम चीन के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी के अनुसार, एफएमएफ रक्षा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीददारी के लिए पात्र भागीदार देशों को दिया जाता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अफ्रीकी संघ ही एकमात्र अन्य गैर-राष्ट्र राज्य है जो एफएमएफ के माध्यम से सैन्य



**चीन के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा यह कदम**

सहायता प्राप्त करता है। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि यह कदम ताइवान के संबंध में अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं लाता है। विदेश विभाग ने बुधवार को कांग्रेस को इस बिक्री से अवगत करा दिया है, हालांकि शुरुआती बिक्री केवल आठ करोड़ डॉलर की अनिर्दिष्ट आपूर्ति है, लेकिन इस कदम से चीन का क्रोधित होना स्वभाविक है। ताइवान 1949 से ही चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से शासित हो रहा है। बीजिंग इसे अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान खुद को एक स्वायत्त इकाई मानता है, लेकिन स्वतंत्रता की घोषणा करने से बचता है।

## वर्ग पहेली 6304




**बायें से दायें:-**

१. वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध०
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. पैसा जमा करना
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि देना
११. पेट, उदर
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

## वर्ग पहेली-6303



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन ने साओला तूफान के मद्देनजर किया रेड अलर्ट जारी

**बीजिंग,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने गुरुवार को साओला तूफान के मद्देनजर देश में रेड अलर्ट जारी किया। चार स्तरीय तूफान चेतावनी प्रणाली में यह सबसे गंभीर चेतावनी है। देश में इस साल के नौवें तूफान को देखते हुए दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में तूफान और भारी बारिश होने का अनुमान है।

वेधशाल ने एक बयान में कहा कि यह तूफान आज सुबह पांच बजे दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के हुइलाई काउंटी से लगभग 330 किमी दक्षिणपूर्व में समुद्र के ऊपर उठा। तूफान के धीरे-धीरे 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की उम्मीद है। राष्ट्रीय वेधशाला ने कहा कि तूफान से शुक्रवार दोपहर या रात को हुइलाई से हांगकांग तक फैले तटीय इलाकों में कहीं भूस्खलन हो सकता है और इसके बाद यह पश्चिम से दक्षिण की ओर बढ़ेगा और पूर्वी गुआंग्डोंग में बिना बरसे गुजर जाएगा। केंद्र ने कहा कि इस अवधि के दौरान फुज़ियान, गुआंग्डोंग और ताइवान के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी और कुछ क्षेत्रों में 100 से 220 मिमी तक बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

# मलेशिया ने स्वतंत्रता की 66वीं वर्षगांठ मनाई

**कुआलालंपुर,** (एजेंसियां)। मलेशिया ने गुरुवार को परेड, आतिशबाजी और बड़े पैमाने पर समारोहों के आयोजन के साथ स्वतंत्रता दिवस की 66वीं वर्षगांठ मनाई।

बुधवार देर रात के हजारों मलेशियाई लोगों ने देशभक्ति गीत गाकर और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस मनाया और इस उत्सव का समापन गुरुवार सुबह पुत्रजया के प्रशासन केंद्र में राजा सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह की देखरेख में परेड के साथ हुआ। इस उत्सव में मलेशियाई सम्राट के साथ प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, कैबिनेट के सदस्य और अन्य अधिकारी शामिल हुए। नर्तकियों और अन्य कलाकारों के अलावा हजारों सैन्य और नागरिक कर्मियों ने स्वतंत्रता परेड में भाग लिया। सुल्तान अब्दुल्ला ने मलेशियाई लोगों को यह याद दिलाया



■ **1957 को मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी**

कि एकता, सद्भाव, जनता की भलाई ही दक्षिण पूर्व एशियाई देश की कुंजी है। गौरतलब है कि 31 अगस्त 1957 को मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी।

# सेनेगल ने नाइजर पर संभावित आक्रमण के लिए तैयारी शुरू की

**डाकार**, (एजेंसियां)। सेनेगल की सेना नाइजर में संभावित सैन्य हस्तक्षेप करने के लिए बेनिन में तैनाती की तैयारी शुरू कर रही है। यह जानकारी सेनेवेब समाचार पोर्टल ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से दी।

रिपोर्ट के अनुसार, सेनेगल की सेना ने सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ मबाये सिसे के निर्देश पर 11 अगस्त को अपनी सेना को एकत्रित किया। देश के हवाई वाहक, एयर सेनेगल ने एकत्रित 900 सैनिकों और सैन्य उपकरणों को बेनिन के शहर कोटोनौ में परिवहन करने का अनुरोध किया है, जो निस्संदेह पश्चिम अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्ल्यूएएस) के बलों के लिए एक रियर बेस जैसा काम करेगा। सेना के एक प्रवक्ता ने पोर्टल से कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि 26 जुलाई को, नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने राष्ट्रपति मोहम्मद बाज़ोम को अपदस्थ कर दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया। गार्ड के कमांडर, जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने खुद को होमलैंड के नेतृत्व वाली सरकार की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया। अधिकांश पश्चिमी देशों के साथ-साथ ईसीओडब्ल्यूएएस ने इसकी निंदा की।

**परेशानी**

## पाकिस्तान में आसमान छू रही महंगाई

# देश में दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे विरोध-प्रदर्शन

**इस्लामाबाद, (एजेंसियां)। पाकिस्तान में विरोध-प्रदर्शन हर गुजरते दिन के साथ गहराता जा रहा है। हजारों लोग उच्च टैरिफ और करों को खारिज करते हुए अपने बिजली बिल जला रहे हैं। जहां हालात तेजी से नियंत्रण से बाहर हो रहे हैं, वहीं पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि उसके हाथ पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बंधे हैं। वित्तीय एजेंसी की सहमति के बिना वह कोई राहत नहीं दे सकती। पाकिस्तान की अंतरिम वित्त मंत्री शमशाद अख्तर का कहना है कि सरकार आईएमएफ कार्यक्रम की जंजीरों से बंधी हुई है। उसे करों को लागू करना है।**



बिजली और गैस दरों में और वृद्धि करनी है। ईंधन की कीमतों को बढ़ाना है और कर आधार भी बढ़ाना है। अंतरिम वित्त मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद डॉ. शमशाद ने पहली पॉलिसी स्टेटमेंट में कहा कि पाकिस्तान एक आयात-निर्भर देश है और कमोडिटी की कीमतों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि हमारे पास राजकोषीय स्थान नहीं है और सब्सिडी के लिए कोई जगह नहीं है, जो लोगों को नुकसान पहुंचाने वाला है - चाहे ईंधन की कीमतों के रूप में हो या बिजली बिल के रूप में। उन्होंने आगे कहा कि हमें वैश्विक बाजारों में ऊंची कीमतों और सब्सिडी के लिए किसी भी राजकोषीय स्थान की उपलब्धता की कमी के संबंध में बिजली और ईंधन की कीमतों में और वृद्धि करनी होगी। हमारे पास अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम पर टिके रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बड़ी बात यह है कि उनका बयान आईएमएफ कार्यक्रम पर वर्तमान सरकार की निर्भरता और लोगों के सामने अपनी बेबसी व्यक्त करने की उनकी मजबूरी को दर्शाता है, जो बिजली के बढ़ते बिलों, ईंधन की बढ़ी कीमतों और लगाए गए करों से गुस्से में हैं। पाकिस्तानी हर दिन देश के सभी हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, सरकार की नीतियों को खारिज कर रहे हैं और अपने बिलों का भुगतान करने से इनकार कर रहे हैं। रावलपिंडी में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम अपने बिलों का भुगतान नहीं करेंगे। हम बिलों को अस्वीकार करते हैं।

हम इन बिलों और इस सरकार को जला देंगे। उन्होंने हमारे लिए महंगाई के जरिए जीवित रहना असंभव बना दिया है। कोई काम नहीं है, कोई व्यवसाय नहीं है, कोई नौकरियां नहीं हैं और आम आदमी अब आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर है। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, लोगों ने आत्महत्या करना शुरू कर दिया है।

# खेल जगत

## 7.99 मी की छलांग के साथ मुरली श्रीशंकर ज्यूरिख डायमंड लीग के फाइनल में

**ज्यूरिख** । भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ डायमंड लीग 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 7.99 मीटर की छलांग लगाई। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरे और चौथे राउंड में श्रीशंकर ने 7.96 मीटर की छलांग लगाई जबकि उनका तीसरा प्रयास फाउल रहा। पांचवें राउंड में भारतीय एथलीट ने 7.93 मीटर की दूरी हासिल की। ज्ञातव्य है कि मुरली श्रीशंकर का लॉन्ग जंप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 8.41 मीटर है, जिसे उन्होंने इसी साल 18 जून को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हासिल किया था। ज्यूरिख डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लम्बी कूद में वर्ल्ड चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने अपने अंतिम प्रयास में 8.20 मीटर की छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया।




# पाकिस्तान के खिलाफ भारत बल्लेबाजों की परीक्षा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




■ भारत के शीर्ष क्रम को अफरीदी व नसीम शाह से चौकस रहने की जरूरत

■ बुमराह और श्रेयस अय्यर का फिट होना भारत के लिए अच्छी खबर

**नई दिल्ली।** अनुभवी कप्तान रोहित शर्मा और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के साथ सदाबहार विराट कोहली जैसे धुरंधर बल्लेबाजों की त्रिमूर्ति के साथ चोट के बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ पालीकेल(श्रीलंका) में वनडे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को ग्रुप ए अपने पहले मैच में भारत की नैया किनारे लगाने का दारोमदार रहेगा। भारत के शीर्ष क्रम में रोहित,शुभमन और विराट की त्रिमूर्ति और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह व हैरिस रउफ जैसे रफ्तार के सौदागरों की त्रिमूर्ति के बीच रोचक संघर्ष मुमकिन है। भारत में अगले महीने आईसीसी वनडे विश्व कप होगा इसलिए इस बार एशिया कप भी वन डे फॉर्मेट के आधार पर ही खेला जाएगा।

दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच इस मैच पर हालांकि बारिश के रंग में भंग डालने की आशंका है। यदि बारिश ने रंग में भंग नहीं डाला तो भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों को बेशक रोमांचक क्रिकेट देखने को मिल सकता है। आसमान छाई बदली और नम मौसम में गेंद को मनचाहे ढंग से स्विंग कराने की कूवत के कारण पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह अफरीदी भारत के शीर्ष क्रम को बिखेर सकते हैं। भारत के शीर्ष क्रम को खासतौर पर पाकिस्तान के रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, हैरिस राउफ जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति से चौकस रहना होगा। हालांकि पाकिस्तान के साथ लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज भी विकेट चटकाने में सक्षम हैं। सच तो यह कम से कम कागजों पर पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण भारत से बीस नजर आता है। फिट होने में जुटे केएल राहुल के पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ उपलब्ध शुरू के दो मैचों उपलब्ध न होने के कारण भारत अपने बल्लेबाजी संयोजन को लेकर असमंजस में हैं। संयोग से भारत के लिए रफ्तार के सौदागर जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर का फिट होना अच्छी खबर है। भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि चोट से उबरने के बाद हल्की चोट के कारण केएल राहुल एशिया कप में शुरू के दो मैचों-पाकिस्तान और नेपाल-के खिलाफ उपलब्ध नहीं होंगे। आईसीसी वन डे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत की खुशकिस्मती है कि उसके पास विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज इशान किशन के रूप में अब केएल राहुल के बढिया विकल्प के रूप में उपलब्ध हैं। भारतीय टीम प्रबंधन को यह मुश्किल फैसला लेना होगा कि वह कप्तान रोहित व शुभमन गिल से पारी का आगाज कराए अथवा ईशान किशन को बल्लेबाजी में पांचवें नंबर पर भेजे। अब श्रेयस के फिट होने से भारत उन्हें तीसरे नंबर पर और विराट कोहली को चौथे नंबर पर उतार कर इशान को पांचवें नंबर पर भेज सकता है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोट के बाद वापसी कर आयरलैंड के खिलाफ उसके घर में भारत को अपनी दूसरे दर्जे की टीम के साथ उतरने के बाद टी-20 सीरीज जिताने के बाद अब पाकिस्तान के खिलाफ गेंद से तथा चोट से पूरी तरह उबर चुके बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बल्ले सें दमदार प्रदर्शन कर भारत के जिताने को बेताब होंगे। बुमराह और श्रेयस यह दर्शाने को भर प्रतिबद्ध होंगे कि रोहित की अगुआई वाली भारतीय टीम अब अपने देश में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी वन डे विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत को दुनिया की नंबर 1 वन डे टीम पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को केएल राहुल के अनुभव की कमी जरूर अखरेगी। भारत ने पाकिस्तान से अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। भारत अंतिम बार जब पाकिस्तान से मैनचेस्टर में 2019 में आईसीसी वन डे विश्व कप में भिड़ा तो तब उसके अब मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने धमाकेदार शतक और कप्तान रहे विराट कोहली तथा केएल राहुल ने अर्द्धशतक जड़े थे। भारत ने तब पाकिस्तान से बारिश से प्रभावित विश्व कप का यह मैच डकवर्थ लुइस नियम आधार पर 89 रन से जीता था। भारत 2017 में अंतिम बार पाकिस्तान से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के रूप में अकेला मैच 280 रन से हारा था। कप्तान बाबर आजम (151)और इफ्तिखार अहमद (अविजित 109)के शतकों और लेग स्पिनर शादाब खान(4/27) और रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी(2/27) के कहर से बेशक पाकिस्तान ने सबसे कमजोर नेपाल को अपने घर मुल्तान में 238 रन से करारी शिकस्त दे दमदार अंदाज किया हो लेकिन भारत के खिलाफ मैच का मिजाज एकदम अलग रहने की उम्मीद है। पाकिस्तान की बल्लेबाजी कप्तान बाबर आजम, फख्र जमां, विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के साथ ऑलराउंडर इफ्तिखार अहमद पर निर्भर करेगी ही ऑलराउंडर शादाब खान और मोहम्मद नवाज में बल्ले से बाजी पलटने का दम है। भारत के लिए सबसे बढिया बात यह है कि अनुभवी जसप्रीत बुमराह का साथ निभाने के लिए मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज , उपकप्तान हार्दिक पांडया के रूप चार तेज गेंदबाज के साथ बाएं हाथ के लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के रूप में किसी भी वक्त विकेट चटकाने का रखने वाले स्पिनर के रूप में संतुलित स्पिन आक्रमण है। खासतौर पर बुमराह,मोहम्मद शमी मैच में शुरू और आखिर के ओवर में रनों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटकाना खूब जानते हैं। भारत के लिए बड़ा सवाल यह होगा कि वह दो लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडरों-रवींद्र जडेजा व अक्षर पटेल के साथ उतरे या फिर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को उतारे। बुमराह, शमी और सिराज पर खासतौर पर पाकिस्तान की बल्लेबाज की रीढ़ माने जाने वाले बाबर आजम, विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान और निचले क्रम में इफ्तिकार अहमद को सस्ते में आउट पैवेलियन लौटा शनिवार को भारत को शुरूआती कामयाबी दिलाने की जिम्मेदारी रहेगी। पाकिस्तान के पास हालांकि फख्र जमा और इमाम उल हक के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी है।

# हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं ले रहे, अब लक्ष्य खिताब जीतना : मनदीप मोर




**नई दिल्ली।** स्ट्राइकर मनिंदर सिंह के दस, उपकप्तान आक्रामक मिडफील्डर मोहम्मद रहील के सात, पवन राजभर और गुरजोत के पांच-पांच , सुखविंदर के चार, कप्तान मनदीप मोर के तीन तथा जुगराज सिंह के एक गोल की बदौलत भारत ने गोल की बारिश कर जापान को सलाला(ओमान) में पुरुष एशियन हाकी 5 विश्व क्वॉलिफायर मे इलीट पूल मैच में बृहस्पतिवार 35-1 से तथा इससे पहले मलयेशिया को 7-5 से करारी शिकस्त दी। जापान के लिए अकेला गोल मासाताका कोबोरी ने खेल खत्म होने से एक मिनट पहले दागा।

भारत के लिए बुधवार रात पाकिस्तान के हाथों 4-5 से हार मानों नींद जगाने वाली साबित हुई। भारत ने अपने इलीट पूल मैचों की समाप्ति पर पांच मैचों में चार जीत और मात्र एक हार के साथ कुल 12 अंकों के साथ दूसरे इलीट सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। पाकिस्तान की टीम मलयेशिया के साथ एक ड्रा और चार जीत के साथ कुल 13 अंकों के साथ पहले सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के लिए मलयेशिया के खिलाफ गुरजोत ने पांच व मनिंदर व रहील ने एक- एक गोल किया। मलयेशिया के लिए कमरूल जमां ने दो तथा अरिफ इशाक, कप्तान अबू इस्माइल, दीन मोहम्मद ने एक-एक गोल किया।

भारत दूसरे सेमीफाइनल में मलयेशिया, जापान अथवा ईरान से शनिवार दोपहर डेढ़ बजे भिड़ेगा। मलयेशिया इलीट पूल चरण में ओमान पर 10-4 की जीत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। पाकिस्तान ने जापान को 26-1से हराया और पूल चरण में अंतिम स्थान पर रहा। भारत के कप्तान मनदीप मोर ने कहा, %हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम को हल्के में नहीं ले रहे। हम मलयेशिया और जापान के खिलाफ खेल कर, इन दोनों टीमों को की ताकत को जान चुके हैं और हमें मालूम है कि हमें इनके खिलाफ क्या करना है।

हम उम्मीदकरते हैं कि यदि हम सेमीफाइनल में इन दोनों के खिलाफ भिड़े तो हमें क्या करना है। ईरान की टीम भी मौजूदा टूर्नामेंट में बढिया फॉर्म में है और हमने उसके मैचों का अध्ययन किया है और हम उसी के मुताबिक रणनीति बनाएंगे। हमारी टीम का लक्ष्य खिताब जीतना है। हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अच्छे रंग में है और हमने बतौर टीम एक इकाई के रूप में अपनी लय पा ली है। मेरा मानना है कि हमारी टीम में खिताब जीतने का मौका है। इससे पहले खिताब का दावा पेश करने के लिए हमें फाइनल में स्थान बनाना होगा। भारत की टीम सेमीफाइनल जीतती है तो उसके फाइनल में जीत खिताब जीतने का मौका होगा। यदि भारतीय टीम सेमीफाइनल हारी तो फिर वह तीसरे -चौथे स्थान के लिए भिड़ेगी।

# पीकेएल सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी स्थगित

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने आगामी सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी को स्थगित कर दिया है। ताकि, राष्ट्रीय टीमों को चीन के हांगझाऊ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए समय मिल सके। यह निर्णय भारत में इस खेल के लिए आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त संस्था, अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) के प्रशासक के अनुरोध पर लिया गया है। खिलाड़ियों की नीलामी पहले 8-9 सितंबर को होने वाली थी।

मशाल स्पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा, एशियाई खेलों में कबड्डी प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की चल रही तैयारियों को देखते हुए हमें एकेएफआई प्रशासक से पीकेएल सीज़न 10 खिलाड़ी नीलामी को स्थगित करने का औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ है। मशाल और एकेएफआई का मानना है कि यह भारतीय कबड्डी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। पीकेएल सीजन-10 खिलाड़ी नीलामी के स्थगित होने पर परामर्श के हिस्से के रूप में, मशाल ने एकेएफआई प्रशासक को उस योजना और तैयारियों के बारे में जानकारी दी जो पीकेएल टीमों, पीकेएल प्रसारण भागीदार और मशाल स्पोर्ट्स ने 8-9 सितंबर की पूर्व निर्धारित तारीखों के लिए की है।

मशाल स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, प्रशासक ने हमारी 12 टीमों और ब्रॉडकास्टर सहित सभी पीकेएल हितधारकों ने इस बदलाव को स्वीकार किया है और उसकी सराहना की है। मशाल स्पोर्ट्स अब पीकेएल टीमों और पीकेएल के प्रसारण भागीदार स्टार स्पोर्ट्स के परामर्श से पीकेएल सीजन-10, खिलाड़ियों की नीलामी की अगली तारीखों की घोषणा करेगी।

# रोहन बोपन्ना-अल्डिला सुत्जियादी की जोड़ी यूएस ओपन के दूसरे दौर में




**न्यूयार्क।** भारत के टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंडोनेशियाई की अल्डिला सुत्जियादी की मिश्रित जोड़ी ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2023 में अपने शुरुआती राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में प्रवेश किया। रोहन बोपन्ना और अल्डिला सुत्जियादी की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने न्यूयॉर्क के यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में जर्मनी के एंड्रियास मिज़ और रूसी खिलाड़ी वेरा ज्वोनारेवा पर 7-5, 6-2 से जीत दर्ज कर दूसरे राउंड में प्रवेश किए। हले सेट में करीबी मुक़ाबला खेलने के बाद बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने निर्णायक ब्रेक प्वाइंट जीत कर पहले सेट को अपने नाम कर लिया। दूससे सेट में भारतीय-इंडोनेशियाई जोड़ी ने 3-0 की बढ़त के साथ दूसरे सेट की शुरुआत की। इस सेट में भी बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा और 67 मिनट तक चले मैच को सीधे सेटों से जीत कर प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में पहुंच गए।

रोहन बोपन्ना ने 2018 के एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अल्डिला सुत्जियादी के साथ पहली बार जोड़ी बनाई है। 28 वर्षीय अल्दिला ने फ्रेंच ओपन और विंबलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैथ्यू ऐबडेन ने भी गुरुवार को पुरुष युगल के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। विंबलडन 2023 के सेमीफाइनल में पहुंची इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का शुक्रवार को दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन और एंड्री गोलुबेव की रूसी-कजाख जोड़ी से मुक़ाबला होगा।

यूएस ओपन पुरुष युगल ड्रॉ में, भारत के युकी भांबरी और उनके ब्राजीलियाई साथी मार्सेलो डेमोलिनर को पहले राउंड में नौवीं वरीयता प्राप्त पोलिश जोड़ी जान ज़िलेंस्की और ह्यूगो निस से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत के साकेत माइनेनी और उनके रूसी साथी असलान करातसेव को भी पुरुष युगल के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा था और यूएस ओपन 2023 से बाहर हो गए थे।

# हर पाकिस्तानी गेंदबाज के खिलाफ भारत को बनानी होगी विशेष योजना : हेडन



**मुबंई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2023 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों को पड़ोसी मुल्क के हर गेंदबाज के साथ विशेष योजना के साथ मैदान पर उतरना होगा।

स्टार स्पोर्टस के गेम प्लान कार्यक्रम में हेडन ने कहा भारत पाकिस्तान की खतरनाक तिकड़ी शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह के खिलाफ खेलने उतरेगा। मैं आपको बता सकता हूं कि यह सबसे मसालेदार मुकाबलों में से एक होने वाला है। तीन अलग-अलग तरह के और अनोखे गेंदबाजों के लिए टीम इंडिया को अनोखी योजना की जरूरत है। यहां कैंडी की परिस्थितियों में काफी उछाल है, इसलिए आपको विशेष रूप से हारिस रऊफ से बेहद सतर्क रहना होगा। शाहीन की उस गेंद को हम कभी नहीं भूलेंगे जो उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा को फेंकी थी, इसलिए शाहीन अफरीदी के खिलाफ थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। विशेषकर पहले तीन ओवर भारतीय बल्लेबाजी की दिशा तय करेंगे। उन्होने कहा मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाज नसीम जैसे खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक खेल में सफल हो सकते हैं। उसे दबाव में रखें, ऐसा महसूस करें कि आप खेल में सबसे आगे हैं। हालाँकि, कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि टीम इंडिया ही जीतेगी। मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी में गहरायी और उत्तम दर्जे की बल्लेबाजी लाइनअप है। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने कहा विराट कोहली पाकिस्तान के प्रत्येक गेंदबाज के खिलाफ विशेष रणनीति अपनाएंगे। पिछली बार जब ये दोनों देश खेले थे, तो विराट एक विशेष पारी लेकर आए थे और हारिस रऊफ के खिलाफ खेला गया वह शॉट लंबे समय तक क्रिकेट प्रेमियों की यादों में रहेगा। कुल मिलाकर विराट की भूमिका इस बार भी भारत के लिहाज से काफी अहम होने वाली है।

# मुझे पसंद है कि पाकिस्तान को कम आंका जाए : वसीम अकरम



**नई दिल्ली।** दिग्गज गेंदबाज और पूर्व कप्तान वसीम अकरम पाकिस्तान टीम के हालिया प्रदर्शन से काफी खुश नजर आ रहे हैं और उन्होंने इस सफलता का श्रेय टीम की कड़ी मेहनत को दिया। इन दिनों बाबर आजम की टीम वनडे और टी20 दोनों में दमदार खेल रही है। अकरम ने कहा कि वो नहीं चाहते कि एशिया कप में प्रबल दावेदार होने का बोझ टीम के प्रदर्शन पर पड़े।

इसलिए, उनका मानना है कि टीम को हार-जीत पर नहीं केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप के बाद एशिया कप में प्रवेश किया और नेपाल के खिलाफ अपना पहला मैच जीता। फॉक्स स्पोर्ट्स से बात करते हुए अकरम ने टीम पर अपने विचार व्यक्त किए और टीम के प्रदर्शन से खुश दिखे। अकरम ने बताया, मुझे पसंद है कि पाकिस्तान को कम आंका जाए, या अंडरडॉग्स कहा जाए। मैं नहीं चाहता कि वे प्रबल दावेदार के रूप में जाएं। अगर आप कम महत्वपूर्ण टीम हैं, तो आपके पास मौका है और पाकिस्तान टीम की सही तैयारी चल रही है। उन्होंने आगे कहा, जहां तक तैयारी की बात है, शारीरिक तैयारी, मानसिक तैयारी, परिस्थितियों, पिचों, मौसम से अभ्यस्त होना और सभी तैयारी सही रास्ते पर है। एक टीम के रूप में वो खुश दिखते हैं, सुलझे हुए नजर आते हैं और उन्हें जीत भी मिल रही है। इसलिए, सब कुछ ठीक चल रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वे प्रबल दावेदार हैं। नेपाल पर 238 रनों की शानदार जीत के साथ पाकिस्तान ने अपने एशिया कप अभियान की विजयी शुरुआत की। पाकिस्तान के मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया यह मैच एकतरफा रहा। अब बाबर की टीम की टक्कर भारत से है। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान 2 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से भिड़ेगा, जिसकी नजर टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत करने पर होगी।

# पेरिस ओलंपिक में खिताब बचाने की होगी चुनौती : नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली।** भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में उन्हे अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार कर खिताब बचाने की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नीरज ने कहा, अगले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक का बचाव करना बड़ी चुनौती होगी। टोक्यो ओलंपिक में पहला खिताब जीतना चुनौती थी और अब इसका बचाव करना इससे भी बड़ी चुनौती होगी। मुझे पता है कि हर देश का एथलीट पूरी तैयारी के साथ आयेगा। इसलिए दवाब बनना तो तय है क्योंकि मुझसे करोड़ो भारतीयों की उम्मीदें बंधी होंगी । उन्होने कहा कि इसके लिये जरूरी है कि मैं खुद को फिट बनाये रखूं और चोटों से बचा रहूं। मेरी कोशिश रहेगी कि मै अपना खिताब बचाने में सफल रहूं और इसके लिए जितनी भी मेहनत करने की जरूरत होगी, मैं करूंगा। '' गौरतलब है कि बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीतने के बाद नीरज ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब दोनों जीतने वाले इतिहास के तीसरे भाला फेंक एथलीट बन गये हैं। उनसे पहले जेलेज्नी और नार्वे के आंद्रियास थोरकिल्डसन ने लगातार ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे। जेलेज्नी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक स्वर्ण जबकि 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे जबकि थोरकिल्डसन ने 2008 ओलंपिक और 2009 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते थे। नीरज गुरुवार को ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे।

## डायमंड लीग में नीरज को दूसरा स्थान

**ज्यूरिख।** ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को जैवलिन थ्रो में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ ज्यूरिख डायमंड लीग चैंपियनशिप 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया। चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 85.86 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर 85.04 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर है, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। इस परिणाम के साथ ही 2023 सीज़न में नीरज चोपड़ा का लगातार जीत हासिल करने का सिलसिला भी समाप्त हो गया। ज्यूरिख प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले, भारतीय भाला फेंक एथलीट ने दोहा और लुसाने में डायमंड लीग चरण में जीत हासिल की थी। इसके अलावा उन्होंने बुडापेस्ट में हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में 80.79 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की, लेकिन उनका दूसरा और तीसरा प्रयास फाउल हो गया। पहले राउंड में एडिस माटुसेविसियस के अलावा कोई अन्य भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से अधिक दूरी तय नहीं कर सका, जिन्होंने 81.62 मीटर का थ्रो करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जैकब वाडलेच के अलावा वेबर जूलियन का भी पहला थ्रो फाउल रहा। हालांकि, दूसरे प्रयास में वेबर जूलियन (84.75 मीटर) ने शानदार वापसी की और पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा जैकब वाडलेच (83.46 मीटर) और ओलिवर हेलांडर (81.63 मीटर) ने भी बेहतरीन वापसी की।

## सार संक्षेप

### तुर्की का भारोत्तोलक प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी

**जिनेवा।** अर्मेनिया में इस साल की यूरोपीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 81 किग्रा में रजत पदक हासिल करने वाले तुर्की के बटुहान युकसेल को प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड ऑक्सीमिथोलोन के सेवन का दोषी माना गया है। अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह निष्कर्ष तुर्की की भारोत्तोलक टीम की पेरिस 2024 की ओलंपिक यात्रा को खतरे में डाल सकता है। यह तीन महीने में तीसरी घटना है जब एक तुर्की भारोत्तोलक को डोपिंग उल्लंघन का सामना करना पड़ा है। तुर्की के अलावा कजाकिस्तान, यूक्रेन और तुर्कमेनिस्तान अन्य देश हैं जिनके भारोत्तोलक पिछले एक साल में डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाये गये हैं। युकसेल (23) का 28 जुलाई को आईटीए द्वारा एक गैर-प्रतिस्पर्धा परीक्षण किया गया था। अप्रैल में, आईटीए ने खुलासा किया कि दो तुर्की एथलीट, हकन कुर्नाज़ और पेलिनसु बायव ने स्टेरॉयड मेथैस्टरोन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था।

### अवनि, युवराज विश्व एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में भाग लेने वाली गोल्फर अवनि प्रशांत, जिनका सीज़न सनसनीखेज रहा है, अक्टूबर में विश्व एमेच्योर टीम चैंपियनशिप (डब्ल्यूएटीसी) में महिलाओं के लिए एस्पिरिटो सैंटो ट्रॉफी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने 25 से 28 अक्टूबर तक अबु धाबी में होने वाले प्रतिष्ठित शौकिया गोल्फ कार्यक्रम के लिए अन्य दो खिलाड़ियों के रूप में निश्ना पटेल और मन्नत बरार को भी चुना है। वर्ष की शुरुआत में क्वीन सिरिकिट कप व्यक्तिगत खिताब की विजेता अवनी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने लेडीज यूरोपियन टूर के एक्सेस टूर पर एक प्रो इवेंट में खिताब जीता है। वह एलईटी एक्सेस टूर पर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

## सुडोकू 6304 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 |

| SENSEX | BSE | 65387.16 ▲ 555.75 | NSE | 19435. 30 ▲ 181.50 | MCX | Gold 59520 ▲ 146 | silver 74799 ▲ 656 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## मूडीज ने जीडीपी दर का अनुमान बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार बनी हुई है। इसकी धमक अब दुनिया में भी सुनाई देने लगी है। रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भी मजबूत आर्थिक गति को देखते हुए 2023 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर शुक्रवार को 6.7 प्रतिशत कर दिया। मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में कहा, मजबूत सेवाओं के विस्तार तथा पूंजीगत व्यय ने भारत की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को प्रेरित किया। इसलिए हमने भारत के लिए अपने 2023 कैलेंडर वर्ष के वृद्धि का अनुमान 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।



# शेयर बाजार गुलजार, सेंसेक्स 556 अंक उछला

## निवेशकों की एक दिन में 3 लाख करोड़ की कमाई

***मुंबई।*** *ग्लोबल संकेतों और मजबूत जीडीपी के आंकड़ों का असर शुक्रवार को भारतीय बाजार पर देखने को मिला। एनर्जी, मेटल और आईटी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स ने 556 अंकों की बड़ी छलांग लगाई जबकि निफ्टी ने एक बार फिर 19,400 का स्तर हासिल कर लिया।*

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 555.75 अंक यानी 0.86 प्रतिशत चढ़कर 65,387.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 19,435.30 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 181.50 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,435.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शानदार तेजी लौटने से निवेशकों की संपत्ति एक दिन में करीब 3 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।



**एनटीपीसी के शेयरों में सबसे बड़ी तेजी** - सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी में सर्वाधिक 4.84 प्रतिशत की तेजी देखी गई। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, नेस्ले और एलएंडटी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,अनुकूल वैश्विक संकेतों, उम्मीद से बेहतर घरेलू विनिर्माण आंकड़े और सकारात्मक जीडीपी आंकड़े आने से घरेलू बाजारों में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान प्रमुख विनिर्माण उद्योगों से जुड़े शेयरों में तेजी रही।

**वैश्विक बाजारों में अच्छी तेजी** - एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजारों में बढ़त के साथ कारोबार चल रहा था। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी का माहौल रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.26 प्रतिशत चढ़कर 87.92 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 2,973.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की थी।

# हवाई सफर होगा महंगा, एविएशन फ्यूल के बढ़े दाम



***नई दिल्ली।*** *विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत में शुक्रवार को 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। इस तरह लगातार तीसरी बार विमान ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। दूसरी ओर, होटल और रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 157.50 रुपये प्रति सिलेंडर कम की गई है।*

दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले एक वाणिज्य सिलेंडर की कीमत अब 1,522.50 रुपये है। सरकारी ईंधन खुदरा कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में विमान टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत प्रति किलोलीटर 13,911.07 रुपये या 14 प्रतिशत बढ़कर 1,12,419.33 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। इसकी कीमतें विभिन्न राज्यों में स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्द्धित कर (वैट) के आधार पर अलग-अलग होती हैं। तेल की वैश्विक कीमतों में वृद्धि के कारण विमान ईंधन महंगा हुआ है। इससे पहले एक अगस्त और एक जुलाई को भी कीमत में वृद्धि की गई थी।



# कमर्शियल सिलेंडर 157 रुपये हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** आज एक बार फिर गैस सिलेंडर के दाम में कटौती की गई है. हालांकि ये कटौती कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में की गई है. सरकारी तेल कंपनयों ने एक सितंबर को कमर्शियल यूज वाले सिलेंडर की कीमतों को अपडेट कर दिया है. जिसमें 19 किलो वाले सिलेंडर के दाम में 157 रुपये की कमी की गई है. इस बदलाव के बाद देश की राजधानी नई दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1522.50 रुपये हो गई है. इससे पहले बढ़ोतरी के साथ चार जुलाई को 1780 रुपये कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम पहुंच गए थें. मंगलवार को रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपये घटा दिए गए थे. सरकार के इस नए फैसले के बाद अब एलपीजी सिलेंडर (14.2 किलो) की कीमतों में बड़े बदलाव हुए हैं. देश की राजधानी दिल्ली में अब 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलेंडर 903 रुपये में बिक रहे हैं. ग्राहकों को अब पहले के मुकाबले 200 रुपये सस्ती कीमत पर सिलेंडर मिलने लगे हैं.

# चलन से हटाए गए 2000 रुपये के 93 फीसदी नोट बैंकों में वापस आए-आरबीआई



***नई दिल्ली।*** *भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि चलन से हटाए गए 2,000 रुपये मूल्य के कुल 93 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।*

रिजर्व बैंक के एक बयान के मुताबिक, बैंकों से मिले आंकड़ों से पता चलता है कि 31 अगस्त, 2023 तक बैंकों में जमा 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.32 लाख करोड़ रुपये था। इसका मतलब है कि 31 अगस्त, 2023 को 2,000 रुपये के 0.24 लाख करोड़ रुपये के नोट ही चलन में थे। प्रमुख बैंकों से एकत्रित आंकड़े बताते हैं कि 2,000 रुपये के करीब 87 प्रतिशत नोट बैंकों में जमा कराए गए जबकि 13 प्रतिशत नोटों को अन्य मूल्य वर्ग के नोटों से बदला गया। गौरतलब है कि 31 मार्च, 2023 को चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोट का कुल मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपये था, जो 19 मई 2023 को इन्हें वापस लिए जाने की घोषणा के समय घटकर 3.56 लाख करोड़ रुपये हो गया था। आरबीआई ने लोगों से 2,000 हजार रुपये के नोट को 30 सितंबर, 2023 तक बैंकों में जमा कराने या अन्य मूल्य वर्ग के नोट के साथ बदलवाने का अनुरोध किया है।

### जमा करने का सितम्बर आखिरी महीना

भारतीय रिजर्व बैंक ने लोगों के लिए अपने 2000 रुपये के बैंक नोट जमा करने या बदलने के लिए 30 सितंबर, 2023 की समय सीमा तय की है। यदि आप आने वाले महीनों में ऐसा करने की योजना बना रहे हैं, तो बैंक जाने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आपके राज्य में कोई बैंक अवकाश है या नहीं। सितंबर में कुल 16 दिन ऐसे होंगे जब बैंक विभिन्न कारणों से बंद रहेंगे। इसमें हर रविवार और महीने के दूसरे और चौथे शनिवार की छुट्टियां शामिल हैं। साथ ही गणेश चतुर्थी, ईद-ए-मिलाद और जन्माष्टमी की भी छुट्टियां रहेंगी। इनमें से कुछ नेशनल छुट्टियां हैं, यानी देश के सभी बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, कुछ छुट्टियां केवल स्थानीय या क्षेत्रीय रूप से मनाई जाती हैं, इसलिए उन दिनों केवल कुछ राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

# सोना-चांदी की कीमतों में आई गिरावट



***नई दिल्ली।*** *सोना-चांदी के खरीदारों के लिए खुशखबरी है. सोने और चांदी की कीमतों में आज भी गिरावट देखने को मिली है. कमजोर ग्लोबल ट्रेंड के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में आज (शुक्रवार) 1 सितंबर, 2023 को सोने और चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है.*

दस ग्राम सोना सस्ता होकर 60,150 रुपये का हो गया है. एक किलो चांदी की दरों में भी कमी आई है और अब यह 77,100 रुपये में बिक रही है. दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 100 रुपये घटकर 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था.इसी तरह दिल्ली में चांदी की कीमत भी 400 रुपये लुढ़ककर 77,100 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई.

विदेशी बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,942 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी गिरावट के साथ 24.50 डॉलर प्रति औंस रही.

**गोल्ड ईटीएफ में आया 298 करोड़ का निवेश** - गोल्ड ईटीएफ में अप्रैल-जून की तिमाही में 298 करोड़ रुपये का निवेश आया है. इससे पहले लगातार तीन तिमाही के दौरान गोल्ड ईटीएफ से निकासी देखने को मिली थी. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि रिपोर्टिंग तिमाही में गोल्ड ईटीएफ के एसेट बेस और इनवेस्टर एकाउंट या फोलियो की संख्या में वृद्धि हुई है।

# अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 1.44 लाख करोड़ रुपये, पिछले साल के मुकाबले 11 फीसदी का इजाफा

*नई दिल्ली। अगस्त में एक बार फिर जीएसटी कलेक्शन शानदार रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल के अगस्त के महीने के मुकाबले इस साल अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 11 प्रतिशत बढ़ा है।*

रिपोर्ट्स के अनुसार जीएसटी कलेक्शन अगस्त के महीने में 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा है। जुलाई की तुलना में यह कम है।

**जुलाई में कितना था जीएसटी कलेक्शन** - सरकारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई के महीने में जीएसटी कलेक्शन 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा था। जोकि सालाना आधार पर 11 प्रतिशत अधिक था। यह पांचवी बार था जब जीएसटी कलेक्शन 1.60 करोड़ रुपये से अधिक रहा है। त्योहारों का सीजन फिर से शुरू हो रहा है। जिससे लोग बढ़-चढ़कर खरीदारी करेंगे। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि आने वाले महीनों में जीएसटी कलेक्शन और बेहतर रहेगा।



राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा, जून तिमाही में जीएसटी राजस्व 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। इसका मतलब है कि टैक्स - जीडीपी अनुपात 1.3 से अधिक है।

## सरकार ने छह राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू की जीएसटी पुरस्कार योजना

**गुरुग्राम।** जीएसटी पुरस्कार योजना मेरा बिल, मेरा अधिकार शुक्रवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई। केंद्र और राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में पुरस्कार राशि के लिए 30 करोड़ रुपये का कोष तय किया है। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा कि योजना के लिए मोबाइल ऐप को अब तक 50,000 से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि 'मेरा बिल, मेरा अधिकार' जीएसटी लकी ड्रा छह राज्यों में पायलट आधार पर शुरू किया जा रहा है और पुरस्कार राशि में केंद्र तथा राज्य समान रूप से योगदान करेंगे। मल्होत्रा ने कहा,जीएसटी से नागरिकों, ग्राहकों और सरकारों को फायदा हुआ है। राजस्व हर महीने बढ़ रहा है और केंद्र तथा राज्य यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आए हैं कि जीएसटी के तहत कर दरें कम हों। उन्होंने कहा कि आज औसत जीएसटी दर 12 प्रतिशत है, जबकि इसकी पेशकश के वक्त इसके 15 प्रतिशत रहने का अनुमान था। चालू वित्त वर्ष में हर महीने औसत जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। सरकार ने शुक्रवार को असम, गुजरात और हरियाणा राज्यों तथा पुडुचेरी, दादरा नगर हवेली और दमन-दीव केंद्र शासित प्रदेशों में एक सितंबर से पायलट आधार पर 'मेरा बिल, मेरा अधिकार' योजना शुरू की। इस योजना के तहत हर महीने 810 लकी ड्रा होंगे। हर तिमाही में दो बंपर लकी ड्रॉ होंगे। ग्राहक अपने जीएसटी बिल ऐप के जरिए अपलोड करके इस योजना में शामिल हो सकते हैं और लकी ड्रॉ के जरिए पुरस्कार जीत सकते हैं। मासिक ड्रॉ में 800 लोगों को 10,000 रुपये का पुरस्कार और 10 लोगों को 10 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रत्येक तिमाही में एक करोड़ रुपये का एक बंपर ड्रा होगा।


# आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने पेश किया आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक अभिनव आय योजना, आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो लॉन्च की है, जो ग्राहकों को साल-दर-साल बढ़ती आय या निरंतर नियमित आय प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करती है। इसके अलावा, इस गैर-भागीदारी बचत उत्पाद का जीवन कवर घटक यह सुनिश्चित करता है कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा मिले।

आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को अन्य लचीलेपन के साथ-साथ आय लाभ और प्रीमियम भुगतान शर्तों का विकल्प प्रदान करके उत्पाद को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित करने की अनुमति देता है। सुनिश्चित दीर्घकालिक आय के साथ, आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को एकमुश्त लाभ प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करता है। ग्राहकों के पास एकमुश्त लाभ के रूप में भुगतान किए गए प्रीमियम के 100 प्रतिशत तक की कोई भी राशि चुनने और लाभ प्राप्त करने का समय भी चुनने की सुविधा है। इस सुविधा के साथ, ग्राहक जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थर के लिए योजना बना सकते हैं, जैसे कि एक घर का मालिक होना, प्रियजनों के लिए एक स्थायी विरासत छोड़ना, या एक बड़ा सेवानिवृत्ति कोष बनाना। यह सुविधा संपन्न उत्पाद यह भी सुनिश्चित करता है कि आय अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की मृत्यु के मामले में नामांकित व्यक्ति को आय प्राप्त होती रहेगी। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो प्रभावी रूप से ग्राहकों को लघु और दीर्घकालिक दोनों आय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो 5 से 12 साल तक प्रीमियम भुगतान शर्तों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों को उनकी सुविधा और लक्ष्य समयरेखा के अनुसार बचत करने में मदद मिलती है। साथ ही 8वें साल से उन्हें 30 साल तक की आय मिलनी शुरू हो सकती है।

# चीनी की मिठास होगी कम, शुष्क मौसम ने बढ़ाई चीनी की कीमत

***नई दिल्ली।*** *भारत तथा दूसरे चीन उत्पादक देशों में अल नीनो प्रभाव के कारण मौसम शुष्?क रहने से वैश्विक स्?तर पर चीनी के दाम इस साल 40 प्रतिशत बढ़ गये हैं। एसएंडपी जीएससीआई कृषि सूचकांक का हवाला देते हुये राबो बैंक की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।*



रिपोर्ट में कहा गया है कि गेहूं और मक्का दोनों के वायदा भाव में उल्लेखनीय गिरावट आई है।अमेरिकी अनाज के रकबे में सात साल में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि के साथ बड़े पैमाने पर ब्राजीलियाई मकई की रिकॉर्ड फसल, और काले सागर से महत्वपूर्ण गेहूं निर्यात प्रवाह की निरंतरता से कीमतों में कमी आई हैएसएंडपी जीएससीआई कृषि सूचकांक में माह दर माह आधार पर दो प्रतिशत की नरमी दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गेहूं और मक?के के विपरीत चीनी, कोको, रोबस्टा कॉफ़ी और ऑस्ट्रेलियाई गेहूं के लिए मौसम का जोखिम अधिक बना हुआ है, क्योंकि अल नीनो का प्रभाव अधिक स्पष्ट हो गया है। भारत विशेष रूप से काफी शुष्क हो रहा है, जिससे चीनी की कीमत बढ़ रही है।रिपोर्ट के अनुसार, चीनी के मामले में प्रभाव अधिक तत्काल हो सकता है। अल नीनो थाईलैंड, भारत और ऑस्ट्रेलिया को सामान्य से अधिक शुष्क बना सकता है। ब्राजील के बाद ये तीन सबसे बड़े निर्यातक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अल नीनो के प्रभाव की आशंका से इस साल अब तक दाम 40 प्रतिशत बढ़ चुके हैं। भारत और थाईलैंड पहले से ही शुष्क हैं, और उत्पादन अनुमान को संशोधित कर घटाया गया है। भारत के प्रमुख चीनी उत्पादक क्षेत्र महाराष्ट्र में जलाशयों में पानी की कमी के कारण 2024-25 सीज़न में फसल प्रभावित होने की आशंका है। चीनी की तरह, कॉफी बाजार पर भी गहरा असर पड़ सकता है, क्योंकि वियतनाम दुनिया में सबसे बड़ा रोबस्टा उत्पादक है और इंडोनेशिया तीसरे नंबर पर है। वियतनाम में अधिकांश कॉफी फार्म सिंचित हैं, लेकिन इंडोनेशियाई फार्म सिंचित नहीं हैं। स्पष्ट रूप से, वर्ष की शुरुआत में रोबस्टा के दाम में देखी गई तेजी में अल नीनो प्रभाव का भी असर था। कोको के मामले में पश्चिम अफ्रीका में सूखापन (वैश्विक कोको निर्यात के 70 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार क्षेत्र) और अल नीनो के बीच थोड़ा सा संबंध है। निश्चित रूप से, 2015-16 सीज़न में यही स्थिति थी, जब एक मजबूत अल नीनो के कारण पश्चिम अफ्रीकी उत्पादन कमजोर हो गया था।

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60650 चांदी टंच- 75200 चांदी रिफाइन -76100

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60650 चांदी टंच- 75200 चांदी रिफाइन -76100

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 71 |
| एक यूरो | 89. 71 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104. 79 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53· 60 |
| एक जापानी येन | 0· 56 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 136 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 138 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-140 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 73 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# डिंडौरी में बांध निर्माण के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामीण



## भाजपा नेता को सुनाई खरी-खोटी, जबलपुर-अमरकंटक हाईवे पर जाम लगाकर किया विरोध

**डिण्डौरी, देशबन्धु।** संभाग के डिंडौरी में बांध निर्माण को लेकर लोगों ने लामबंद होकर विरोध जताया। आक्रोशित लोगों ने जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर जाम लगाया। बताया जा रहा है कि बांध बनने से 52 गांव के हजारों लोग विस्थापित होंगे। मौजूद लोगों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को प्रदर्शनकारियों ने खरी-खोटी सुनाई।

बांध बनने से प्रभावित सैंकड़ों ग्रामीणों ने शुक्रवार को जबलपुर अमरकंटक नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया। इस दौरान ग्रामीणों ने हाईवे पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसके चलते हाईवे पर घंटों तक आवागमन पूरी तरह से ठप्प हो गया। राघोपुर और मरवारी ग्राम के बीच नर्मदा नदी पर बांध बनाया जाना प्रस्तावित है। बांध निर्माण के लिए सर्वे का काम भी शुरू हो गया है। जिसका विरोध ग्रामीण लंबे समय से कर रहे हैं।

बांध बनने से करीब 52 गांव विस्थापित होंगे। जिसके कारण बांध से प्रभावित 52 गांवों के लोग बांध के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे किसी भी कीमत पर बांध नहीं बनने देंगे। साथ ही प्रभावित ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का अल्टीमेटम भी दिया है। बांध के खिलाफ हाईवे पर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया को ग्रामीणों ने खूब खरी खोटी सुनाई। प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रामीणों को बांध नहीं बनाये जाने का आश्वासन दे रहे थे, तभी किसी बात को लेकर ग्रामीण जिलाध्यक्ष पर भड़क गए, विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस और अधिकारियों ने किसी तरह विवाद को शांत करा लिया। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी लगते ही एसडीएम मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने के प्रयास किया।

ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। वहीं, घंटों से हाईवे पर जाम के कारण मुसाफिर बेहद परेशान नजर आये। जाम के चलते एम्बुलेंस और स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



## अल्प प्रवास पर डुमना विमानतल पहुंचे मुख्यमंत्री

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का शुक्रवार की दोपहर डुमना एयरपोर्ट आगमन पर भाजपा नेताओं ने आत्मीय स्वागत किया गया। श्री चौहान दोपहर लगभग 12.45 बजे ट्रांजिट विजिट पर भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना पहुंचे थे। विमानतल पर मुख्यमंत्री का स्वागत विधायक सुशील कुमार तिवारी इंदु, पूर्व मंत्री शरद जैन, अंचल सोनकर, अभिलाष पाण्डे, शरद अग्रवाल व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं आदि ने किया।

इस अवसर पर संभागायुक्त अभय वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी भी डुमना विमानतल पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री डुमना विमानतल पर कुछ देर रुकने के बाद हेलीकॉप्टर द्वारा सीधी जिले के ग्राम नौधिया रवाना हुए।

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
FREE FREE FREE FREE
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

## पीएससी चेयरमैन सहित अन्य को अवमानना नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश का पालन न होने के मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने अवमानना मामले में मप्र लोक सेवा आयोग के चेयरमैन राजेश लाल, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव रश्मि अरुण समी, प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन भरत खेरा, उप सचिव विभूति नारायण शुक्ला सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह अवमानना का मामला शहडोल निवासी सहदेव सिंह मरावी की ओर से दायर किया गया। जिसमें कहा गया कि अवमानना याचिकाकर्ता ज्वाइंट डायरेक्टर के पद पर पदस्थ है। उसकी एडिशनल डायरेक्टर के पद पर पदोन्नति अपेक्षित है। जिसको लेकर पूर्व में याचिका दायर की गई थी। जिस पर न्यायालय ने 60 दिनों के भीतर आवेदक के दावे पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के निर्देश दिये थे। लेकिन निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं उनसे कनिष्ठ अधिकारी को पदोन्नत कर दिया गया, जबकि आवेदक का नाम एसटी कैटेगिरी की मैरिट सूची में था।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 132
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 134
छोटा ब्रॉयलर - रु. 136
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 140
मुर्गा मीडियम - रु. 138
मुर्गा बड़ा - रु. 136
मुर्गा जम्बो - रु. 136
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER
RS. @ 100/- (CONDITIONS APPLY)
OMG-2 10:30 AM 04:30 PM 10:30 PM
LOVE ALL 02:15 PM
DREAM GIRL 2 10:00 AM 12:30 PM 03:00 PM 04:30 PM 05:45 PM 08:15 PM 10:55 PM
GADAR-2 10:00 AM 01:00 PM 04:15 PM 07:30 PM 10:45 PM
JAILER IN HINDI 11:00 PM
TEENAGE MUTANT IN HINDI 12:15 PM
KHUSHI IN HINDI 01:30 PM IN TELUGU 07:30 PM
THE EQUILIZER- 3 IN HINDI 10:00 AM 07:00 PM 09:00 PM

66 नये दीनदयाल रसोई केन्द्रों का शुभारंभ एवं 38505 आवासहीनों को पट्टा वितरण
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कर-कमलों द्वारा
2 सितम्बर, 2023
प्रातः 10:00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल
अब मिलेगी 10 रु. के स्थान पर 5 रु. प्रति थाली
सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें
QR CODE
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11094/23
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023